


दैनिक

# राष्ट्रीय प्रसार

Title Code : DELHIN28238 RASHTRIYA PRASAR

दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश व बिहार में प्रसारित /(प्रधान संपादक पवन यादव)

वर्ष : 2 , अंक : 36 पृष्ठ : 12 | नई दिल्ली, मंगलवार, 12 अक्टूबर 2021 | दिल्ली से प्रकाशित हिन्दी दैनिक प्रातः कालीन समाचार पत्र | www.rashtriyaprasar.in | rashtriyaprasar@gmail.com | मूल्य :- ₹2/-




# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बोरिस जॉनसन के बीच तालिबान और वैक्सीन सर्टिफिकेट पर हुई चर्चा



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके ब्रिटिश समकक्ष बोरिस जॉनसन ने सोमवार को तालिबान समेत कई मुद्दों पर बात की। पीएम मोदी ने खुद ट्वीट कर जानकारी दी कि सोमवार को भारत-ब्रिटेन संबंधों के लिए रोडमैप 2030 की प्रगति की समीक्षा की गई।

दोनों शीर्ष नेताओं ने अफगानिस्तान में मौजूदा स्थिति के बारे में भी बात की। डाउनिंग स्ट्रीट के एक प्रवक्ता ने कहा कि दोनों देश तालिबान के साथ एक समन्वित अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण की आवश्यकता पर सहमत हुए। साथ ही अफगानिस्तान में मानवाधिकारों को बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन से बातचीत के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट भी किया। प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन से बात करके खुशी हुई। हमने भारत-यूके एजेंडा 2030 पर प्रगति की समीक्षा की। ग्लासगो में आगामी सीओपी-26 के संदर्भ में जलवायु परिवर्तन पर विचारों का आदान-प्रदान किया और अफगानिस्तान सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने-अपने आंकलन साझा किए।

### इन दिनों कतर में है तालिबान का एक प्रतिनिधिमंडल

बता दें कि अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ता की के नेतृत्व में तालिबान का एक प्रतिनिधिमंडल वर्तमान में कतर में है, जहां अमेरिका सहित कई देशों के साथ बातचीत की जा रही है, इस बातचीत का उद्देश्य अफगानिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता दिलाना और लगभग 10 बिलियन डॉलर की संपत्ति पर रोक हटाने की मांग करना है। अमेरिकी विदेश विभाग का कहना है कि एक अंतर-एजेंसी प्रतिनिधिमंडल ने 9-10 अक्टूबर के दौरान दोहा में तालिबान प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। सुरक्षा और आतंकवाद की चिंताओं पर ध्यान केंद्रित, अमेरिकी नागरिकों, विदेशी नागरिकों और अफगानिस्तान में मानवाधिकारों के लिए सुरक्षित मार्ग इस बातचीत का मुख्य केंद्र बिंदु था। अमेरिका ने कहा कि वह सीधे अफगान लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करना जारी रखेगा। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने दोहराया कि तालिबान को केवल उसके शब्दों पर नहीं, बल्कि उसके कार्यों पर आंका जाएगा।

### 2030 रोडमैप पर हुई प्रगति का स्वागत

भारत ने विश्व समुदाय से कहा है कि वह तालिबान को मान्यता देने में जल्दबाजी न करें, क्योंकि यह समावेशी नहीं है और अफगानिस्तान में इसकी स्थापना बिना बातचीत के बनी है। वहीं, फोन पर बातचीत के दौरान पीएम मोदी और बोरिस जॉनसन ने समग्र भारत-ब्रिटेन संबंधों पर चर्चा की और 2030 रोडमैप पर हुई प्रगति का स्वागत किया। दोनों शीर्ष नेताओं ने एचएमएस क्वीन एलिजाबेथ के नेतृत्व में यूके कैरियर स्ट्राइक ग्रुप की भारत की आगामी यात्रा और द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी पर भी बात की। जॉनसन ने आगामी शिखर सम्मेलन से पहले जलवायु परिवर्तन पर ठोस प्रगति को रेखांकित किया और कहा कि भारत पहले से ही अक्षय प्रौद्योगिकी में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। इसके अलावा जॉनसन और पीएम मोदी ने कोरोनो वायरस बीमारी के खिलाफ साझा लड़ाई और अंतर्राष्ट्रीय यात्रा को सावधानीपूर्वक खोलने पर भी चर्चा की। दोनों नेता इस बात से सहमत थे कि यूके द्वारा भारतीय वैक्सीन प्रमाणन की मान्यता एक स्वागत योग्य कदम है।

## खास ख़बर

### महाराष्ट्र बंद: मुंबई की नौ बसों को पहुंचा नुकसान

**मुंबई, (एजेंसी)।** बीते दिनों उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में किसानों के साथ हुई हिंसा के चलते अलग-अलग जगहों पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को महाराष्ट्र को बंद रखा गया। इस बंद के दौरान कई शहरों और जिलों में सोमवार को विरोध प्रदर्शन किए गए। जहां मुंबई में नौबसें जला दी गई वहीं, पुणे में बाइक रैली निकाली गई। सत्तारूढ़ महाविकास अघाड़ी के सोमवार को राज्य व्यापी बंद के आह्वान के दौरान बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रासंपोर्ट (बेस्ट) की नौ बसों को नुकसान पहुंचाया गया। महाराष्ट्र बंद का आह्वान दरअसल, उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में हुई किसानों की हत्या का विरोध करते हुए सोमवार को महाराष्ट्र बंद का आह्वान किया गया है, लेकिन इस बंद का असर कुछ और ही नजर आया। इस दौरान सभी दुकानें तो बंद कर दी गई हैं, लेकिन कुछ इलाकों में हिंसा होती नजर आई।

### संजय सिंह पर हमला भाजपा की कायराना हरकत : आप

**लखनऊ,(एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा कि 300 यूनिट बिजली फ्री, बकाया बिल माफ अभियान से योगी सरकार घबरा गई है। अंबेडकरनगर के जलालपुर में सोमवार को प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह के साथ हुई कायराना हरकत भाजपा के इसी डर का परिणाम है। सभाजीत सिंह ने बताया कि यूपी के आंबेडकरनगर के जलालपुर में सभा करने पहुंचे आप के प्रदेश प्रभारी संजय सिंह पर हुआ हमला दुखद है। उग्र लोगों ने उनके वाहन पर हमला करते हुए काले झंडे दिखाए और नारेबाजी की। उधर, सांसद संजय सिंह ने ट्वीट करके इस घटना में तिरंगे पर फेंकी गई काली स्याही को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से माफी मांगने की मांग की।

### राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने 30 तक बढ़ाई प्रवेश तिथि

**प्रयागराज(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में सत्र जुलाई 2021-22 में प्रवेश के लिए सभी जागरूकता कार्यक्रम, प्रमाण पत्र कार्यक्रम, डिप्लोमा कार्यक्रम, पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम, स्नातक एवं परास्नातक कार्यक्रम में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अक्टूबर 2021 कर दी गई है। प्रवेश प्रभारी डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने प्रवेश के इच्छुक शिक्षार्थियों की मांग पर 30 अक्टूबर तक प्रवेश तिथि आगे बढ़ाई है। प्रदेश में विवि के प्रयागराज, लखनऊ, बरेली, आगरा, मेरठ, कानपुर, झांसी, नोएडा, आजमगढ़, वाराणसी, गोरखपुर तथा अयोध्या क्षेत्रीय केंद्र से संबंधित सभी अध्ययन केंद्रों के समन्वयकों को निर्देशित किया गया है कि वह केंद्र पर आने वाले सभी अभ्यर्थियों का 30 अक्टूबर तक प्रवेश तय करें। ऐसे प्रवेशार्थी जिन्होंने विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रवेश के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है, क्षेत्रीय केंद्र समन्वयक प्रवेश अनुभाग से संपर्क करके उनका प्रवेश तय कराएं, जिससे लंबित प्रवेश प्रक्रिया का निस्तारण किया जा सके। इसके लिए अध्ययन केंद्रों पर आने वाले प्रवेशार्थियों को विवि की प्रवेश प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जाए।

### उत्तराखंड के परिवहन मंत्री यशपाल आर्य बेटे सहित कांग्रेस में शामिल

**देहरादून, (एजेंसी)।** उत्तराखंड विधान सभा चुनाव से पहले भाजपा को तगड़ा झटका लगा है। परिवहन मंत्री यशपाल आर्य और उनके विधायक बेटे संजीव आर्य सोमवार को दिल्ली में कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। कांग्रेस की सदस्यता लेकर दोनों नेताओं ने घर वापसी कर ली है। दिल्ली में कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला, अभा कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव की उपस्थिति में प्रेस वार्ता में यशपाल और संजीव आर्य ने वापसी की। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल और पूर्व सीएम हरीश रावत भी मौजूद रहे।

### सुरक्षा बलों ने शोपियां एनकाउंटर में 3 आतंकवादियों को मार गिराया

जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में मंगलवार को एक मुठभेड़ के दौरान लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) - द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के कम से कम तीन आतंकवादी मारे गए हैं। पुलिस ने बताया कि उनके पास से आपत्तिजनक हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं। कश्मीर जोन पुलिस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया, शोपियां एनकाउंटर अपडेट- लश्कर (टीआरएफ) के तीन आतंकवादी मारे गए। पहचान का पता लगाया जा रहा है। हथियारों और गोला-बारूद सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। तलाशी जारी है। सोमवार को शोपियां के इमामसाहब इलाके के तुलरान में मुठभेड़ शुरू हो गई थी।

### उच्च न्यायालयों के सात जजों का तबादला

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की मंजूरी के बाद सोमवार को केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने विभिन्न उच्च न्यायालयों के सात जजों के तबादले की अधिसूचना जारी की। राष्ट्रपति ने सीजेआई एनवी रमना की सिफारिश पर जजों के तबादलों को मंजूरी दी। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग की ओर से सोमवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के जस्टिस राजन गुप्ता, कर्नाटक हाईकोर्ट के जस्टिस पीबी बजंथरी और राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा को पटना हाईकोर्ट में तबादला किया गया है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस टी एस सिवज्ञानम को कलकत्ता, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस सुरेश्वर ठाकुर को पंजाब एवं हरियाणा, तेलंगाना हाईकोर्ट के जस्टिस टी अमरनाथ गौड़ को त्रिपुरा और इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस सुभाष चंद को झारखंड हाईकोर्ट में तबादला किया गया है।

अमेरिका और अफगानिस्तान के नए शासक वर्ग के बीच दोहा में हुई पहली बैठक

# तालिबान नहीं देगा आईएस के खिलाफ अमेरिका का साथ



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद अमेरिका और अफगानिस्तान के नए शासक वर्ग के बीच पहली बैठक कतर की राजधानी दोहा में हुई। दो दिवसीय वार्ता के दौरान अमेरिकी वार्ता दल में विभिन्न सरकारी एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। तालिबान के साथ लंबी बातचीत में शामिल जलमई खलीलजाद मौजूदा अमेरिकी टीम का हिस्सा नहीं हैं। खलीलजाद अफगानिस्तान के लिए अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि हैं। अमेरिकी वार्ता दल में अमेरिकी विदेश विभाग, अमेरिकी सहायता एजेंसियों और खुफिया एजेंसियों के सदस्य शामिल थे। विदेश विभाग के उप विशेष प्रतिनिधि टॉम वेस्ट और यूएसएआईडी अधिकारी सारा चार्ल्स प्रतिनिधिमंडल में विशेष रूप से प्रमुख हैं।

बातचीत के दौरान दोनों पक्षों ने आतंकी समूह इस्लामिक स्टेट को नियंत्रित करने को मौजूदा अफगान सरकार के लिए अहम मुद्दा बताया। अफगानिस्तान में विदेशियों की निकासी को भी वार्ता में शामिल किया गया। तालिबान विदेशियों को निकालने में लचीला होने पर सहमत हो गया है। इस्लामिक स्टेट की चुनौती तालिबान ने शनिवार को अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक से पहले यह स्पष्ट कर दिया कि बैठक से अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल को यह स्पष्ट हो जाएगा कि वे जिहादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) को नियंत्रित करने के मुद्दे को खुद हल करेंगे।

### अमेरिका से फ्रीज संपत्ति तुरंत बहाल करने का अनुरोध

तालिबान सरकार का बयान तब आया जब इस्लामिक स्टेट ने शुक्रवार 8 अक्टूबर को उत्तरी अफगान शहर कुंदुज में एक शिया मस्जिद में नमाजियों पर आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली। आत्मघाती हमलावर ने कम से कम 60 लोगों की जान ले ली और दर्जनों अन्य घायल हो गए। दोहा बैठक में तालिबान प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख और अंतरिम विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी ने अमेरिका से अपने देश की फ्रीज हुई संपत्ति को तुरंत बहाल करने का अनुरोध किया, ताकि उनके उपयोग से देश और उसके लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। अफगानिस्तान के अंतरिम विदेश मंत्री का बयान कतर स्थित अरब टेलीविजन स्टेशन अल जजीरा द्वारा प्रसारित किया गया था। कोरोना वैक्सीन की पेशकश अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के अंतरिम विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी ने भी कहा कि अमेरिका ने काबुल सरकार को कोरोना वैक्सीन की पेशकश की थी। यह बात मुत्तकी ने बैठक के बाद अल जजीरा संवाददाता से कही।

### दोनों देशों के बीच संबंधों में नया अध्याय शुरू करने पर ध्यान केंद्रित

उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच संबंधों में एक नया अध्याय शुरू करने पर भी ध्यान केंद्रित किया। इससे पहले अमेरिका से उनके जाने पर अमेरिकी अधिकारियों ने अफगानिस्तान को मानवीय सहायता में सुधार करने का संकेत दिया था। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि वह तालिबान सरकार के प्रतिनिधियों से लोगों की बेहतरी के लिए प्राथमिकता के आधार पर कदम उठाने को कहेगा। अमेरिका और अन्य पश्चिमी देश तालिबान सरकार को मानवीय सहायता देने के मुद्दे पर एक भी बिंदु पर सहमत नहीं हैं।

# लखनऊ में प्रियंका गांधी वाड्रा ने रखा मौन व्रत

### कांग्रेस महासचिव ने की केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा की बर्खास्तगी की मांग




**लखनऊ, (एजेंसी)।** लखीमपुर कांड में केंद्रीय गृहराज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी की बर्खास्तगी की मांग करते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने लखनऊ में मौन व्रत रखा। जीपीओ स्थित गांधी प्रतिमा स्थल पर प्रियंका ने मौन व्रत के साथ धरना दिया है।

धरने के दौरान सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक प्रियंका के साथ प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू और विधानमंडल दल नेता अराधना मिश्र मोना, एमएलसी दीपक सिंह, कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य प्रमोद तिवारी, पूर्व मंत्री और मीडिया विभाग के चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी समेत पार्टी के तमाम बड़े नेता मौजूद थे। मौन व्रत शुरू करने से पहले प्रियंका गांधी ने कहा कि किसानों के साथ लखीमपुर में हृदय विदारक घटना हुई है। सरकार आरोपियों को बचाने में लगी रही। ऐसा कभी नहीं हुआ, जैसा भाजपा राज में हो रहा है। योगी सरकार उम्भा, हाथरस, उन्नाव, गोरखपुर लखीमपुर में आरोपियों के साथ खड़ी रही। वाराणसी में रविवार को किसान न्याय रैली में उमड़ी भारी भीड़ से उत्साहित प्रियंका गांधी ने लखनऊ के हजरतगंज में जीपीओ पार्क प्रांगण में गांधी प्रतिमा के पास मौन व्रत का ऐलान किया था।

# ओएफबी के कॉर्पोरेटाइजेशन के बाद शुरू होंगी सात अलग-अलग कंपनियां

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



दशहरे के दिन रक्षामंत्री करेंगे उद्घाटन

देश के लिए गोला-बारूद से लेकर टैंक और तोप बनाने वाली ओर्डनेंस फैक्टरी बोर्ड (ओएफबी) के कॉर्पोरेटाइजेशन के बाद अब 15 अक्टूबर यानि दशहरा के दिन ओएफबी की सात अलग-अलग कंपनियां का शुभारंभ किया जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दशहरा पर शस्त्र-पूजा के साथ ही इन सातों कंपनियों को लॉन्च करेंगे। ओएफबी की कुल 41 फैक्टिरियां और 70 हजार कर्मचारी हैं, जो अब एक बोर्ड की बजाए सात कंपनियों यानि डिफेंस-पीएसयू (पब्लिक सेक्टर यूनिट) से जुड़े होंगे।

सभी 41 फैक्टिरियां को जो सात कंपनियों में बांटा गया है, वे हैं यानि गोला-बारूद से जुड़ी म्यूनेशन इंडिया लिमिटेड, राइफल, मशीनगन, तोप इत्यादि हथियार से जुड़ी एडवांस वैपन एंड इक्युपमेंट लिमिटेड, टैंक, बीएमपी और ट्रक से जुड़ी आर्मर्ड व्हीकल्स (अवनी), सैनिकों की यूनिफॉर्म और टेंट इत्यादि से जुड़ी ट्रूप कम्फर्ट लिमिटेड, ओप्टो-इलेक्ट्रोनिक्स से जुड़ी ऑपटिक्ल लिमिटेड, पैराशूट ग्रुप और एनसेलेरी-ग्रुप से जुड़ी यंत्र सिस्टम और लिडर्स इंडिया. लिमिटेड।

### कंपनियों को काम करने की स्वायत्ता मिलने के साथ दक्षता और जवाबहेदी होगी तय

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, कॉर्पोरेटाइजेशन से ओएफबी की काम करने की शैली में बदलाव आएगा। इससे कंपनियों को काम करने की स्वायत्ता मिलने के साथ-साथ काम करने में दक्षता और जवाबहेदी भी तय होगी। इस कदम से ओएफबी का उत्पादन बढ़ेगा और लाभदायक कंपनियां बनेंगी। इसके अलावा मार्केट में कॉम्पीटिशन भी बढ़ेगा।

### 70 हजार सिविल-डिफेंस कर्मचारियों को दिलाया भरोसा

केंद्र सरकार ने कॉर्पोरेटाइजेशन को मंजूरी देते हुए ओएफबी के सभी 70 हजार सिविल-डिफेंस कर्मचारियों को भरोसा दिलाया है कि किसी की भी छंटनी नहीं की जाएगी। सभी 41 फैक्टिरियां में काम करने वाले ए,बी और सी ग्रुप के कर्माचरियों को दो साल के लिए इन कॉर्पोरेट कंपनियों में डेप्यूटेशन पर भेज दिया जाएगा और उनकी केंद्र सरकार के कर्मचारी नियमों में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। आपको बता देंगे कि दो साल पहले सरकार ने जब कॉर्पोरेटाइजेशन की प्रक्रिया शुरू की थी तो ओएफबी की सभी फैक्टिरियां हड़ताल पर चली गई थी, लेकिन सरकार के भरोसा दिलाने पर वापस काम पर लौट आई थीं।

# मंत्री गजेंद्र बहादुर ने देउबा मंत्रिमंडल से दिया इस्तीफा



**काठमांडू, (एजेंसी)।** नेपाल के उद्योग, वाणिज्य और आपूर्ति मंत्री गजेंद्र बहादुर हमाल ने अपनी नियुक्ति पर विवाद के कारण मंत्रिमंडल में औपचारिक रूप से शामिल किए जाने के 48 घंटे बाद रविवार को इस्तीफा दे दिया। सूत्रों के अनुसार, हमाल ने अपना इस्तीफा प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को सौंप दिया, जिन्होंने इसे स्वीकार कर लिया। नेपाली कांग्रेस के जिला स्तर के नेता हमाल के बारे में खबरें आई थी कि उन्हें मुख्य न्यायाधीश

### नेपाल में फिर संकट, उथल-पुथल शुरू

चोलेंद्र शमशेर राणा की सिफारिश पर मंत्री नियुक्त किया गया, जो उनके बहनोई लगते हैं।

हमाल को मंत्री बनाए जाने से नेपाली कांग्रेस के भीतर भी उथल-पुथल शुरू हो गई और कई सदस्यों ने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों को कम करने वाला कदम बताया। हमाल संसद के निचले या उच्च सदन के सदस्य भी नहीं हैं। हालांकि, संविधान में एक प्रावधान है कि कोई भी छह महीने की अवधि के लिए कैबिनेट सदस्य बन सकता है, भले ही वह सांसद न हो।

हमाल ने अपने त्यागपत्र में लिखा है कि वर्तमान में, विभिन्न मीडिया में आई खबरों ने मेरी नियुक्ति को गलत तरीके से प्रस्तुत किया है और इस तरह की खबरों ने लोकतंत्र, कानून के शासन और राज्य के अंगों के बीच शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत के लिए मेरे वर्षों के संघर्ष को कमतर दिखाया है।

# आर्यन के सपोर्ट में आईं महबूबा

### बोलीं- खान होने की मिल रही सजा



**श्रीनगर, (एजेंसी)।** सोमवार को जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने एक बार फिर से केंद्र पर निशाना साधा है। महबूबा ने लखीमपुर खीरी हिंसा के आरोपी आशीष मिश्रा और ड्रग्स केस में गिरफ्तार हुए आर्यन खान को लेकर मुस्लिमों से भेदभाव का मसला उठाया है। बता दें कि इससे दो दिन पहले ही महबूबा ने केंद्र पर खुद को नजरबंद किए जाने को लेकर निशाना साधा था। महबूबा ने सोमवार को ट्वीट किया कि चार किसानों की हत्या के आरोपी केंद्रीय मंत्री के बेटे के खिलाफ कार्रवाई कर के मिसाल पेश करने की बजाय, केंद्रीय एजेंसियां एक 23 साल के लड़के के पीछे सिर्फ इसलिए पड़ी हैं, क्योंकि उसका सरनेम खान है। भाजपा के कोर वोट बैंक की इच्छाओं को पूरा करने के लिए मुस्लिमों को निशाना बनाया जाना न्याय का मजाक है।

**फिलहाल न्यायिक हिरासत में है आर्यन खान :** बता दें कि मुंबई से गोवा के लिए रवाना हुए एक जहाज में चल रही रेव पार्टी में एनसीबी ने रेड की थी। इस पार्टी में शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान भी मौजूद थे। फिलहाल आर्यन खान न्यायिक हिरासत में है और उनकी बेल अर्जी खारिज हो चुकी है।

# जस्टिस बिंदल बने इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

**लखनऊ (एजेंसी)।** न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की शपथ ली। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में आयोजित समारोह में सुबह 11 बजे उनको पद तथा गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर राजभवन के गांधी हाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी तथा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे।

हाईकोर्ट के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल का कार्यकाल लगभग दो वर्ष का होगा।

### राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दिलाई शपथ

इलाहाबाद हाईकोर्ट में 26 जून 2021 से जस्टिस एमएन भंडारी कार्यवाहक चीफ जस्टिस के रूप में काम कर रहे हैं। जस्टिस बिंदल का जन्म 16 अप्रैल 1960 को हरियाणा के अंबाला शहर में हुआ। इन्होंने 1985 में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री प्राप्त की थी। एक अधिवक्ता के रूप में करियर की शुरुआत सितंबर 1985 में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय से की।

# राजस्व बढ़ाने प्रयागराज मंडल कर रहा बेहतर प्रदर्शन : चंद्रा

**प्रयागराज, (एजेंसी)।** सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा ने पत्रकारों से चर्चा में मंडल द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष में अर्जित की उपलब्धियों एवं भविष्य कि कार्य योजनाओ के संदर्भ में बताया।


मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि नई दिल्ली-हावड़ा मुख्य मार्ग के 750 किमी के गाजियाबाद प. दीनदयाल उपाध्याय खंड को सेवित करने वाला प्रयागराज मंडल भारतीय रेल के सबसे महत्वपूर्ण मंडलों में से एक है। प्रयागराज मंडल में 300 यात्री गाड़िया चल रही है, लगभग 224 ट्रेनें 130 किमी प्रति घंटे की गति पर चल रही हैं। राजस्व अर्जन में भी प्रदर्शन उत्साहजनक रहा है और हमने वितीय वर्ष 2021 -22 के अप्रैल से सितंबर के दौरान कोचिंग से 392 और माल लदान से 284 करोड़ अर्जित कर कुल 716 करोड़ अर्जित किए हैं, यह पिछले वित्तीय वर्ष में अर्जित 292 करोड़ की तुलना में 145 प्रतिशत अधिक है।

**आयोजन**

सीडीएस प्रमुख रावत ने दिया सशस्त्र बलों को मजबूत करने पर जोर, कहा

# भारतीय निजी उद्योग क्षेत्र के आगे आने की जरूरत

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत ने सोमवार को कहा कि भारतीय निजी उद्योग क्षेत्र को देश के सशस्त्र बलों की अभियान संबंधी क्षमताओं को बढ़ाने अत्याधुनिक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी तथा उत्पाद मुहैया कराने की दिशा में काम करना होगा। शांति और संघर्ष, सभी क्षेत्रों में अभियान चलाने की हमारी क्षमता के लिए अंतरिक्ष और साइबर क्षेत्र महत्वपूर्ण बन गए हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) इसके लिए नेतृत्व करता रहेगा। साथ ही देश तथा सशस्त्र बलों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए निजी उद्योगों को सहभागिता के साथ आगे बढ़ना होगा। जनरल बिपिन रावत ने कहा कि सशस्त्र बल इस बात को लेकर विश्वस्थ हैं कि भारतीय उद्योग युद्ध जीतने की क्षमताओं के लिए उत्पाद और न्यू टेक्नोलॉजी के साथ अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियां प्रदान करेंगे।

बिपिन रावत इंडियन स्पेस एसोसिएशन समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह अंतरिक्ष क्षेत्र के उद्योग जगत का एक संगठन है जिसमें भारती एयरटेल, लार्सन एंड टूब्रो, अग्निकुल, ध्रुव स्पेस तथा कावा स्पेस जैसी कंपनियां शामिल हैं। जनरल रावत ने कहा कि भारत में निजी उद्योगों के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र के द्वार खोलना निश्चित रूप से ऐतिहासिक निर्णय है।

### निजी उद्योगों के लिए नई टेक्नोलॉजी अपनाने का है वक्त

उन्होंने कहा कि अवधारणा है कि उच्च खोजपूर्ण अंतरिक्ष क्षेत्र, अनुसंधान और विकास गतिविधियां, नई प्रौद्योगिकियां, मानव अंतरिक्ष उड़ानें आदि इसरो के कार्यक्षेत्र में हैं, वहीं कई अंतरिक्ष उत्पादों के साथ तकनीकी नवाचारों को निजी उद्योग द्वारा अपनाना एक ऐसा विचार है जिसका समय अंततः आ गया है। इस पहल से भारत को आने वाले वर्षों में नए वैश्विक अंतरिक्ष केंद्र के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी।

# ग्रामवासियों को मिलेगा चौपाल की सुविधा का लाभ- राजेंद्र जून

### विधायक राजेंद्र जून ने खेड़ी जसोर में सौंदर्यीकरण के बाद रिबन काटकर चौपाल ग्रामवासियों को समर्पित की



**प्रदीप वर्मा,बहादुरगढ़/राष्ट्रीय प्रसार ।** चौपाल की सुविधा मिलने से ग्रामवासियों को सामूहिक व निजी कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एक उपयुक्त स्थान उपलब्ध हो गया है। ग्रामवासी चौपाल की सुविधा का लाभ ले। यह बात कांग्रेस विधायक राजेंद्र सिंह जून ने सोमवार को हलके के गांव खेड़ी जसोर में पंडितों वाली चौपाल का सौन्दर्यकरण होने के उपरांत रिबन काटकर उद्धघाटन कर जन सुविधा हेतु चौपाल ग्रामवासियों को समर्पित करते हुए कही । चौपाल में पहुंचने पर ग्रामवासियों ने फूल मालाएं पहनाकर विधायक राजेंद्र जून का स्वागत किया तथा बुजुर्गों ने हलके की सेवा करते रहने का आशीर्वाद दिया। पंडित खेमचंद ने गांव की तरफ से विधायक राजेंद्र सिंह जून का पगड़ी बांधकर सम्मान किया। बिंदर प्रधान ने विधायक को चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर मौजूद ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि आप लोगों ने तीसरी बार विधायक बनाकर जो जिम्मेदारी मुझे सौंप रखी है उसे निभाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा। लोगों ने पंडितों वाली चौपाल पर ऊपरी तल बनवाने की मांग विधायक से की। विधायक ने कहा कि वह एस्टीमेट बनवाकर पंडितों वाली चौपाल पर ऊपरी भवन बनवाने की मांग पूरी करेंगे। इस अवसर पर विधायक राजेंद्र सिंह जून ने ग्रामवासियों की समस्याएं भी सुनी। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि खेड़ी जसोर व जसोरखेड़ी की पीएचसी में स्टाफ की कमी है। पीएचसी में दवाइया भी नही मिलती। डिलीवरी की सुविधा नही है। डिलीवरी के लिए शहर जाना पड़ता है। स्टाफ सहित दवाइया व डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। विधायक राजेंद्र जून ने कहा कि वे स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर पीएचसी से संबंधित सभी समस्याओं का समाधान कराएंगे। खेड़ी जसोर के लोगों ने पिछले 3 महीने से पेंशन नही मिलने की समस्या विधायक को बताई। विधायक ने संबंधित अधिकारी को फोन कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। विधायक ने चौपाल में मौजूद ग्रामवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि केंद्र की बीजेपी सरकार ने लोगों से काला धन वापिस लाने और सभी देशवासियों के बैंक खाते में 15 -15 लाख रुपये डालने सहित अनेक लोक लुभावने वादे कर सरकार बनाई और सरकार बनते ही वादों को पूरा करने की बजाय जीएसटी , महंगाई, डीजल, पेट्रोल व रसोई गैस के दाम बढाकर लोगों को आर्थिक रूप से कमजोर करने का काम किया है। विधायक राजेंद्र जून ने कहा कि केंद्र की बीजेपी सरकार की तरह हरियाणा की बीजेपी - जेजेपी सरकार भी गलत नीतियां थोपकर प्रदेश के लोगों को बर्बाद करने का काम कर रही है । विधायक राजेंद्र जून ने कहा कि कांग्रेस की हुड्डा सरकार के कार्यकाल में बहादुरगढ़ हलका विकास की ओर तेज गति से अग्रसर था। मगर खट्टर सरकार पिछ्ले 7 साल से बहादुरगढ़ हलके के विकास को लेकर भेदभाव कर रही है जबकि हुड्डा सरकार में सभी विधानसभा क्षेत्र में समान रूप से विकास कार्य करवाए गए थे। विधायक राजेंद्र सिंह जून ने ग्राम वासियों से कहा कि हरियाणा में अगली सरकार कांग्रेस पार्टी की बनेगी और भूपेंद्र सिंह हुड्डा हरियाणा के तीसरी बार मुख्यमंत्री बनकर बहादुरगढ़ सहित पूरे हरियाणा में विकास कार्यों की झड़ी फिर से लगाने का काम करेंगे। चौपाल में समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे। खेड़ी जसोर कार्यक्रम के उपरांत विधायक राजेंद्र सिंह जून ने सेक्टर 11 में पूर्व चेयरमैन तेजवीर दलाल के नवनिर्मित घर के उद्घाटन कार्यक्रम के अलावा हलके मे सुख-दुख के कई कार्यक्रमों में शिरकत की । खेड़ी जसोर कार्यक्रम में विधायक के साथ पंडित राज पहलवान मौजूद रहे।

## खास ख़बर

### 98 प्रतिशत अमेज़न विक्रेताओं को ई-कॉमर्स अपनाने से लाभ हुआ

**कुरुक्षेत्र/राष्ट्रीय प्रसार ।** हाल ही में अमेज़न इंडिया द्वारा कमीशन एवं नीलसन द्वारा किए गए सर्वे के मुताबिक अमेज़न.इन के विक्रेता इन त्योहारों के लिए आशान्वित हैं और सर्वे में शामिल 98प्रतिशत विक्रेताओं ने कहा कि टेक्नॉलॉजी अपनाने एवं ई-कॉमर्स से उनके व्यवसाय को लाभ हुआ है। सर्वे में शामिल 78 प्रतिशत से ज्यादा विक्रेताओं को इस फेस्टिव सीज़न नए ग्राहकों तक पहुंचने की उम्मीद है, 71 प्रतिशत को बिक्री के बढ़ने और 71 प्रतिशत को अपने व्यवसाय के चोट से उबरने की उम्मीद है। सुमित सहाय, डायरेक्टर, सेलिंग पार्टनर सर्विसेस, अमेज़न इंडिया ने कहा, 'इन त्योहारों पर हम अपने विक्रेताओं को कोविड-19 की महामारी से लगी चोट से उबारने में मदद करने पर केंद्रित हैं। हमारे विक्रेता अपनी आजीविका में सुधार करने के लिए इस अवसर का उपयोग करने के लिए उत्साहित व तैयार हैं। पंजाब और हरयाणा में हमारे पास 72,000 से ज्यादा विक्रेता हैं, जिन्हें फेस्टिव सीज़न के दौरान देश में लाखों ग्राहकों को अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। हमें उम्मीद है कि ग्रेट इंडियन फेस्टिवल हमारे सभी विक्रेताओं की वृद्धि व सफलता में योगदान देगा। अमेज़न इंडिया ने अपनी वार्षिक फेस्टिव ईवेंट, ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान छोटे एवं मध्यम व्यवसायों के लिए अनेक अवसर प्रस्तुत किए।

### एसएमबी के लिए अनेक अवसर लाया अमेज़न जीआईएफ

**रोहतक/राष्ट्रीय प्रसार ।** हाल ही में अमेज़न इंडिया द्वारा कमीशन एवं नीलसन द्वारा किए गए सर्वे के मुताबिक अमेज़न.इन के विक्रेता इन त्योहारों के लिए आशान्वित हैं और सर्वे में शामिल 98प्रतिशत विक्रेताओं ने कहा कि टेक्नॉलॉजी अपनाने एवं ई-कॉमर्स से उनके व्यवसाय को लाभ हुआ है। सर्वे में शामिल 78 प्रतिशत से ज्यादा विक्रेताओं को इस फेस्टिव सीज़न नए ग्राहकों तक पहुंचने की उम्मीद है, 71 प्रतिशत को बिक्री के बढ़ने और 71 प्रतिशत को अपने व्यवसाय के चोट से उबरने की उम्मीद है। सुमित सहाय, डायरेक्टर, सेलिंग पार्टनर सर्विसेस, अमेज़न इंडिया ने कहा, 'इन त्योहारों पर हम अपने विक्रेताओं को कोविड-19 की महामारी से लगी चोट से उबारने में मदद करने पर केंद्रित हैं। हमारे विक्रेता अपनी आजीविका में सुधार करने के लिए इस अवसर का उपयोग करने के लिए उत्साहित व तैयार हैं। पंजाब और हरयाणा में हमारे पास 72,000 से ज्यादा विक्रेता हैं, जिन्हें फेस्टिव सीज़न के दौरान देश में लाखों ग्राहकों को अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। हमें उम्मीद है कि ग्रेट इंडियन फेस्टिवल हमारे सभी विक्रेताओं की वृद्धि व सफलता में योगदान देगा। अमेज़न इंडिया ने अपनी वार्षिक फेस्टिव ईवेंट, ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान छोटे एवं मध्यम व्यवसायों के लिए अनेक अवसर प्रस्तुत किए।

### 12 से 14 अक्टूबर तक मेघा वैक्सीनेशन कैंप

**नारनौल /अमित कुमार यादव/राष्ट्रीय प्रसार ।** उपायुक्त अजय कुमार के दिशा-निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की ओर से 12 से 14 अक्टूबर तक जिला के प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व उप स्वास्थ्य केंद्र तथा नारनौल शहर में विभिन्न स्थानों पर मेघा कोविड वैक्सीनेशन कैंप लगाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डा. अशोक कुमार ने बताया कि जिले को राज्य मुख्यालय से मिलने वाला लक्ष्य को हासिल करने का हर संम्भव प्रयास किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने आमजन से अनुरोध किया है कि वो 12 से 14 अक्टूबर तक अपने नजदीकी सैशन साईट पर ज्यादा ज्यादा कोविड का टीकाकरण विशेषकर दूसरी डोज अवश्य करवाएं। इस मौके पर उप सिविल सर्जन (प्रतिरक्षण) डा नरेन्द्र कुमार ने बताया कि अब तक जिले में कुल 795330 लोगों को कोविड का टीका लगाया जा चुका है। इसमें कोविड की पहली डोज 562173 व दूसरी डोज 233157 लाभार्थीयों को लगाई जा चुकी है। उन्हानें आमजन से अनुरोध किया है

## नवीन गोयल के नेतृत्व में आरडी सिटी वासियों ने हरेरा चेयरमैन को दिया ज्ञापन



**गुरुग्राम/राष्ट्रीय प्रसार ।** पाम ग्रुव, आरडी सिटी बिल्डर व निवासियों के बीच का विवाद अब हरेरा में पहुंच गया है। निवासियों ने हरेरा चेयरमैन को ज्ञापन देकर मांग की है कि वे बिल्डर द्वारा की जा रही मनमानी और पैसों की गड़बड़ी पर संज्ञान लें। लोगों से करोड़ों रुपये ऐंठ लिये गये हैं, फिर भी सुविधाओं से लोग वंचित हैं।

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के नेतृत्व में पाम ग्रुव सोसायटी-आरडी सिटी के निवासियों ने हरेरा चेयरमैन केके खंडेलवाल को ज्ञापन सौंपा। नवीन गोयल के साथ सोसायटी के निवासी अमरीक सिंह निर्मान (आईपीएस), संदीप गुप्ता, रिषी अग्रवाल, कमल सेठी, अशोक बंसल, एसएनएस तंवर, प्रो. एनके कौशिक, सुभाष सिवाच, एसपीएस तंवर ने बताया कि आरडी सिटी बिल्डर द्वारा पाव ग्रुव सोसायटी के सामुदायिक केंद्र में बिल्डर अपना क्लब चला रहा है। अभी तक यह आरडब्ल्यूए को स्थानांतरित नहीं किया गया है। यह केंद्र आरडब्ल्यूए को दिलाया जाए। ब्याज मुक्त मैंटनेंस सिक्योरिटी 4 करोड़ रुपये बिल्डर ने मालिकों से ले रखे हैं, वे भी आरडब्ल्यूए को दिए जाएं। बिजली के बिलों में भी बिल्डर ने घोटाला किया है। शुरुआत में वह लोगों से पैसा लेता रहा, लेकिन बिल जमा नहीं कराये। इसलिए पैसा इकट्ठा होते-होते 85 लाख रुपये हो गये। बिजली विभाग ने कनेक्शन काट दिया।

घरों में बिजली सुविधा के लिए आरडब्ल्यूए ने निवासियों ने पैसा एकत्रित करके बिजली बिल का भुगतान किया। सोसायटी में करीब 75 फीसदी अनसोल्ड प्लॉट की मैंटेनेंस बिल्डर ने वसूल तो ली, लेकिन आरडब्ल्यूए को नहीं दी। लोगों ने कहा कि आरडी सिटी बिल्डर ने बहुत गड़बड़ी कर रखी है। शुरू से ही लोगों को धोखा दिया जा रहा है। हरेरा चेयरमैन से लोगों ने मांग की है कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करें। बिल्डर को तलब करके पूरे मुद्दे पर कड़ा संज्ञान लें। यह सैंकड़ों लोगों की समस्या है। इस समस्या से निजात दिलाई जाए, ताकि लोग शांति से रह सकें।

## निष्पक्ष व ईमानदार अधिकारियों का मान सम्मान बढ़ाकर उनका हौसला बढ़ाएगी हरियाणा जाट महासभा- प्रदीप हुड्डा



**रोहतक/राष्ट्रीय प्रसार ।** हरियाणा जाट महासभा की एक अहम बैठक गोहाना रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रदीप हुड्डा प्रदेशाध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें प्रदेश में हो रहे भ्रष्टाचार पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप हुड्डा ने बताया कि हरियाणा जाट महासभा द्वारा हाल ही में जमीनी स्तर किये गए सर्वे में यह निकल कर सामने आया है कि निगम, तहसील व कुछ सरकारी विभागों में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। कागजों की खानापूर्ति के नाम पर आम जनता को खूब परेशान कर रिशवत मांगी जा रही है। आम जनता की कोई सुनवाई नही हो पा रही है। हरियाणा जाट महासभा ने हाल ही में प्रदेश के कुछ अधिकारियों व कर्मचारियों की एक सूची तैयार कर रही है जो जमकर प्रदेश में भ्रष्टाचार फैला रहे हैं। ऐसे अधिकारियों की सूची जल्द ही प्रदेश के मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री और केंद्रीय नेतृत्व के सामने रखी जायेगी। जो अपने पद का रोब दिखा कर आम जनता को परेशान कर बोलने का मौका तक नहीं दे रहे हैं। ऐसे लोगों को उनके आकाओं का राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है। जिससे जनता खुद को ठगा हुआ, बेबस और लाचार महसूस कर रही है। हरियाणा जाट महासभा ने पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर एक एक कमेटी गठित की है जो कि ऐसे अधिकारियों को सबक सिखाने और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए मीडिया, खुफिया तंत्र, विजिलेंस व एंटी करप्शन के साथ मिलकर एक जागरूकता अभियान भी चलाने जा रही हैं।

जिससे ऐसे अधिकारी सपने में भी रिश्वत लेने की उम्मीद नहीं करेंगे। सोनीपत के जिलाध्यक्ष करतार दहिया ने बताया कि इस मुहिम में हरियाणा जाट महासभा निष्पक्ष, निडर व ईमानदार अधिकारियों का साथ देंकर उनका मान सम्मान व हौसला बढ़ाएगी व समाज में उनको सम्मानित भी करेगी। बैठक में मुख्य रूप से राजीव सांगवान, करतार दहिया, होशियार सिंह हुड्डा, धर्मबीर हुड्डा, कर्नल रामकरण हुड्डा, डॉ बिजेंद्र मालिक, आशीष मल्हान, राजसिंह देशवाल आदि उपस्थित थे।

## देश में प्राथमिक चिकित्सा की शिक्षा बेहद जरूरी- प्रो. वी एन प्रधान (कुलपति)



**जयपुर/राष्ट्रीय प्रसार ।** प्राथमिक चिकित्सा की शिक्षा और उसके लिए पाठ्यक्रमों की जरूरत पर यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नॉरलानी, जयपुर द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। यह प्रेस वार्ता मानसरोवर स्थित दीपशिखा, कॉलेज ऑफ टेक्निकल एजुकेशन में किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. वी एन प्रधान ने विश्वविद्यालय द्वारा शुरू किए गए प्राथमिक चिकित्सा और इससे जुड़े अन्य प्राथमिक उपचार पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सभी इच्छुक अभ्यर्थी जो चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं उन्हें इस पाठ्यक्रम के माध्यम से बेहतर विकल्प प्राप्त हो सकते हैं। यह पाठ्यक्रम रोजगार एवं स्वरोजगार को बढ़ाने के लिए एक सुनहरी पहल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति को मंजूरी देने के बाद से सरकार अपना ध्यान प्राथमिक चिकित्सा को मजबूत बनाने में लगा रही है। और प्राथमिक चिकित्सा के पाठ्यक्रमों को शुरू करके हमारा विश्वविद्यालय प्रधानमंत्री के सपनों को पूरा करने में मदद कर रहा है। इन सभी पाठ्यक्रमों को संचालित करने के लिए भारतीय प्राथमिक चिकित्सा परिषद् (फर्स्ट् ऐड काउंसिल ऑफ़ इंडिया), दिल्ली को चिन्हित किया गया है तथा अनन्यए ज्ञापन समझौता भी हस्ता क्षरित किया गया है। विश्वविद्यालय अध्यापन सहयोगी संस्था भारतीय प्राथमिक चिकित्सा परिषद् के माध्यम से पूरे राजस्थारन में कई वर्चुअल, परंपरागत केंद्र व सूचना केंद्र स्थापित कर रहा है। प्रेस वार्ता के दौरान फर्स्ट् ऐड काउंसिल ऑफ़ इंडिया के प्रेसिडेंट डॉ. शबाब आलम ने बताया कि यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नादलाजी, जयपुर द्वारा प्राथमिक चिकित्सा विशेषज्ञ डिप्लोमा कोर्स एक प्रगतिशील कोर्स है जिसके माध्यम से पूरे देश में स्वास्थ्य सुरक्षा के संबंध में एक सकारात्मक संदेश जनहित स्वरोजगार हेतु दिया गया है तथा इसके लाभ पूरे देश के छात्र-छात्राएं राजस्थाबन राज्य में स्थित अध्ययन अध्यापन केन्द्रों के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। यह कुशल योजना के अंतर्गत स्वरोजगार व रोजगार हेतु विश्वविद्यालय व एफएसीआई के माध्यम से किया जा रहा है। इस मौके पर दीपशिखा के अंशुल, डॉक्टर अंशु सुराणा और प्रोफेसर अंकित गांधी मौजूद थे। वहीं इस अवसर पर एफएसीआई द्वारा फर्स्ट् ऐड विषयों की 5 पुस्तकों का विमोचन किया गया जिसे यूनिवर्सिटी में पाठ्यक्रम में शामिल किया जायेगा। फर्स्ट्टो ऐड काउंसिल ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट डॉक्टार शबाब आलम ने आगे बताया कि प्राथमिक उपचार कोर्स प्रत्येंक जनमानस की आवश्यिकता है इस कोर्स को कॉलेज, यूनिवर्सिटीज में किया जाना चाहिए। जिस प्रकार स्कूल कॉलेज ने एनसीसी और स्का्उट का एक विभाग होता है ठीक उसी प्रकार प्राथमिक उपचार का भी विभाग होना चाहिए। एफएसीआई के डायरेक्टर महेंद्र पारिख ने बताया कि कोविड-19 के कारण अध्ययन, अध्यापन व परीक्षा पारंपरागत व ऑनलाइन की जायेंगी तथा इसके माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा संकल्पित आत्मनिर्भर भारत व डिजिटल इंडिया की संकल्पना को प्रोत्साहन देना है। प्रेस वार्ता में भारतीय प्राथमिक चिकित्सा परिषद् की अधिवकता शिवानी कालरा एवं मध्य प्रदेश एफसीआई के निर्देशक अजय साहू भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि यह कोर्स बहुत ही लाभदायक है जो छात्रों के उज्ज वल भविष्यज की ओर इशारा करता है।

## सोहना रोड़ पर जल्द शुरु होगा टोल प्लाजा, गाड़ियां भरेंगी फर्राटा



**गुरुग्राम, जी एस अग्रवाल/राष्ट्रीय प्रसार ।** गुरुग्राम सोहना रोड़ पर जल्द ही टोल प्लाजा शुरु होने की उम्मीद है। सोहना रोड़ पर चल रहे निर्माण कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए है। गुरुग्राम सोहना रोड़ पर भोंडसी के पास 22 लेन का टोल प्लाजा लगभग बनकर तैयार है। अब इसके बाकी काम में तेजी लाने की तैयारी है। उम्मीद है कि टोल प्लाजा पर टैक्स वसूलने की प्रक्रिया इसी साल दिसंबर से शुरु हो जाएगी। टोल प्लाजा पर गाडियों से लिया जाने वाला टैक्स कितना होगा अभी इसके रेट तय नहीं हो पाए है। दरों को तय करने के लिए अप्रूवल एनएचएआई के पास भेज दिया गया है। ये टोल प्लाजा पूरी तरह से फास्टैग सुविधा से लेस होगा।

एनएचएआई के अधिकारियों का कहना है कि टोल के दोनों तरफ रेस्ट रुम का भी निर्माण किया जा रहा है ताकि यहां से गुरजने वाले वाहन चालकों के लिए बाथरुम की व्यवस्था हो सके। इसके अलावा टोल प्लाजा पर रंग रोगन व सिस्टम लगाने का काम भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा टोल प्लाजा पर पीने के पानी की व्यवस्था भी की जाएगी। टोल प्लाजा पर टोल चार्ज संबंधी बोर्ड लगाए जाएंगे और यहां एंबुलेंस को पार्क किए जाने की व्यवस्था के साथ साथ फर्स्ट्एड रुम भी बनाया जाएगा।

सोहना रोड़ पुराने ज़माने में दिल्ली से जयपुर जाने के लिए एकमात्र सड़क हुआ करती थी। नेशनल हाइवे नंबर 8 (अब नेशनल हाइवे 48 है) के बनने के बाद सोहना रोड़ को अलवर रोड़ के नाम से भी जाना जाने लगा। इस रोड़ पर यात्रा को सुगम बनाने के लिए अब इस रोड़ पर अंडरपास और कई फ्लाइओवर का काम चल रहा है जो अगले साल तक पूरा होने की संभावना है। सोहना रोड़ पर राजीव चौक के बाद इस्लामपुर में छोटा फ्लाइओवर बनाया जा रहा है उसके बाद सुभाष चौक पर अंडरपास का निर्माण किया जा रहा है। सुभाष चौक के बाद बादशाहपुर तक 5.5 किलोमीटर लंबा एलीवेटेड फ्लाइओवर बनाया जा रहा है। बीएसएफ से भोंडसी तक फ्लाइओवर, भोंडसी से आगे दमदमा रोड़ तक छोटा फ्लाइओवर बनाया जा रहा है। इसके अलावा घामडोज, अलीपुर, सोहना की ढाणी के पास और धुनेला के पास फ्लाइओवर बनाए जाए रहे है। इन्हीं सब के रखरखाव के लिए भोंडसी में टोल प्लाजा का निर्माण किया जा रहा है। सोहना रोड़ पर दो पैकेज में फ्लाइओवर्स का काम किया जा रहा है जिसके चलते इस रोड़ पर काम जल्दी होने की संभावना है। पहला पैकेज गुरुग्राम के राजीव चौक से बादशाहपुर के बीच काम चल रहा है। इस हिस्से में अभी तक लगभग 60 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। बाकी के काम को अगले साल मई महीने के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। इस प्रोजेक्ट का दूसरा पैकेज बादशाहपुर से सोहना का है। दूसरे पैकेज में लगभग 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है।

एक कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा था कि अगर बेहतर सुविधा चाहिए तो टोल तो देना ही होगा।

**समारोह** — समारोह में व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन रामनिवास गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

## महाराजा अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल समाज को एकजुट रहने का संदेश




**गुरुग्राम/राष्ट्रीय प्रसार ।** वैश्य परिवार वेल्फेयर एसोसिएशन की ओर से यहां सेक्टर-10 के श्रीकृष्ण मंदिर परिसर में महाराजा अग्रसेन की 5145वीं जयंती एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में कलाकारों और समाज के बच्चों, युवाओं द्वारा कला एवं संस्कृतियों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। समारोह में व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन रामनिवास गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। अध्यक्षता अग्रवाल सभा गुरुग्राम के प्रधान रामनिवास मंगला ने की, वहीं विशिष्ट अतिथि मार्केट कमेटी गुरुग्राम के पूर्व उपाध्यक्ष रोशन लाल गर्ग ने शिरकत की। वैश्य परिवार वेल्फेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन गोयल ने संस्था के समाजहित में कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि समाज को एकजुट करके रखना ही वैश्य परिवार वेल्फेयर एसोसिएशन का पहला काम है। हम सबको संयुक्त रहकर समाज की शक्ति बनना चाहिए। महाराजा अग्रसेन के विचारों को हमें आगे बढ़ाना है। उन्होंने जिस तरह से समाजवाद की स्थापना की, वह सदियों तक जारी रहेगा। एक रुपया एक ईंट दान करने का जो उनका विचार है, वह यही है कि हम एक-एक रुपया देकर जरूरतमंद की आर्थिक स्थिति ठीक करें। एक-एक ईंट देकर उसके रहने के लिए घर बनाने में मदद करें। गुड गवर्नेंस की शुरुआत भी महाराजा अग्रसेन जी ने ही की थी। समाज की राजनीति में भागीदारी के लिए सक्रिय होने की बात उन्होंने कही। नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम में दूसरा महाराजा अग्रसेन भवन बनाने पर काम किया जा रहा है। अग्रवाल समाज के समर्पण और दान देने की भावना पर नवीन गोयल ने कहा कि राम मंदिर निर्माण में 75 फीसदी चंदा अग्रवाल समाज की ओर से दिया गया है। इसी से साफ हो जाता है कि हम दान देने में पीछे नहीं हटते।

कैनविन फाउंडेशन के कार्यों की एक लघु फिल्म दिखाकर यहां बताया गया कि समाजसेवा किसी भी तरह से शुरू की जा सकती है। कैनविन के संस्थापक डा. डीपी गोयल ने कहा कि हमारी संस्कृति महान है। हमें सदा समाज को कुछ देने की सोच रखनी है। यह हमारे समाज में खूब भी है कि हम देने में विश्वास रखते हैं, लेने में नहीं।

वैश्य समाज परिवार भी इसी सोच को लेकर काम करता है। शुद्ध विचारों से कोई काम किया जाता है तो सफलता अवश्य मिलती है।

मुख्य अतिथि रामनिवास गर्ग ने कहा कि अग्रवाल समाज ने सदैव समाज के उत्थान के लिए काम किया है। हमारे समाज के स्कूल, कालेज, धर्मशालाएं सभी के लिए उपलब्ध हैं। कहीं भेदभाव नहीं है। हमें अपनी सामाजिक और राजनीतिक ताकत को बनाए रखना है। रामनिवास गर्ग ने कैनविन फाउंडेशन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह बहुत ही नेक कार्य है। आज के दौर में सस्ती और न के बराबर फीस में लोगों को चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, वह अपने आप में बड़ा और अनूठा उदाहरण है। लोगों की दुआएं मिल रही हैं, यह सबसे बड़ी सपंत्ति होती है। विशिष्ट अतिथि रामनिवास मंगला ने कहा कि समाज की शक्ति हम सबको बने रहना है। हम सब एकजुट होकर रहें और समाज को आगे बढ़ाएं। रोशन लाल गर्ग ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के संदेश को आगे बढ़ाएं। यह हमारा कर्तव्य है।

आईएएस की परीक्षा पास करने वाले सार्थक अग्रवाल व उनके माता-पिता और आईआईटी में 95 फीसदी अंक हासिल करने वाले शुभम अग्रवाल व उनके परिजनों को भी सम्मानित किया गया।

## खास खबर

### मोती नगर में बदमाशों का कहर

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली में दूसरे राज्यों से माल लेकर आने वाले ट्रक चालकों को लूटने वाले बदमाशों का कहर रुकने का नाम नहीं ले रहा है। मोती नगर इलाके में चार बदमाशों ने एक ही रात में तीन अलग अलग लोगों से लूट की वारदात को अंजाम दिया है। तीनों पीड़ित एक ही जगह मौजूद थे। आरोपियों ने तीनों को चाकू दिखाकर वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए। जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने पीड़ितों के बयान पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित मुकेश पासवान अपने परिवार के साथ दरभंगा बिहार का रहने वाला है और एवीजी लॉजेस्टिक कंपनी का ट्रक चलाता है। पुलिस को दिए बयान में मुकेश ने बताया कि शुक्रवार को वह बहादुरगढ़ से माल लेकर जखीरा प्याज गेट आया था। जहां पहले से बहुत गाड़ियां लगी हुई थी। उसके ट्रक में पानी की बोलते थी, जो ट्रेन में चढ़ाई जानी थी। शुक्रवार की देर रात करीब 2.40 बजे चार लड़के चाकू और पेचकस लेकर उसके ट्रक में चढ़ गए और आरोपियों ने चाकू दिखाकर केबिन की तलाश शुरू कर दी। आरोपियों ने मुकेश, रवि से उनका मोबाइल और 5000 रुपए लूट लिए। मुकेश ने बताया कि आरोपियों ने पास में ही खड़ी दूसरी घुस गए और वहां मंगल राजुपत से लूटपाट करने लगे। आरोपियों ने उससे 18000 रुपए और उसका मोबाइल लूट लिया। बदमाश वहां से धमकी देकर फरार हो गए, जिसके बाद पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची मोती नगर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत लूट और संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। बता दें कि गत दिनों भी मोती नगर इलाके में बदमाशों ने लूट का विरोध करने पर एक ट्रक चालक की हत्या कर दी थी। मृतक ट्रक चालक हरियाणा से सामान लेकर दिल्ली आया था। देर रात रास्ते में बदमाशों ने उसे रोक कर लूटपाट की और विरोध करने पर हत्या कर दी थी।


### कैब चालक को बंधक बनाकर घुमाया, गाड़ी लूट का हुए फरार

**नई दिल्ली।** द्वारका नॉर्थ इलाके में तीन बदमाशों ने एक कैब चालक को उसकी ही गाड़ी में बंधक बनाकर करीब एक घंटे तक घुमाया और फिर चालक को जंगल में फेंक दिया। तीनों बदमाश गाड़ी लूट कर फरार हो गए। बदमाशों के जाने के बाद पीड़ित ने राहगीरों से मदद लेकर मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची द्वारका नॉर्थ थाना पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपियों का पुलिस के पास कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित कैब चालक 19 वर्षीय कुलदीप अपने परिवार के साथ सलारपुर नोएडा में रहता है।

# अब दिल्ली के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को मिलेगी करियर संवारने में मदद

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

### मुख्यमंत्री ने लांच किया 'देश के मेंटर' प्रोग्राम




दिल्ली के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का करियर संवारने में मदद करने के लिए सरकार ने 'देश के मेंटर' प्रोग्राम की शुरूआत की है। सोमवार को त्यागराज स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इस प्रोग्राम को लॉन्च करते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम चाहते हैं कि 9वीं के बाद बच्चे को एक ऐसा बड़ा भाई, दोस्त या बहन मिले, जिसके साथ वह सब कुछ साझा कर सके। दिल्ली के बच्चों के मेंटर केवल दिल्ली के लोग ही नहीं बनेंगे, बल्कि पूरे देश से लोग मेंटर बनेंगे। देश के किसी भी हिस्से में रहने वाला व्यक्ति दिल्ली सरकार के एप पर पंजीकरण कर मेंटर बन सकता है। सीएम ने कहा कि अगर आपकी मेहनत से एक बच्चा अपने सपनों को पूरा करता है, तो यह आप राष्ट्र निर्माण का सबसे बड़ा काम कर रहे हैं। जब पूरे देश से लोग आकर बच्चों को मेंटर करेंगे, तो हमारा पूरा देश एक परिवार बन जाएगा और धर्म-जाति की सारी दीवारें टूट जाएंगी। एक भारतीय दूसरे भारतीय से अटैच होगा और हम सब लोग एक परिवार और एक टीम की तरह भारत को आगे बढ़ाएंगे।

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में शिक्षा के क्षेत्र में कुछ अद्भुत हो रहा है। हमारे दिल्ली के सरकारी स्कूलों में कुल 16 लाख बच्चे पढ़ा करते थे। कई सालों से यह आंकड़ा लगभग बराबर रहता था। हर साल कुछ बच्चे आते थे और कुछ बच्चे पास आउट होकर चले जाते थे। लेकिन इस साल यह आंकड़ा बढ़कर 18 लाख 70 हजार बच्चे हो गए हैं। इस साल दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों से 2 लाख 70 हजार बच्चों ने अपने नाम कटवा का सरकारी स्कूलों में भर्ती हुए हैं। यह अद्भुत और शानदार है। अभी तक आजाद भारत के इतिहास में हमने यह तो सुना था कि यहां इतने सरकारी स्कूल बंद हो गए, इस राज्य में इतने सरकारी स्कूलों के बच्चे कम हो गए, लेकिन प्राइवेट स्कूलों से 2 लाख 70 हजार बच्चे अपने नाम कटवा कर अगर सरकारी स्कूलों आए, तो यह अद्भुत ही है। इसके लिए सभी शिक्षक, सभी बच्चों और उनके अभिभावकों को बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं। आप लोगों ने कमाल करके दिखा दिया है। आप लोगों ने पूरे देश के अंदर एक रास्ता दिखाया कि अगर नियत अच्छी हो, तो यह हो सकता है। दिल्ली के शिक्षा के क्षेत्र में गजब की सकारात्मकता और गजब की उर्जा है। केजरीवाल ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले हमने देशभक्ति पाठ्यक्रम शुरू किया। पूरे देश के लोग पूछ रहे कि यह देशभक्ति पाठ्यक्रम क्या होता है? क्या देशभक्ति सिखाई जा सकती है? सारा देश कौतूहल वश देख रहा है। दिल्ली के सरकारी स्कूलों के अंदर हमने हैप्पीनेस करिकुलम शुरू किया। तो लोग पूछ रहे है कि बच्चों को हैप्पीनेस भी दी जा सकती है क्या? लेकिन राष्ट्रपति ट्रम्प जब अमेरिका से भारत आए थे, तो उनकी धर्मपत्नी दिल्ली सरकार के सरकारी स्कूलों में हमारी हैप्पीनेस क्लास अटेंड करने के लिए आई थीं। हमारे शिक्षकों के काम की महक अमेरिका के राष्ट्रपति के घर तक पहुंच गई है।

### नौवीं, 10वीं, 11वीं के बच्चों को होती है एक मेंटर की जरूरत: सिसोदिया

इस दौरान उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि पिछले छह-सात सालों में दिल्ली की शिक्षा में बहुत कुछ हुआ है। हमारे स्कूलों के परिणाम अच्छे आने लगे हैं। हमारे बच्चे आईआईटी और नीट में जाने लगे हैं। दिल्ली सरकार के स्कूलों में सबकुछ बहुत ही शानदार किया जा रहा है। नौवीं, 10वीं, 11वीं के बच्चों की एक जरूरत होती है कि उन्हें कोई एक व्यक्ति बड़े भाई, बहन या पिता के रूप में मिल जाए, जो बिना अपने सपने को थोपे उसका हाथ थाम ले। उसके लिए कोई कह सके कि पुलिस में जाना है तो कैसे जाओगे। नौवीं, 10वीं, 11वीं के बच्चों को एक मेंटर की जरूरत होती है, जो कहता है कि चिंता न करो, मैं हूं न। मैं तुम्हारे साथ खड़ा हूं। जो यह कहता है कि रिसर्च मेरी, आईडियाज मेरे, मदद मेरी, टैलेंट तुम्हारा और मेहनत तुम्हारी। इसके लिए दिल्ली सरकार ने यह 'देश के मेंटर' प्रोग्राम को लांच किया है।

### डीटीसी और क्लस्टर बसों के हजारों कर्मचारी बेरोजगार : बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि डीटीसी में काम कर रहे कांट्रेक्ट कर्मचारियों को नौकरी से हटाया जा रहा है। क्लस्टर बसों में काम कर रहे करीब 6 कांट्रेक्ट कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करने का नोटिस जारी कर दिया गया है। कोरोना काल में लोगों के रोजगार चौपट हो गए हैं और केजरीवाल सरकार लोगों को राहत देने की बजाय उनकी नौकरियां समाप्त करने में जुटी हुई है। हाल ही में 5400 टीचर्स को पुनः नौकरी पर नहीं रखा गया और नई एक्साइज पॉलिसी लागू होने से भी हजारों लोगों को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा है। दिल्ली में 15 हजार बसों की जरूरत है लेकिन केजरीवाल सरकार आजतक एक भी बस नहीं खरीद पाई। इससे लोग अपने वाहनों को चलाने के लिए मजबूर हैं और इससे होने वाले प्रदूषण से दिल्ली की हवा जहरी ली हो रही है। बिधूड़ी ने कहा कि अभी हाल ही में दिल्ली सरकार ने 5400 शिक्षकों को दोबारा नौकरी पर नहीं रखा। दिल्ली में शराब की प्राइवेट दुकानों पर काम करने वाले हजारों कर्मचारियों की नौकरी इसलिए चली गई है।

## दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कलियर शरीफ दरगाह भेजी अकीदत की चादर



**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

कलियर शरीफ के 753वें उर्स के मौके पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार अकीदत पेश करते हुए दिल्ली से चादर रवाना की। कैबिनेट मंत्री इमरान हुसैन, उर्स कमेटी के चेयरमैन एफ.आई. स्माइली और उर्स कमेटी के सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री के नाम की चादर को कलियर शरीफ रवाना किया गया। अरविंद केजरीवाल ने दुआ कराई कि देश व दुनिया में अमन-शांति बनी रहे और विश्व को कोरोना महामारी से जल्दी निजात मिले। उधर, दिल्ली के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन व उर्स कमेटी के चेयरमैन एफ.आई. स्माइली ने उर्स कमेटी के मेंबर फईमुद्दीन सैफी, परवेज नूर, मोहम्मद मुस्तफा, अनवर मसूद, वकार भोपाली लव कुश रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार व भाईचारा कमेटी के अध्यक्ष भाई मेहरबान कुरैशी, 'आप' अल्पसंख्यक विंग के तामीर अहमद, फुरकान कुरैशी, रिजवान सैफी, कलीम खान आदि शामिल हुए। बता दें कि हजरत मखदूम अलाउद्दीन अली अहमद साबिर पाक रहमतुल्लाह अलैह का 753वां उर्स 18 अक्टूबर से शुरू होकर 21 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें लाखों जायरीन शामिल होते हैं। 20 अक्टूबर को उर्स शरीफ का अख्तताम होगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देश और दुनिया में अमन व शांति बनी रहे।

### वायु प्रदूषण को रोकने के लिए ईडीएमसी ने 64 टीमों का गठन किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली में वायु प्रदूषण स्तर को देखते हुए उसे नियंत्रित के करने के उद्देश्य से पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने कवायद शुरू कर दी है। पूर्वी निगम द्वारा पूर्वी निगम में उन स्थानों को चिन्हित किया है जहां सबसे अधिक वायु प्रदूषण है। निगम द्वारा आनंद विहार और विवेक विहार में वाटर स्प्रिंकलर मशीने तैनात की है तो वायु में मौजूद धूल के कणों को सतह पर सेटेल किया जा सके। इसके अलावा पूर्वी निगम द्वारा 64 टीमों का गठन किया गया है जो क्षेत्र में जाकर वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले कारकों पर नजर रखेगी। ये 64 टीमें क्षेत्र सातों दिन 24 घंटे क्षेत्र का औचक निरीक्षण करेंगी और कूड़ा जलाने, खुले में मलबा डालने, खुले में कूड़ा डालने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## डीयू में दूसरी कट ऑफ के तहत दाखिले की प्रक्रिया शुरू

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में शैक्षणिक सत्र 2021-22 में दूसरी कट ऑफ के तहत दाखिले की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई है। दूसरी कट ऑफ के तहत छात्र 13 अक्टूबर तक एडमिशन और 15 अक्टूबर तक एडमिशन फीस जमा करा सकते हैं। वहीं दूसरी कट ऑफ में उन छात्रों के लिए भी एडमिशन का मौका है जिन्होंने पहली कट ऑफ में एडमिशन लेकर सीट तो सुनिश्चित किया, लेकिन मनपसंद कॉलेज में एडमिशन नहीं मिला। वह एडमिशन रद्द करा दूसरी कट ऑफ में आवेदन कर सकते हैं, लेकिन उन्हें इसके लिए शुल्क चुकाना पड़ेगा। बता दें कि पहली कट ऑफ में स्नातक पाठ्यक्रम की 70 हजार सीट पर 36 हज़ार से अधिक छात्र एडमिशन ले चुके हैं। डीयू प्रशासन के द्वारा जारी की गई दूसरी कट ऑफ में 0.25 फीसद से लेकर 3 फीसद तक गिरावट दर्ज की गई है। उधर, जारी की गई दूसरी कट ऑफ में रामजस कॉलेज में बीए ऑनर्स, पॉलिटिकल साइंस की कट ऑफ 100 फीसद निर्धारित की गई है। जबकि पहली कट ऑफ में भी यह सौ फीसदी ही थी। इसके अलावा कई नामी कॉलेजों में लोकप्रिय पाठ्यक्रम में सामान्य श्रेणी के छात्रों के लिए दाखिले के अवसर खत्म हो गए हैं। वहीं, पहली कट ऑफ में एडमिशन को लेकर असंतुष्ट छात्र दाखिला रद्द करा दूसरी कट ऑफ के तहत एडमिशन के लिए आवेदन कर सकते हैं। लेकिन एक कट ऑफ में छात्र केवल एक बार ही एडमिशन रद्द करा सकते हैं। वहीं रामानुजन कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एसपी अग्रवाल ने छात्रों को सलाह दी है कि वह सुनिश्चित कर लें कि मन पसंदीदा कॉलेज और पाठ्यक्रम मिल रहा है कि नहीं तभी एडमिशन रद्द करें। बता दें कि एडमिशन रद्द कराने के लिए छात्रों को एक हजार रुपए का शुल्क भी चुकाना होगा। इसके अलावा छात्र को एडमिशन के लिए फिर से नए सिरे से आवेदन करना पड़ेगा। गौरतलब है कि दूसरी कट ऑफ के तहत छात्र 13 अक्टूबर रात 11.59 बजे तक कॉलेज में एडमिशन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने संरक्षा कार्य निष्पादन समीक्षा बैठक का आयोजन किया

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**




उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया। बैठक में स्टेशनों पर प्लेटफार्मों का विस्तार, प्लेटफॉर्मों के लेवल में वृद्धि, वॉशेबल एप्रनों, दूसरे प्रवेश द्वार का प्रावधान,फट-ओवर ब्रिजों,एस्केलेटरों,दिव्यांगजनों के लिए लिफ्टों की सुविधा,मुखद्वार सहित स्टेशन भवन का सुधार जैसी यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। उन्होंने गतिशीलता वृद्धि, विकासात्मक बुनियादी कार्यों, मालभाड़ा लदान और रेलपथों पर संरक्षा की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि सर्कुलेटिंग एरिया में सीएसआर निधि के माध्यम से शौचालय के निर्माण के लिए उत्तर रेलवे के 82 अलग-अलग स्टेशनों को चुना गया है। उन्होंने रेलगाड़ियों की समय पालनबद्धता के बेहतर रिकॉर्ड को बनाए रखने और गतिशीलता को बढ़ाने से संबंधित कार्यों में तेजी लाने तथा कार्यों की प्रगति की जांच के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने रेलपथों और वैल्डों के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने तथा रेलपथों के निकट पड़े स्क्रैप को हटाने के लिए जोन पर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने पेडों की छटाई करने

**▶▶ 82 रेलवे स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया में शौचालयों का प्रावधान**

और रेलपथों के आसपास उग आई वनस्पतियों को साफ किए जाने के कार्यों का जायजा लिया। गंगल ने रेल परिचालन में मानवीय असफलताओं को कम करने तथा रेल दरारों और रेल वैल्डों की गहन निगरानी करने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि इन कामों में कोई त्रुटि नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों से कार्यों की प्रगति और रेल परिचालन से संबंधित निरीक्षणों को बढ़ाने के लिए कहा। खाद्यान्नों एवं अन्य मदों के लदान में प्रत्येक गुजरते माह के साथ वृद्धि हुई है। उत्तर रेलवे अपने उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित,सुगम और बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## दक्षिणी निगम ने स्पा एवं मसाज केन्द्रों के लिए नई लाईसेंस नीति लागू की

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

दक्षिणी निगम ने स्पा एवं मसाज केन्द्रों के बेहतर संचालन के लिए नई लाईसेंस नीति लागू की है। इस नई लाईसेंस नीति को उपराज्यपाल के द्वारा अनुमोदित किया गया है। नई लाईसेंस नीति के अन्तर्गत दक्षिणी निगम के अधिकार क्षेत्र में आने वाले स्पा व मसाज केन्द्रों में क्रॉस जेन्डर मसाज की अनुमति नही होगी। स्पा एवं मसाज केन्द्रों में महिलाओं और पुरूषों की मसाज के लिए अलग-अलग सेक्शन होगे। सभी केन्द्र सुबह 9 बजे से लेकर रात्रि 9 बजे तक खुले रहेगे। इसके अतिरिक्त लाईसेंस जारी करने से पहले स्पा प्रबंधक मालिक का पुलिस सत्यापन अनिवार्य होगा। साथ ही सभी ग्राहकों के पहचान पत्र प्रस्तुत करने अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त दक्षिणी निगम के अधिकार क्षेत्र में आने वाले स्पा व मसाज केन्द्रों के लाईसेंस जारी या नवीनीकरण के लिए सभी दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा।

स्पा एवं मसाज केन्द्र व्यावसायिक, स्थानीय व्यावसायिक, अधिसूचित व्यावसायिक, मिक्सड लैंड यूज क्षेत्रों में खोला जा सकता है। रिहायशी क्षेत्रों में नए स्पा या मसाज केन्द्र खोलने की अनुमित नही होगी। लाईसेंस प्राप्ति के लिए आवेदक को जरूरी दस्तावेज जैसे संपत्ति के मालिकाना हक किराये का प्रमाण, स्ट्रेक्ट्रचर स्टेबेलिटी प्रमाण पत्र कनवर्जन शुल्क, पार्किंग शुल्क, पंजीकरण शुल्क व संपत्ति कर जमा करने के प्रमाण देने होगे। इसके साथ ही केन्द्र पर मसाज करने वाले व्यक्ति का मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट भी उपलब्ध कराना होगा। दक्षिणी निगम की स्वीकृति के अनुसार समय समय पर लाईसेंस शुल्क लागू होगा। स्पा केन्द्र परिसर का न्यूनतम फ्लोर एरिया 900 वर्गफीट होना चाहिए साथ ही परिसर की न्यूनतम ऊचाई 9 फीट तक होनी चाहिए।

मसाज करने वाली टेबल का न्यूनतम क्षेत्रफल 50 वर्गफीट होना चाहिए। परिसर हवादार और रोशन होना चाहिए इसके साथ ही एक्जोस्ट फैन भी लगे होने चाहिए। केन्द्रों पर पीने योग्य पानी की उचित व्यवस्था होनी चाहिए और केन्दों की समुचित साफ -सफाई भी सुनिश्चित भी करनी होगी, ताकि किसी बीमारी या संक्रमण का खतरा न हो। इन दिशा निर्देशों की अवहेलना करने पर उल्लंघन कर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी और उनका लाईसेंस भी रद्द किया जा सकता है।

## दिल्ली में तेजी से बढ़ रहे हैं डेंगू के मामले




**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

राजधानी दिल्ली में इस साल नौ अक्टूबर तक डेंगू के कम से कम 480 मामले सामने आए हैं, जिनमें से करीब 140 मरीज अक्टूबर में मिले हैं। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली। दो अक्टूबर तक कुल मामलों की संख्या 341 थी। पिछले एक सप्ताह में करीब 140 मामले सामने आए हैं। इस साल दिल्ली में सामने आए कुल मामलों में से 139 मामले इस महीने नौ अक्टूबर तक सामने आए हैं। निकाय अधिकारियों की ओर से जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार इस साल सितंबर महीने में कुल 217 मामले सामने आए जो पिछले तीन वर्षों के दौरान इस महीने के आंकड़ों से ज्यादा हैं। मच्छरों होने वाली इस बीमारी पर सोमवार को जारी निकाय की एक रिपोर्ट में बताया गया कि इस साल नौ अक्टूबर तक डेंगू के 480 मामले सामने आए, जो कि 2018 के बाद से इस अवधि के दौरान सबसे ज्यादा हैं। पिछले तीन वर्षों में एक जनवरी से नौ अक्टूबर के बीच के आंकड़े 316 (2020), 467 (2019), 830 (2019) थे। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की रिपोर्ट के अनुसार, 2020 में कुल 1,072 मामले सामने आए थे और एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। निकाय शहर में डेंगू के मामलों का आंकड़ा जमा करने के लिए नोडल एजेंसी है। दिल्ली स्वास्थ्य विभाग की ओर से 22 सितंबर को जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले साल सितंबर में 188 और 2019 में 190 मामले सामने आए थे। इससे पहले के वर्षों में 2018 में 374, 2017 में।,103, 2016 में।,362 और 2015 में 6,775 मामले सामने आए थे। विभाग ने बताया कि दिल्ली में इस साल डेंगू से अब तक किसी व्यक्ति की मौत नहीं हुई।

**बिजली** अगर बिजली का संकट नहीं है तो योगी क्यों लिखा केंद्र को पत्र

## दिल्ली को निर्धारित मात्रा से आधी बिजली दे रहा है एनटीपीसी: जैन

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**



देश में बिजली संकट को लेकर केंद्र सरकार के उदासीन रवैये पर सोमवार को दिल्ली के ऊर्जा मंत्री सत्येंद्र जैन ने जमकर हमला बोला। इस दौरान उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय तापविद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) से दिल्ली को लगभग 4000 मेगावाट बिजली मिलती थी लेकिन आज की तारीख में उससे आधी बिजली भी नहीं मिल पा रही है। यह चिंता की बात है। पूरे देश में बिजली का संकट है। उन्होंने कहा कि अगर बिजली का संकट नहीं है तो पूरे देश में बिजली के कट क्यों लग रहे हैं? उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने मोदी सरकार को पत्र क्यों लिखा? देश में बिजली का संकट है और केंद्र सरकार जब इसे समस्या मानेगी तभी इसका समाधान निकल पाएगा। सत्येंद्र जैन ने कहा कि किसी भी पॉवर प्लांट में 15 दिन से कम का स्टॉक नहीं होना चाहिए। अभी ज्यादातर प्लांट में 2-3 दिन का स्टॉक बचा है। केंद्र सरकार ये बताए की एनटीपीसी के सारे प्लांट जब 50 से 55 फीसद क्षमता पर काम कर रहे हैं तो फिर कोयले की कमी कैसे उत्पन्न हो रही है। उधर, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह के देश में बिजली संकट ने होने के बयान पर का जवाब देते हुए सत्येंद्र जैन कहा कि अगर केंद्र सरकार कह रही है कि बिजली का संकट नहीं है तो देश के अलग-अलग मुख्यमंत्री इस मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री को चिट्ठी क्यूं लिख रहे हैं? यहा तक की उत्तर प्रदेश में जहां भाजपा की खुद की सरकार है वहां सीएम मोदी सरकार को पत्र क्यों लिख रहे हैं? इस समय कोयले की बहुत बड़ी समस्या है। जैन ने कहा दिल्ली में फिलहाल बिजली की मांग कम है। एक समय पर बिजली की मांग 7300 मेगावाट से भी ज्यादा थी, जो आज के समय में घट कर 4562 मेगावाट हो गई है। मांग कम होने के बाद भी हमें बिजली 17 से 20 रुपए की दर पर खरीदने पड़ रही है। दिल्ली सरकार के सबसे ज्यादा पॉवर परचेस एग्रीमेंट एनटीपीसी के साथ है लेकिन उन्होंने अपने प्लांट में बिजली उत्पादन क्षमता 50 फीसद कर दी है।

**▶▶ सत्येंद्र जैन ने कहा कि किसी भी पॉवर प्लांट में 15 दिन से कम का स्टॉक नहीं होना चाहिए। अभी ज्यादातर प्लांट में 2-3 दिन का स्टॉक बचा है।**

खास खबर

## दिलीप पासवान के समर्थन में उमड़ा जन सैलाब



**कोंच/राष्ट्रीय प्रसार ।** परसावां पंचायत में मुखिया प्रत्यासी दिलीप कुमार के समर्थन में पंचायत अंतर्गत विभिन्न गाँव से तकरीबन ढाई से तीन सौ लोगों का जनसैलाब उमड़ा। जो पंचायत अंतर्गत सभी गाँवो का दौरा करते हुए प्रत्यासी के सपोर्ट में नारे लगाते रहे, जगह जगह नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए दिलीप कुमार ने बताया कि मेरा बस एक ही उद्देश्य है कि पंचायत की चहुमुखी विकास हो और उन्होंने कहा कि ये जन सैलाब मेरे कर्मों का ही फल है।जो गाँव- गाँव से समर्थन प्राप्त हो रहा है।वहीं प्रेम रंजन ने बताया कि यह परसावां पंचायत के मान सम्मान की लड़ाई है। वहीं उमेश कुमार ,सुरेश यादव ,कपिल यादव इत्यादि लोगों ने कहा कि इनके कर्मठ व्यक्तित्व,सादगी विचार को देखते हुए पंचायत इस बार पूरा समर्थन दे रहा है।

## नौगढ़ में बिना शिक्षक का स्कूल, बच्चे खोलते हैं ताला, मॉनिटर बना है शिक्षक

**नौगढ़ चंदौली/राष्ट्रीय प्रसार ।** तहसील नौगढ़ के माध्यमिक विद्यालय गहीला में एक भी शिक्षक नहीं हैं। पहले इस गांव में प्राथमिक विद्यालय था और पांचवी कक्षा तक की पढ़ाई होती थी। एक दिन लोगों को बताया गया कि अब यहां माध्यमिक विद्यालय भी खुला है। खुशी की बात थी। लोग खुश हुए। यह तो अब पता चला कि स्कूल की तरक्की कागज पर ही हो गई। आपको बता दें कि यह हाल गहिला का ही नहीं है, नौगढ़ में शिक्षक विहीन और भी हो सकते हैं, स्कूलों की संख्या भले ही कम हो, मगर उन स्कूलों की संख्या बहुत अधिक है, जिनमें स्वीकृत पदों के अनुपात में शिक्षक नहीं हैं। और कहीं बच्चों के अनुपात में शिक्षक ज्यादा है। प्राइमरी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक आम लोग होते हैं। जंगलों में रहने वाले लोग तहसील मुख्यालय में तैनात अधिकारी एसडीएम, एबीएसए या चंदौली में बैठने वाले बड़े अधिकारियों के पास लिखा पढ़ी नहीं कर सकते हैं। गांव के संपन्न लोगों के बच्चे सरकारी स्कूलों में नहीं पढ़ते हैं। बच्चों के अभिभावक तो यही सोचकर खुश हो रहे हैं कि कम से कम उनका बच्चा स्कूल का मुंह तो देख रहा है। दिक्कत यह है कि सुदूर इलाके के स्कूलों में शिक्षक जाना नहीं चाहते हैं। नौकरी लेने की बारी आती है तब लोग किसी भी जगह जाने के लिए तैयार रहते हैं। नौकरी मिलते ही उन्हें मर्जी की जगह तैनाती की दरकार हो जाती है।

## विराट कुश्ती दंगल का होगा आयोजन

**कमालपुर/राष्ट्रीय प्रसार ।** कस्बा स्थित इमामबाड़ा प्राँगण में दशहरा के दूसरे दिन16 अक्टूबर को विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया है ।दंगल में बाहर से कई जिलों के नामी गिरामी पहलवान भाग लेंगे ।कुश्ती दंगल आयोजक दयाराम यादव ने बताया कि कमालपुर कस्बे में सैकड़ों वर्षों से रामलीला और दशहरे के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय इण्टर कालेज के मैदान में मेला का आयोजन होता है। इसके पश्चात दूसरे दिन दंगल ब्यापारियों व दंगल कमेटी द्वरा कुश्ती करायी जाती है ।इस दंगल में की राष्ट्रीय व अंतर राष्ट्रीय पहलवान भाग लेते हैं रेलवे डीएल डब्लू सेना के जवान भाग लेते है यहाँ राष्ट्रीय व अंतर राष्ट्रीय पहलवान भी आ रहे हैं ।यहाँ पहलवानो पर लाखों रुपए का इनाम दिया जाता है ।यह जानकारी दंगल आयोजक व पूर्व प्रधान दया राम यादव ने दी है।

# धैर्य व दृढ़ निश्चय के साथ किया गया प्रयास कभी असफल नहीं होता-विकास वैभव



**आरा/राष्ट्रीय प्रसार ।** जिले के बड़हरा प्रखंड के बखोरापुर में आइए हम मिलकर प्रेरित करें बिहार के बैनर तले एक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के गृह विभाग के विशेष सचिव सह पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) विकास वैभव के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। ÷आइए हम मिलकर प्रेरित करें बिहार÷ के बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के संयोजक सह संगठन के प्रति समर्पित जागरूक युवा रोहित सिंह के द्वारा विशेष सचिव विकास वैभव को माला, बुके, मोमेंटो और अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। साथ ही ÷आइए हम मिलकर प्रेरित करें बिहार÷ के संगठन के तरफ पुलिस उपाधीक्षक अशोक सिंह, फाउंडर मेंबर अश्वनी कुमार, बखोरापुर मां काली मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक सुनील सिंह गोपाल, बखोरापुर मां काली मंदिर के अध्यक्ष जग नारायण तिवारी, बखोरापुर मंदिर के मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा, बड़हरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी जयवर्धन गुप्ता, कोईलवर सर्किल इंस्पेक्टर, सामाजिक कार्यकर्ता सुशील सिंह, आनंद गोपाल पंडित, शिक्षक राणा जी, सामाजिक कार्यकर्ता गोविंद सिंह और आशुतोष सिंह को सम्मानित किया गया। इसी दौरान विशेष सचिव ने बखोरापुर मां काली का दर्शन कर गदगद हो गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशेष सचिव विकास वैभव ने कहा कि केवल मन में इच्छा रखने से कुछ नहीं होगा। दृढ़ निश्चय और बुलंद हौसले से लोगों को प्रेरित कर अलग पहचान बनायी जा सकती है। समाज को रचनात्मक बनाने में युवाओं का अहम भूमिका रहती है। आज युवाओं को प्रेरित करने की बहुत ही अति आवश्यकता है। जीवन में वही व्यक्ति सफल हुआ है जिसने संकल्प लिया और उसे पूरा किया उन्होंने पूर्वजों के कार्यकाल को समृद्ध बताते हुए ऐतिहासिक तथ्यों के साथ बिहार के गौरवशाली अतीत को भी रखा। विशेष सचिव विकास वैभव ने कहा कि जय मां काली बखोरापुर वाली का नाम पूरे भारत में गूंज रहा है। सभी लोग पर्यटन स्थल के रूप में याद करते हैं। दूर-दूर से लोग दर्शन करने के लिए आ रहे हैं। यहां का दृश्य देखकर हृदय आनंदित हो गया। भारत के बाहर भी जाने पर लोग जय मां काली बखोरापुर वाली की चर्चा करते हैं। जो कि हमारे पूरे बिहार के लिए गौरव की बात है।

## पुलिस पब्लिक सहायता केंद्र के शिलान्यास पर दी बधाई

**सासाराम (रोहतास)/राष्ट्रीय प्रसार ।** भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन की जिला इकाई ने अपने स्थानीय जिला कार्यालय पवित्र बंधन पैलेस, रौजा रोड न 1 में बैठक कर रोहतास जिला प्रशासन के द्वारा नागरिकों के सुविधाओं को लेकर स्थानीय पोस्ट ऑफिस चौक स्थित खोले जा रहे पुलिस पब्लिक सहायता केंद्र पर अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई भी दी है। इस अवसर पर मानवाधिकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष ई नवीन सिंहा ने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा उठाया गया यह एक दूरदर्शी कदम है, इससे जनता को सहूलियत मिलेगी। इस बैठक का संचालन कर रहे मानवाधिकार एसोसिएशन के जिला प्रवक्ता डॉ राकेश बघेल ने कहा कि इससे नागरिकों को भी प्रशासन के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास होगा, उन्हें अगर किसी भी प्रकार की सहायता की जरूरत होगी तो वह जिला प्रशासन तक अपनी बात को पहुंचा सकते है। इस बैठक में मानवाधिकार एसोसिएशन के जिला महिला संरक्षण के प्रमुख प्रज्ञा सिन्हा ने जनहित कार्यों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात की। अन्य प्रमुख लोगो में जिला लीगल सेल के दीपक कुमार, सुजीत कुमार,मनोज कुमार सिंह, डॉ उमेश कुमार, मनोज गुप्ता, हिमांशु, राम प्रताप सिंह, अधिवक्ता एवं पत्रकार संजय तिवारी, जितेंद्र पाठक, शाश्वत मुन्ना कुमार, जगमोहन, विभा सिंह आदि गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर मंडल कारा में शिविर का आयोजन

**सासाराम (रोहतास)/राष्ट्रीय प्रसार ।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रविवार को मंडल कारा सासाराम में बंदियों एवं कारा कर्मचारियों को मानसिक रोग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व एसीमओ डॉ. अशोक कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी मानसिक रोग डॉ.के एन तिवारी एवं मनोचिकित्सक डॉ. आर के सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान मेडिकल टीम द्वारा मरीजों का शारीरिक तथा मानसिक चेकअप किया गया तथा उपचार, परामर्श व जागरूकता सेवा के साथ साथ मुफ्त दवा भी दी गई। इससे पूर्व शनिवार को भी सदर अस्पताल सासाराम में मनो-विशेषज्ञ डॉ. राजीव रंजन एवं नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉ. विप्लव कुमार सिंह के नेतृत्व में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर एक शिविर आयोजित कर मनोरोग के प्रति जागरूक करते हुये उपचार सह

**व्यक्ति की मनोदशा में भारी परिवर्तन होता है तथा व्यक्ति मानसिक रोग की ओर बढ़ने लग जाता है। ऐसे वक्त में घबराहट व डर का प्रबंधन करने की आवश्यकता होती है।**

परामर्श दिया गया। शिविर में नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉ. विप्लव कुमार सिंह ने बताया कि जब कोई भी महामारी आती है तो व्यक्ति की मनोदशा में भारी परिवर्तन होता है तथा व्यक्ति मानसिक रोग की ओर बढ़ने लग जाता है। ऐसे वक्त में घबराहट व डर का प्रबंधन करने की आवश्यकता होती है। मानसिक रोग हो जाने पर छुपाये नहीं बल्कि विशेषज्ञों से मिलकर परामर्श लें। इससे बचने हेतु जागरूकता ही बचाव है तथा गलत जीवनशैली में सुधार द्वारा इसपर काफी हद तक काबू पाया जा सकता है। वहीं मनोचिकित्सक डॉ. आरके सिंह ने कहा की अगर हर व्यक्ति मानसिक रोग के प्रति जागरूक होकर इससे लडने की ठान ले तो मनोरोग के व्यापक प्रसार को रोका जा सकता है। नियमित दवा के साथ-साथ रोगी अपने आस-पास के तनावपूर्ण वातावरण का अच्छे से प्रबंधन करे। शिविर के दौरान नोडल पदाधिकारी मानसिक रोग डॉ. के एन तिवारी एवं अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह ने भी बंदियों को अपने मानसिक रोग के प्रति जागरूक व प्रेरित होकर उपचार में सहयोग देने हेतु प्रोत्साहित किया। शिविर के सफल आयोजन में जेल अधीक्षक राकेश कुमार, उपाधीक्षक संजीव कुमार, जेल चिकित्सक डॉ. कुमार जन्मेजय, डॉ.अंशु कृतिवास, नवीन किशोर वर्मा, मृदेश कुमार, राकेश कुमार, विजय कुमार अरोड़ा, डॉ.विकास रंजन एवं पंकज कुमार सिंह फार्मासीस्ट आदि ने अपना भरपूर सहयोग दिया।

## समाज के अंतिम व्यक्ति को न्याय देना मेरी पहली प्राथमिकता - शिवमणि

**चहनियां (चन्दौली)/राष्ट्रीय प्रसार ।** न्याय की आस लगाए समाज के अंतिम व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव व दबाव के न्याय देना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। यह कहना है मारूफपुर पुलिस चौकी के नवागत प्रभारी एसआई शिवमणि त्रिपाठी के । वे सोमवार को ग्रामीणों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किये जाने के बाद मीडिया दर्शन संवाददाता से मुखातिब थे। पूर्व चौकी प्रभारी प्रशांत कुमार सिंह का स्थानांतरण चकिया थाने की शिकारगंज पुलिस चौकी पर हो गया है। श्री त्रिपाठी ने आगे कहा कि क्षेत्र में गोकशी, छेड़खानी, हत्या, लूट, छिनैती की घटनाओं पर लगाम लगाया जाएगा। नवागत चौकी प्रभारी शिवमणि त्रिपाठी मूलतः प्रयागराज जिले के राजापुर मोहल्ले के निवासी हैं। आपने प्रयागराज विश्वविद्यालय से बीए और एलएलबी की शिक्षा प्राप्त की हैं। वर्ष 2017 में बतौर एसआई पुलिस विभाग को ज्वाइन किये और पहली नियुक्ति चन्दौली कोतवाली में हुई। फिर अलीनगर और धानापुर थाने पर बेहतरीन सेवाएं देने के कारण बलुआ थाने की कैलावर चौकी के इंचार्ज बनाए गए। चौकी प्रभारी के रूप में मारूफपुर में यह आपकी दूसरी नियुक्ति है।

## विजयादशमी के अवसर पर स्वयंसेवको ने किया पथ संचलन

**सासाराम (रोहतास)/राष्ट्रीय प्रसार ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सासाराम नगर इकाई द्वारा नगर में विजयादशमी उत्सव के अवसर पर पथ संचलन निकाला गया। कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवक अपने संघ के पूर्ण गणवेश में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला संघचालक प्रोफेसर विजय सिंह, नगर संचालक विजय तुलस्यान एवं प्रांत के ग्राम विकास कार्य प्रमुख काली मोहन थे। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को काली मोहन के द्वारा बौद्धिक प्राप्त हुआ। बौद्धिक के दौरान काली मोहन ने संघे शक्ति कलियुगे उद्घोष के साथ मार्गदर्शन करते हुए कहा कि राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देने की जिम्मेदारी हर एक स्वयंसेवक की है। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों ने नगर का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान स्वयंसेवकों ने भगवा ध्वज के साथ पोस्ट ऑफिस चौराहा, करगहर मोड़, काली स्थान, तकिया होते हुए पटेल धर्मशाला में संचालन का समापन हुआ। कार्यक्रम में विभाग प्रचारक सुरेंद्र कुमार, कार्यक्रम के मुख्य शिक्षक विनीत राय, नगर कार्यवाह सुजीत चौबे, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख क्षितिज सिंह, सुरेंद्र कुमार, यमुना, आशुतोष राय, शिवम तिवारी, अंजनी उपाध्याय, अमन कुशवाहा, अमर कुमार रतन, कुणाल तिवारी, हिमांशु, अभिषेक पाठक सहित सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## कामर्स का नया युग विषय पर वर्चुअल व्याख्यान आयोजित

**सासाराम (रोहतास)/राष्ट्रीय प्रसार ।** जिले के जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित वाणिज्य संकाय में कामर्स का नया युग विषय पर विशेष व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में चार्टर्ड अकाउंटेंट सुजीत श्रीवास्तव रहे।अपने व्याख्यान में वाणिज्य विषय को सुजीत ने एक छतरी के रूप में परिभाषित किया जिसमें तमाम तरह के अवसरों का अम्बार है। व्याख्यान में छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और कामर्स विषय से भविष्य में अनेक प्रकार के अवसरों को जाना। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक डॉ मयंक कुमार राय ने कामर्स को एक ऐसा चौराहा बताया जहां से भविष्य में अवसर के सभी रास्ते आसानी से प्राप्त किये जा सकते हैं। विभागाध्यक्ष डॉ संदीप केसरवानी ने भविष्य की चुनौतियों के लिए कामर्स को संजीवनी के रूप में परिभाषित किया। व्याख्यान को सफल बनाने में डॉ किशन जी राव, डॉ विशाल कुमार, डॉ अनिल कुमार आदि की महती भूमिका रही।

## जयंती पर याद किये गए लोकनायक जयप्रकाश नारायण

**आरा/राष्ट्रीय प्रसार** ।लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती जदयू जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी के तैल चित्र पर उपस्थित साथियों के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई।जयप्रकाश आंदोलन के साथ रहे पूर्व विधायक रमाकांत ठाकुर, वरिष्ठ नेता सुशील तिवारी,ददन राम ने जयप्रकाश जी के नेतृत्व और कृतित्व के विषय में विस्तार से चर्चा की एवं अपनी बातों को रखा साथ ही उस आंदोलन की यादों को ताजा किया एवं उनके सम्पूर्ण

**मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के प्रति आभार प्रकट करते हुए**

क्रांति के अवधारणा को जमीन पर उतारने एवं कार्यरूप देने के लिए बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर उपस्थित जदयू के उर्जावान साथियों ने जिला के उपाध्यक्ष एवं शिक्षाविद सत्येंद्र नारायण सिंह को पंचायत चुनाव में मुखिया पद पर निर्वाचित होने पर उन्हें अंगवस्त्र एवं फूलमाला से सम्मानित किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. कार्यक्रम की समाप्ति कोथुआं पंचायत से नवनिर्वाचित मुखिया श्री सत्येंद्र नारायण सिंह के धन्यवाद ज्ञापन से हुई.कार्यक्रम में उपस्थित दल के प्रमुख साथियों में वरिष्ठ नेता कामेश्वर प्रसाद कुशवाहा, अशोक कुमार शर्मा,नंदकिशोर यादव,राजीव रंजन श्रीवास्तव,अभियान प्रभारी भीम पटेल, संगठन प्रभारी पप्पु चौबे, प्रवक्ता शंभु प्रसाद सोनी,रामधनी भारती,विष्णुकांत तिवारी, फिरोजा खातून, अनुपमा चौरसिया, देव शर्मा, अमित सम्राट, रिंकू चौधरी,राकेश कुमार सिन्हा, अजित कुमार सिंह,आजाद सिंह,हरिओम गुप्ता उपस्थित थे।

## अब मां दुर्गा की पूजा के साथ साथ पंडालों में लगा सकेंगे कोविड-19 का टीका

**बक्सर/राष्ट्रीय प्रसार** राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्देश पर जिलेवासियों को दुर्गा पूजा पर विशेष तौफा दिया जा रहा है। अब उन्हें वैक्सीन लेने के लिए अलग से समय नहीं निकालना पड़ेगा। लोग पूजा-पंडालों में पूजा अर्चना और दर्शन के साथ साथ कोविड-19 का टीका भी ले सकते हैं। इसके लिए जिला स्वास्थ्य समिति ने जिले के विभिन्न पूजा पंडालों को चिन्हित कर लिया है। जहां पर पंडालों के बगल में ही टीकाकरण के लिए सत्रों का संचालन किया जाएगा। जिनका संचालन सुबह 9 बजे से लेकर रात्रि 9 बजे तक किया जाएगा।

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राज किशोर सिंह ने बताया, राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्देश पर जिले के 11 प्रखंडों में कुल 12 पंडालों और मंदिरों का चयन किया गया है। जहां पर विशेष रणनीति के तहत 12 अक्टूबर से लेकर 15 अक्टूबर तक सत्रों का संचालन किया जाएगा। उक्त टीकाकरण सत्रों का संचालन केयर इंडिया और स्वास्थ्य समिति के समन्वय से किया जा रहा है। ताकि, लोग पूजा-पाठ के साथ साथ टीका ले सकें।

**पहला डोज लेने वालों को रखना होगा आधार कार्ड ▫**

केयर इंडिया के डीटीएल आशीष द्विवेदी ने बताया, यह सुविधा लोगों के लिए सप्तमी से लेकर विजय दशमी तक रहेगी। पूजा को या पंडालों का दर्शन करने आये लोग अपनी सुविधा के अनुसार निर्धारित स्थानों पर टीका ले सकते हैं। लेकिन, लोगों को इस बात की जानकारी रखनी होगी कि वैक्सीन की पहली डोज लेने वाले लाभार्थियों के लिए आधार कार्ड और मोबाइल रखना अनिवार्य होगा। लेकिन, जिन लोगों ने टीके की पहली डोज ले ली है और उन्हें सिर्फ दूसरी डोज लेनी है, तब वे केवल अपना रजिस्ट्रर्ड मोबाइल नंबर के माध्यम से ही दूसरी डोज ले सकते है। उनके लिए आधार कार्ड की बाध्यता नहीं होगी।

**इन पंडालों व मंदिरों के समीप सत्रों का होगा संचालन**

बक्सर सदर प्रखंड में नई बाजार स्थित वार्ड नंबर 5 में आदर्श युवा क्लब दुर्गा पूजा समिति व चरित्रवन (शमशान मोड़) श्री बाल संघ दुर्गा पूजा समिति द्वारा बनाये गए पंडाल के पास सत्र स्थल लगाए जाएंगे। वहीं, ब्रह्मपुर प्रखंड के रघुनाथपुर बाजार स्थित दुर्गा पूजा पंडाल लोगों को टीका दिया जाएगा।

चक्की प्रखंड स्थित भरियार बाजार दुर्गा पूजा समिति के पंडाल, चौगाईं स्थित दुर्गा पूजा समिति के पंडाल और केसठ प्रखंड में नया बाजार स्थित दुर्गा मंदिर पूजा पंडाल में सुबह 9 से रात 9 बजे तक लोगों को टीका दिया जाएगा। वहीं, राजपुर प्रखंड के धनसोई मेन रोड के दुर्गा मंदिर, चौसा बाजार स्थित दुर्गा पूजा पंडाल तथा इटाढ़ी प्रखंड स्थित उनवास रोड पर नव दुर्गा धाम के समीप सत्रों का संचालन किया जाएगा। इसके अलावा डुमरांव स्थित गोला रोड मेन मार्केट में ट्रांसफार्मर के समीप व नावानगर स्थित फूलमती धाम में टीका लेने की सुविधा रहेगी।

मामला

रोग की चपेट में आ चुके मरीज लोगों को मच्छरदानी में सोने की करते हैं अपील

# फाइलेरिया के कारण बोझिल हो जाता है जीवन, जागरूक बनें और रोग से बचें

**बक्सर/राष्ट्रीय प्रसार ।**आज भले ही हम तरक्की की रोज नई नई सीढ़ियां चढ़ रहे हैं, लेकिन आज भी कई बीमारियां ऐसी हैं जिसने लोगों का जीवन बोझिल बना दिया है। जिनमें फाइलेरिया दूसरे स्थान पर काबिज है। फाइलेरिया न केवल लोगों को कमजोर व लाचार बनाता है, बल्कि इससे विकलांगता का खतरा भी अधिक होता है। दूसरी ओर इस बीमारी की चपेट में आ जाने के बाद धीरे धीरे लोगों की मानसिकता पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ने लगता है। इस रोग से प्रभावित मरीज व उनके परिजनों को हर घड़ी लोगों के द्वारा तिरस्कार करने व मजाक उड़ाने का डर सताता है। वहीं, रोगग्रस्त मरीज अपना जरूरी काम भी सही से नहीं कर पाते हैं। कई मामलों में तो मरीजों का रोजी-रोजगार प्रभावित होता है। इस लिए यह बहुत जरूरी है कि समाज मे रहने वाले शहरी व ग्रामीण इलाके के लोगों को फाइलेरिया व उससे बचाव की जानकारी पहले से हो। ताकि, वह फाइलेरिया से बचाव के लिए पूर्व से ही जागरूक रहें।

**दूसरों को मच्छरदानी में सोने की देते हैं नसीहत ▫**

सदर प्रखंड स्थित बरुणा निवासी रामबाबू गुप्ता पिछले आधे दशक से हाथी पांव से परेशान है। इस बीमारी न केवल उन्हें लाचार कर दिया बल्कि शुरुआती दिनों में इसके कारण वह मानसिक रूप से भी कमजोर रहने लगे थे। उनका पैर का सूजन बढ़ने लगा और चलने फिरने में उन्हें परेशानी होने लगी। तब वह इलाज के लिए चिकित्सकों के पास गए, जहां फाइलेरिया की पुष्टि हुई। जिसके बाद उनका इलाज शुरू हुआ। उस समय चिकित्सकों ने घर के सभी सदस्यों को मच्छरदानी में सोने और आसपास साफ-सफाई रखने की सलाह दी। जिसके बाद वह दूसरों को भी इसकी नसीहत देने लगे। वहीं, रामबाबू गुप्ता ने जिले के सभी लोगों से मास्क ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) को सफल बनाने और दवाओं के सेवन अनिवार्य रूप से करने की अपील की। ताकि, कोई भी व्यक्ति इस बीमारी का दंश न झेल पाए।

**फाइलेरिया की गम्भीरता को लेकर करती हैं सचेत ▫**

बरुणा की ही फूलकुमारी देवी पहले फाइलेरिया और उसके प्रभाव की बातों से अनभिज्ञ थी। करीब 10 साल पहले उन्हें पांव में सूजन के शिकायत की शुरूआत हुई। स्थानीय स्तर पर बहुत इलाज कराया, पर सूजन कम नहीं हुआ। बाद में चिकित्सकों ने उनको फाइलेरिया से ग्रसित होने की बात कही। जिसके बाद वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगी। लेकिन, इस रोग से ग्रसित होने के बाद उन्होंने ठानी की अब वह अपने परिवार में किसी को भी इस बीमारी की चपेट में नहीं आने देंगी। जिसके बाद वह घर के अंदर से लेकर बाहर तक साफ-सफाई रखने लगी और सभी को मच्छरदानी में सुलाती। वहीं, दूसरे लोगों को भी फाइलेरिया की गंभीरता को लेकर सचेत करने लगी।

## पर्व त्यौहार को देखते हुए भीड़ वाली जगहों पर संचालित किये जायेंगे विशेष 24/7 टीकाकरण सत्र

**सासाराम (रोहतास)/राष्ट्रीय प्रसार ।** जिला सहित पूरे राज्य में कोविड 19 वैश्विक महामारी से बचाव हेतु टीकाकरण कार्य संचालित किया जा रहा है। आगामी नवंबर माह में आने वाले पर्व त्यौहार के कारण राज्य से बाहर रहने वाले निवासियों के आवागमन की प्रबल संभावना है। ऐसे में कोविड संक्रमण के खतरे को ध्यान में रखते हुए राज्य में प्रवेश करने वाले सभी प्रमुख स्थलों जैसे रेलवे स्टेशन, बस अड्डा एवं अन्य भीड़ वाली जगहों पर कोविड टीकाकरण के लिए 24/7 विशेष टीकाकरण सत्र का आयोजन कर बाहर से आने वाले ऐसे लोग जो पूर्ण रूप से टीकाकृत नहीं हैं उनका टीकाकरण करने की योजना है। इस आलोक में संजय कुमार सिंह, कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति ने सभी जिलाधिकारी एवं सिविल सर्जन को पत्र जारी कर जरुरी निर्देश दिए हैं।

**रेलवे स्टेशन, बस अड्डा एवं अन्य भीड़ वाली जगहों पर होगा विशेष सत्र का संचालन▫**

जारी पत्र में निर्देश दिया गया है कि जिलान्तर्गत प्रवेश करने वाले सभी प्रमुख स्थलों यथा▫ रेलवे स्टेशन, बस अड्डा एवं अन्य भीड़ वाली जगहों पर कोविड-19 टीकाकरण के लिए 24/7 के आधार पर विशेष टीकाकरण सत्र का आयोजन कर टीकाकरण सुनिश्चित कराया जाना है। जारी पत्र में निर्देशित है कि इन स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में एइएफआई किट की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए एक चिकित्सक की भी उपस्थिति अनिवार्य रूप से किया जाना है। साथ ही इन सत्र स्थलों पर 24/7 सत्र आयोजन के बारे में जनमानस को अवगत कराने हेतु इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए गये हैं।

**जनमानस के लिए सुविधाओं से लैस होंगे विशेष टीकाकरण स्थल▫**

जारी पत्र में बताया गया है कि टीकाकरण सत्र स्थलों पर साफ़-सफाई की व्यवस्था के साथ लाभार्थियों के अन्य सुविधाओं का भी ध्यान रखा जायेगा। लाभार्थियों के लिए पीने का पानी, बैठने की व्यवस्था, सत्र स्थल पर सैनीटाईजर/ साबुन आदि की पूर्ण व्यवस्था भी सुनिश्चित किया जायेगा।

जारी पत्र में निर्देशित है कि टीकाकरण के दौरान वैक्सीन का अपव्यय न हो इसपर विशेष ध्यान दिया जाए। भीड़-भाड़ की संभावना को देखते हुए टीकाकरण स्थल पर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बलों की तैनाती का भी निर्देश दिया गया है।

## खास ख़बर

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी चड्ढा ने पुर्व सासद कंवर सिंह तंवर, चौ, ललित तंवर जिले के विकास कार्यो तथा उत्तर प्रदेश की राजनीतिक स्थिति एवं उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव के विषय में चर्चा करी

**बिजनौर/राष्ट्रीय प्रसार** ।भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी चड्ढा के आवास पर पुर्व भाजपा सासद कुंवर कंवर सिंह तंवर और जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने

आत्मीय भेंटकर कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और अमरोहा जिले के विकास कार्यों तथा उत्तर प्रदेश की राजनीतिक स्थिति एवं उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव के विषय में चर्चा करी भाजपा के पुर्व सासद कुंवर कंवर सिंह तंवर और जिला पंचायत अध्यक्ष चौ, ललित तंवर ने बताया की आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। सरकार को दुरुस्त करने के बाद अब क्षेत्रवार नब्ज टटोलने का सिलसिला शुरू किया गया है। अमरोहा कमान की भाजपा के पुर्व सासद कुंवर कंवर सिंह तंवर और जिला पंचायत अध्यक्ष चौ, ललित तंवर ने संभाल रहे हैं। क्षेत्रवार फीडबैक लेने का सिलसिला शुरू किया गया है। सबसे पहले अमरोहा विधानसभा क्षेत्रवार फीडबैक लिया गया भाजपा के पुर्व सासद कुंवर कंवर सिंह तंवर और जिला पंचायत अध्यक्ष चौ, ललित तंवर ने बताया की अब तक हमारी भाजपा आम जनता के हित में है. सरकार की ओर से किए गए वो कार्य जो काबिल-ए-तारीफ है. भ्रष्टाचार मुक्त सरकार- भाजपा सरकार की खास बात ये है भाजपा सरकार के मंत्री भ्रष्टाचार से दूर रहे हैं. जिस तरह पिछली सरकार, कोयला स्कैम, कॉमनवेल्थ स्कैम, चॉपर स्कैम, आदर्श स्कैम के आरोपों में घिरी रही, उससे उलट भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार के मामले कम आए. वही, भाजपा के पुर्व सासद कुंवर कंवर सिंह तंवर और जिला पंचायत अध्यक्ष चौ, ललित तंवर ने आगे बताया कि जब से अब तक प्रधानमंत्री ने जनता के लिए कई कार्य किए हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2014 में जन-धन योजना की घोषणा स्वतंत्रता दिवस के मौके पर की थी. इस योजना का मकसद देश के हर नागरिक को बैंकिंग सुविधा से जोड़ना है और इन योजना के तहत 31.31 करोड़ लोगों को फायदा भी मिला है. ओर आर्थिक जगत के क्षेत्र में ये दुनिया की सबसे बड़ी योजना है. इसने एक सप्ताह में सबसे अधिक 1,80,96,130 बैंक खाते खोलने के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया. उन्होंने आगे बताया कि हमारी बीजेपी सरकार ने जीएसटी की ताकि जनता को को राहत मिल सके और इस जीएसटी का मतलब है एक राष्ट्र, एक टैक्स. इस नए टैक्स सिस्टम में सभी वस्तुओं के अलग अलग टैक्स नहीं देना होगा और पूरे देश में एक ही टैक्स व्यवस्था लागू की गई है. यह साल 1991 के बाद से अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के बाद ये वित्तीय क्षेत्र में सुधार को लेकर सबसे बड़ा कदम है, जिसे लागू करने के लिए पिछली सरकार प्रयासरत थी. बीजेपी सरकार ने 1 जुलाई, 2017 को सामान और सेवा (जीएसटी) संसद के सेंट्रल हॉल में आधी रात को संसद के विशेष सत्र में शुरू किया. ओर उन्होंने बताया की बीजेपी सरकार ने उज्जवला योजना यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले उन परिवारों के लिए वरदान साबित हुई है, जिनके पास गैस कनेक्शन नहीं था

मूलभूत सुविधाओं के अलावा सरकार चलाने में एक बड़ी बात है शहीदों का सम्मान करना।

# नेत्र शिविर का हुआ आयोजन, 498 मरीजों की निशुल्क हुई जांच

राष्ट्रीय प्रसार /संवाददाता

**आगरा/बरहन।** आवलखेड़ा क्षेत्र में डेंगू व रहस्यमाई बुखार का प्रकोप कम होने के नाम नहीं ले रहा। 20 घंटे के अंदर ननद भौजी की रहस्यमाई बुखार से मौत हो गई। वही झोलाछाप डॉक्टर अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं। जानकारी के अनुसार आवलखेड़ा के नगला सती में शनिवार को अनीता(19) पुत्री राजकुमार को गुरुवार को तेज बुखार गया। उसका इलाज आवलखेड़ा के एक झोलाछाप डॉक्टर से चल रहा था। तबियत ज्यादा बिगड़ने पर उसे आगरा के एक निजी हॉस्पिटल में रेफर कर दिया। जहाँ इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई। वहीँ उसकी भावी कृष्णा देवी(24) पत्नी भारत सिंह की शनिवार को बुखार आने से तबियत खराब हो गई। उसका भी आवलखेड़ा के एक झोलाछाप डॉक्टर से इलाज कराया। उसकी तबियतज्यादा खराब होने पर उसे भी आगरा रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गई। घर मे 20 घंटे के बीच दो मौत होने के कारण घर मे कोहराम मच गया।

**नगला सती में घर घर बिछी चारपाई**

आवलखेड़ा के नगला सती में घर घर चारपाई बिछी हुई हैं। कई मरीज आगरा के निजी अस्पताल में भर्ती हैं। जिसमें छोटू(2




माह) पुत्र धर्मेंद्र, जूली(30) पत्नी कन्हैया लाल, कुल्लू(5) व आशा(3) पुत्री कन्हैया लाल, हैं। गांव में अवनीश(20) पुत्र अखिलेश, ऋतु(7) पुत्री कन्हैया लाल, सांई देवी(40)पत्नी रामदत्त सिंह, सूरज(24) पुत्र कालीचरण, रेशमा(18) पुत्री रामवतार, ईसा(15) पुत्री रवेंद्र सहित दर्जनों बीमार पड़े हुए हैं।

स्थानीय निवासी रविंद्र सिंह ने बताया कि नगला सती में घर-घर चारपाई बिछी हुई है लेकिन स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कोई उपचार नहीं किया गया है। इसके साथ ही कई बार ग्राम प्रधान से भी गांव में फागिंग एवं एंटी लारवा छिड़काव के लिए कहा गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इस गांव में लगातार कई मौतें हो चुकी हैं लेकिन प्रशासनिक अधिकारी इसकी तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक सुनील कुमार ने कहा कि नगला सती में 20 घंटे के अंदर हुई मौत की जानकारी होने पर पहुंचा। साथ ही ग्रामीणों को दवा उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा कि आज गांव शिविर लगाकर लोंगो की जांच की जाएगी और दवा वितरण करेंगे। साथ कि पूरे गांव में एंटी लार्वा व फोंगिंग कराई जाएगी। जिससे डेंगू मलेरिया जैसी बीमारियों पर रोक लगाई जा सके।

## विजयादशमी के अवसर पर स्वयंसेवको ने किया पथ संचलन

**सासाराम (रोहतास)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सासाराम नगर इकाई द्वारा नगर में विजयादशमी उत्सव के अवसर पर पथ संचलन निकाला गया। कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवक अपने संघ के पूर्ण गणवेश में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला संघचालक प्रोफेसर विजय सिंह, नगर संचालक विजय तुलस्यान एवं प्रांत के ग्राम विकास कार्य प्रमुख काली मोहन थे। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को काली मोहन के द्वारा बौद्धिक प्राप्त हुआ। बौद्धिक के दौरान काली मोहन ने संघे शक्ति कलियुगे उद्घोष के साथ मार्गदर्शन करते हुए कहा कि राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देने की जिम्मेदारी हर एक स्वयंसेवक की है। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों ने नगर का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान स्वयंसेवकों ने भगवा ध्वज के साथ पोस्ट ऑफिस चौराहा, करगहर मोड़, काली स्थान, तकिया होते हुए पटेल धर्मशाला में संचालन का समापन हुआ। कार्यक्रम में विभाग प्रचारक सुरेंद्र कुमार, कार्यक्रम के मुख्य शिक्षक विनीत राय, नगर कार्यवाह सुजीत चौबे, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख क्षितिज सिंह, सुरेंद्र कुमार, यमुना, आशुतोष राय, शिवम तिवारी, अंजनी उपाध्याय, अमन कुशवाहा, अमर कुमार रतन, कुणाल तिवारी, हिमांशु, अभिषेक पाठक सहित सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## सीएचसी पर विधायक द्वारा 56 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड किए गए वितरण



राष्ट्रीय प्रसार /सलीम शेरवानी

**आगरा/खेरागढ़।** मुख्यमंत्री जनआरोग्य अभियान के अंतर्गत खेरागढ़ स्थित सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र पर आयुष्मान अंत्योदय के द्वार कार्यक्रम के माध्यम से अंत्योदय लाभर्थियों को क्षेत्रीय विधायक महेश गोयल द्वारा 56 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। इस अवसर पर विधायक महेश गोयल ने कहा कि यह भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। देश मे पहली बार मोदी और योगी सरकार ने गरीबों के लिए यह योजना लाकर उनके हित व स्वास्थ्य के बारे में सोचा है, इस योजना के तहत गरीब करीब पांच लाख तक के इलाज फ्री में करवा सकते है। इसमें देश के बड़े अस्पताल में कोई भी गंभीर बीमारी का ऑपरेशन भी शामिल है। आयुष्मान योजना कार्ड वितरण कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री देवेंद्र वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता रामसेवक त्यागी, नगर मंडल अध्यक्ष मोहन गोयल, देहात मंडल अध्यक्ष डॉ0 श्यामवीर सिंह, मंत्री उदयप्रताप सिंह, महेंद्र प्रधान, सीएचसी प्रभारी डॉ. वीके सोनी, विवेक शर्मा, राजेश सहित दर्जनों लाभार्थी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## देशी महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार



**कोंच।** आँती थाना क्षेत्र के ग्राम आँती से देशी महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी देते हुए आँती थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार ने बताया कि ग्राम आँती निवासी तुलसी चौधरी के पुत्र रमेश चौधरी (50) को 3 लीटर देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है और केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताते चलें कि पंचायत चुनाव में शराब का बोलबाला बढ़ा हुआ है। जिसे लेकर पुलिस सक्रिय है।

# खांडा में स्वास्थ्य शिविर लगाकर दी 86 मरीजों को दवा

राष्ट्रीय प्रसार /संवाददाता



**आगरा/बरहन।** बरहन के गांव खांडा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर 86 मरीजों को दवा वितरण की।साथ ही 56लोंगो की जांच की गई। सोमवार को डाक्टरों की टीम गांव खांडा पहुंची। सीएचसी प्रभारी सुनील कुमार ने अपनी देखरेख में 86 मरीजों को शिविर लगाकर दवा वितरण की। साथ 56 लोंगो की जांच की गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुखार, खांसी, जुकाम, उल्टी दस्त व खुजली के लगभग 86 मरीजों को दवा वितरण की। चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुनील कुमार ने बताया कि इस मौसम में मलेरिया, डेंगू जैसी रहस्मयी बीमारियां पनप रही हैं। इसलिए सभी को अपने आस पास सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। एक जगह पानी इकट्ठा ना होने दें, कूलर फ्रिज में एक सप्ताह में दो पानी को बदलते रहना चाहिए। जिससे कि उस पानी में लार्वा उत्पन्न ना हो सकें।इस दौरान शिविर में चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुनील कुमार, फार्मासिस्ट आमोद गुप्ता, सौरभ सहित कई उपस्थित रहे।

## औरंगाबाद में राजा नारायण सिंह के प्रतिमा पहुंचने पर जिले वासियों में हर्ष



**औरंगाबाद बिहार।** औरंगाबाद सदर प्रखंड स्थित औरंगाबाद के जनेश्वर विकास केंद्र एवं जन विकास परिषद द्वारा प्रस्तावित भारत माता के अमर सपूत राजा नारायण सिंह के प्रतिमा स्थापित करने हेतु आज औरंगाबाद रमेश चौक पर उनकी भव्य,आकर्षक प्रतिमा पहुंचने पर सैकड़ों जिला वासियों ने हर्षाभिभूत होकर स्वागत किया। प्रतिमा आने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए संस्था के केंद्रीय सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने कहा कि राजा नारायण सिंह ने 1857 गदर के पूर्व अंग्रेजों के प्रबल शत्रु थे। उन्होंने अंग्रेजी हुकुमत का विरोध करते हुए हजारों अंग्रेजों को मौत के घाट उतारने का काम किया था।ऐसे युगपुरुष भारत के महान स्वतंत्र सेनानी के प्रतिमा स्थापित करने हेतु जनेश्वर विकास केंद्र लगातार 31 वर्षों से संघर्ष करते आ रही थीऔर,2017 से ही यह प्रतिमा जयपुर में बनकर तैयार थी। 8 सितंबर विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर प्रतिमा स्थापित करने का कार्यक्रम था। परंतु,8 सितंबर के पूर्व ही कुछ लोगों द्वारा विघ्न पैदा करने के कारण मूर्ति नहीं आ पाई। यथाशीघ्र प्रतिमा का स्थापना किया जाएगा। आज उस संघर्ष का परिणाम है कि राजा नारायण सिंह का प्रतिमा औरंगाबाद जिले के रमेश चौक पर अवस्थित राजा नारायण सिंह पार्क में पहुंचने पर लोगों ने हर्ष व्यक्त किया ।प्रतिमा पहुंचने पर मूर्ति प्रदाता मनोज सिंह, नगर पार्षद चुलबुल सिंह, महाराणा प्रताप सेवा संस्थान के पूर्व सचिव अनिल कुमार सिंह,बिहार प्रदेश सरपंच संघ के प्रदेश महासचिव रवींद्र कुमार सिंह, समाजसेवी रामजी सिंह, अधिवक्ता संघ के जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह गिरिजेश कुमार सिंह, दया पात्र सिंह, विनोद मालाकार,गोपाल राम,शक्ति कुमार सिंह, जसवंत कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी सहित सैकड़ों लोगों ने विशेष सहभागिता निभाई एवं स्वागत किया।

## 20 अक्टूबर तक मनेगा अर्थराइटिस सप्ताह- डॉ पी पुष्कर

अविनाश कुमार राव

**आरा/राष्ट्रीय प्रसार** ।विश्व अर्थराइटिस दिवस प्रत्येक वर्ष 12 अक्टूबर को मनाया जाता है जिसका उद्देश्य जनमानस में जागरूकता फैलाना है ताकि अर्थराइटिस से बचा जा सके एक बार बीमारी हो जाने से जोड़ दर्द दिनोंदिन बढ़ते जाता है और इसका स्थाई इलाज ना के बराबर होता है। शुरुआती लक्षणों को यदि हम पहचान ले तो इस गंभीर और असाध्य बीमारी से बचा जा सकता है लोगों में जागरूकता पैदा हो इसी उद्देश्य से मठिया मोड़ स्थित आयुष कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर द्वारा विगत 10 दिनों में लगभग 600 लोगों का निशुल्क अर्थराइटिस जांच किया गया और जिन्हें शुरुआती लक्षण दिखाई दिया उन्हें स्व चिकित्सा जैसे डिटॉक्स थेरेपी आहार थेरेपी कलर थेरेपी एक्यूप्रेशर थेरेपी से स्व चिकित्सा का परामर्श भी दिया गया जिससे पीड़ित घर बैठे घरेलू सामानों से अपना इलाज कर पूरी जीवन दर्द और दवाओं से बच सके और मिशन पेन फ्री लाइव विथ ड्रग्लेस ट्रीटमेंट का हिस्सा बन सके। पीड़ितों को संबोधित करते हुए और लोगों की बढ़ती भीड़ को नजर में रखकर अर्थराइटिस के प्रति जागरूकता बड़े इस उद्देश्य से 20 अक्टूबर तक के अर्थराइटिस सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा डॉक्टर पी पुष्कर ने कहा की 90त्न अर्थराइटिस की बीमारी खराब पाचन तंत्र बढ़ते प्रदूषण पैरासाइट और बिगड़ती जीवन शैली खान-पान में अनियमितता और शारीरिक व्यायाम की व्यापक कमी के कारण है जिससे आज नसीर बढ़ते उम्र बल्कि नौजवान में भी जोड़ों में दर्द अर्थराइटिस जैसी गंभीर है और असाध्य बीमारी दिनों दिन बढ़ते जा रही है एक आंकड़े के हिसाब से नजर डालें तो अर्थराइटिस पर ध्यान ना दिया जाए तो व्यक्ति विकलांग तक हो सकता है इस बीमारी में कैल्शियम विटामिन डी मिनरल्स के कमी के वजह से हड्डी कमजोर हो जाती है

## श्री पार्श्वनाथ नाकोड़ा ग्रुप की भक्ति से झूम उठे भक्त

**आरा/राष्ट्रीय प्रसार** ।शहर के जेल रोड स्थित दिगम्बर जैन चन्द्रप्रभु मन्दिर में नव-दिवसीय महामहोत्सव के कार्यक्रम में इंदौर से पधारे श्री पार्श्वनाथ नाकोड़ा ग्रुप की भक्ति से झूम उठे भक्त, किया भाव नृत्य एवं डांडिया।भक्ति ग्रुप में गायक मेनका बाकलीवाल इंदौर, प्रज्ञा जैन जबलपुर, विकास मोदी इंदौर, की-बोर्ड पर मौसम भाई, पैड पर यश भाई, ढोलक पर पवन दादा ने अनेकों भक्ति भजनों की प्रस्तुति दी। सुबह जिनेन्द्र प्रभु की भावसहित अभिषेक, पूजन एवं शांतिधारा हुआ। जिसमें शांतिधारा करने का सौभाग्य एकता-निशांत जैन हैदराबाद एवं राजेश्वरी जैन के परिवार को प्राप्त हुआ। दोपहर समय अनुष्ठानाचार्य कपिल भैया व पं गुलाब चन्द्र शास्त्री जी के निर्देशन में षष्ठी श्रृंगारकर्ता किरण जैन छपरा द्वारा देवी ज्वालामालिनी माँ का आह्वान, पूजन, श्रृंगार एवं गोद भराई की गयी। अनुष्ठानाचार्य कपिल भैया ने उपस्थित जनसमूह को बताया कि भरतेश वैभव ग्रंथ में लिखा है कि भरत चक्रवर्ती ने दिग्विजय से पूर्व 9 दिनों तक देवी मां की आराधना की थी तभी से नवरात्रि प्रचलित हुई। उन्होंने कहा कि किसी का भी भाव बिगाड़ोगे तो अपना ही भव बिगड़ जाएगा। एक दिन भोजन नहीं करोगे तो भी चल जाएगा पर एक दिन भजन नहीं करोगे तो कुछ नहीं आयेगा।

मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि देवी ज्वालामालिनी माँ की प्रतिमूर्ति नवीन रजत प्रतिमा जी का प्राण प्रतिष्ठा होना है। मंगलवार को विधिपूर्वक शुरुआत घटयात्रा, इंद्रसभा इत्यादि होकर होगा। संध्याकालीन कार्यक्रम में महाआरती, माता का झूला एवं भाव नृत्य की प्रस्तुति हुई। संयोजक डॉ शशांक जैन ने बताया कि महोत्सव में भाग लेने के लिये भक्तों आने का क्रम जारी है।

## बतौड़ में लगा कानूनी जागरूकता शिविर



**बरवाला /चंद्रपाल राणा/राष्ट्रीय प्रसार ।** गांव बतौड़ के आंगनवाड़ी केंद्र में एडवोकेट मोना ठाकुर की अध्यक्षता में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें भारी संख्या में गांववासियों ने भागीदारी की।लोगों को जानकारी देते एडवोकेट मोना ठाकुर ने बताया कि अगर आप न्याय पाने के लिए मुकद्दमा लड़ना चाहते हैं और इसके लिए आपके पास पैसे नहीं है तो आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है सरकार आपको मुफ्त में वकील उपलब्ध कराएगी।इसके लिए संसद में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम पारित किया था।इसमें गरीबों को मुफ्त में कानूनी सहायता देने का प्रावधान किया गया है।इसके अलावा भारतीय सविंधान में भी कहा गया है कि सम्बंधित राज्य ऐसी व्यवस्था बनाएगा ताकि सभी नागरिकों को न्याय मिल सके।आर्थिक तंगी या किसी अन्य अयोग्यता के कारण कोई नागरिक न्याय पाने से वंचित नहीं रहना चाहिए।।मुफ्त कानूनी मदद पाना हर गरीब का मूलभूत अधिकार है।एडवोकेट मोना ठाकुर ने बताया कि गरीबों को सिर्फ क्रिमनल केस ही नही बल्कि सिविल केस लड़ने के लिए भी मुफ्त में वकील मिलता है।अदालतों को यह शक्ति मिली है की वो किसी गरीब व्यक्ति को मुकद्दमा लड़ने के लिए सरकारी खर्च पर न्याय मित्र यानी%एमिकस क्यूरी% उपलब्ध करवा सकती है।इस मौके पर निवर्तमान सरपंच लछ्मन दास, समाजसेवी हेमसिंह राणा, मुकेश शर्मा सहित काफी गाँववासी उपस्थित थे

# ट्राली से कुचलकर छात्रा की मौके पर ही दर्दनाक मौत





**मनोज गुप्ता खुटार/राष्ट्रीय प्रसार ।** खुटार(शाहजहांपुर)बड़ी बहन के साथ साइकिल से स्कूल जा रही छात्रा को धान से भरे ट्रैक्टर ट्राली ने कुचल दिया जिससे कक्षा पांच की छात्रा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ग्रामीणों ने दौड़ाकर ट्रैक्टर ट्राली सहित चालक को पकड़ लिया खबर मिलते ही सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एवं मृतक छात्रा के परिजन मौके पर पहुंच गए और गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया मौके पर कई थानों की पुलिस फोर्स एवं पीएसी बल पहुंच गया।थाना क्षेत्र के गांव चांदपुर में रहने वाले राजेंद्र राठौर कि नौ वर्षीय पुत्री कंचन राठौर अपनी बड़ी बहन चौदह वर्षीय अर्चना राठौर के साथ नवदिया ओरीलाल में रामकृष्ण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पढ़ती है।कंचन राठौर कक्षा पांच एवं उसकी बड़ी बहन अर्चना राठौर कक्षा नौ की छात्रा है।सोमवार की सुबह दोनों बहने साइकिल से अपने घर से स्कूल के लिए निकली तभी रास्ते में जैसे ही वह चतुरपुर पुल के पास पहुंची तभी सेहरामऊ उत्तरी की ओर से आ रहे धान से भरे ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर साइकिल में लग गए जिससे अर्चना राठौर सड़क पर जा गिरी और उसकी छोटी बहन कंचन राठौर ट्राली के चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई उधर से गुजर रहे राहगीर स्कूल जाने वाले बच्चे चीखने चिल्लाने लगे लेकिन ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर नहीं रोका यह देख ग्रामीणों ने दौड़ा कर उसे नवदिया मोड़ पर पकड़ लिया खबर मिलते ही थाना प्रभारी मनोज कुमार त्यागी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए गुस्साए ग्रामीणों ने नवदिया मोड़ पर एक ट्राली पलट दी एवं जाम लगा दिया और ट्रैक्टर में लगी दूसरी ट्राली को घटनास्थल पर ले जाकर वहां मृतक छात्रा का शव रखकर जाम लगा दिया खबर मिलते ही उप जिला अधिकारी पुवायां सतीश चंद्रा एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी पुवायां बी एस वीर कुमार खुटार पुलिस सहित कई थानों की पुलिस फोर्स एवं पीएसी बल पहुंच गया।

मौके पर एसडीएम सतीश चंद्रा सीओ वीएस वीर कुमार खुटार चेयरमैन अनुपम शुक्ला ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया जिस पर परिजनों ने मुआवजे की मांग कर रहे है। करीब चार घंटे लगे जाम के बाद अधिकारियों के समझाने पर दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

## दखल

# क्वांटम क्रांति के लिए होड़



भविष्य में क्वांटम कंप्यूटिंग हमारी डिजिटल दुनिया का नक्शा बदल कर रख देगी। हम कई नई चीजें कर पाने में सक्षम होंगे। जैसे दवाइयां बनाना या प्रोटोटाइप करना या फिर ईंधन का कम इस्तेमाल सुनिश्चित करने के लिए रास्ते निर्धारित करना। क्वांटम कंप्यूटर की मदद से जटिल से जटिल समस्याओं को हल करने का रास्ता निकल सकेगा। गोपनीय कूट संकेत को हल करने का काम भी क्वांटम कंप्यूटर से काफी आसान हो जाएगा।

**अमेरिका** और चीन के बीच एक ऐसे क्वांटम कंप्यूटर के विकास के लिए होड़ चल रही है जो आज की डिजिटल दुनिया को बदल कर रख देगा। सूचना तकनीक के क्षेत्र में यह उसी तरह की क्रांति होगी जैसे कंप्यूटर के आने से हुई। अमेरिका ने एक सौ अठारह योजनाओं में लगभग पच्चीस करोड़ डालर का निवेश किया है। उधर, चीन सरकार हेफेई में नेशनल लेबोरेटरी ऑफ क्वांटम इन्फार्मेशन साइंस विकसित कर रही है। दो साल पहले ही चीन ने पहले क्वांटम संचार उपग्रह छोड़ा था। चीन जिनान प्रांत में एक गुप्त संचार नेटवर्क भी स्थापित कर रहा है। क्वांटम सूचना के क्षेत्र में दुनिया की दो बड़ी आर्थिक शक्तियों की प्रतिद्वंद्विता इसके महत्त्व को दर्शाती है। दरअसल यह तकनीक इतनी शक्तिशाली होगी कि दुनिया को बदल कर रख देगी। क्वांटम कंप्यूटर बनाने के लिए भारत सहित कई देशों के वैज्ञानिक प्रयासरत हैं। डिजिटल युग में जिसके पास डेटा है, वही सबसे ताकतवर है। क्वांटम कंप्यूटर की विशेषता यह है कि यह डेटा विश्लेषण की रफ्तार लाखों गुना बढ़ा देगा।

कम से कम जगह में ज्यादा से ज्यादा डेटा जमा कर सकता है और गणना की तकनीक को अधिक दक्ष बना सकता है। इससे ऊर्जा की खपत भी कम होगी। आज क्वांटम कंप्यूटर बनाने के लिए माइक्रोसॉफ्ट, इंटेल, एल्फाबेट-गूगल, आइबीएम, डी-वेब सहित अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियां और विभिन्न देशों की सरकारें अपने रक्षा बजट का बड़ा हिस्सा इस अभियान पर खर्च कर रही हैं। भौतिक विज्ञानी नील्स बोहर के अनुसार 'अगर क्वांटम भौतिकी ने आपको गहरा धक्का न दिया होता तो उसे आप समझ भी नहीं पाए होते।' क्वांटम स्तर पर दुनिया बिल्कुल ही अलग है। यहां सब कुछ हमारी सामान्य समझ के एकदम विपरीत घटित होता है। यह शून्य अथवा एक की सीधी-साधी दुनिया नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी जगह है जहां शून्य और एक दोनों की अजीबोगरीब स्थितियां हैं। क्या हमारी दुनिया में यह मुमकिन है कि हम एक सिक्का उछालें और चित्त व पट दोनों एक साथ आ जाए! क्वांटम कंप्यूटिंग के जरिए हम एक ऐसी दुनिया में दाखिल होते हैं जिसमें कई समानांतर गणनाओं का हल एक साथ दिया जा सकता है।

वर्तमान समय में बहुत अधिक आंकड़ों के समूह में से कम समय में कुछ आवश्यक सूचनाएं प्राप्त करना बड़ी समस्या है। इस जटिल कार्य को क्वांटम कंप्यूटर बहुत ही आसानी से कर सकता है। उदाहरण के लिए, यदि हमें दस लाख सोशल मीडिया प्रोफाइल में से किसी एक व्यक्ति की जानकारी खंगालनी है तो एक पारंपरिक कंप्यूटर उन सभी दस लाख लोगों से जुड़ी सूचनाओं को देखेगा और इसमें उसे दस लाख चरणों से गुजरना होगा। जबकि क्वांटम कंप्यूटर उसे एक हजार चरणों में ही निपटा सकता है। इसकी सबसे महत्वपूर्ण विशेषता इसकी रफ्तार है। यह कई पारंपरिक कंप्यूटरों द्वारा एक समय में समानांतर तौर पर किए जाने वाले काम को अकेले ही कर सकता है। बैंकिंग और सुरक्षा अनुप्रयोगों में उपयोग किए जाने के लिए कई कूट प्रणालियों का उपयोग इन कंप्यूटरों में किया जाता है जो गणितीय समस्याओं को सुलझाने में एक सीमा के बाद असमर्थ है।

क्वांटम कंप्यूटर इन कमियों को दूर कर सकते हैं। इसके अलावा ये वैज्ञानिक अनुसंधानों, खगोलीय अंतरिक्ष मिशनों, डेटा संरक्षण आदि के लिए भी उपयोगी हो सकते हैं। दो साल पहले इंटरनेट की दुनिया के बेताज बादशाह गूगल ने यह बता दिया था कि दुनिया क्वांटम युग के करीब पहुंच गई है। दुर्घटनावश सितंबर, 2019 में विज्ञान शोध पत्रिका 'नेचर' में छपा एक लेख ऑनलाइन लीक हो गया था। इससे यह पता चला कि गूगल ने 'साइकामोर' नामक एक ऐसा क्वांटम कंप्यूटर विकसित कर लिया है जो एक सेकंड में बीस हजार लाख करोड़ गणनाएं करने में सक्षम है। बाद में, गूगल ने यह भी दावा किया कि साइकामोर ऐसी गणनाओं को महज दो सौ सेकंड में करने में सफल रहा है जिसे दुनिया के सबसे तेज सुपर कंप्यूटर 'समिट' को करने में दस हजार साल लग जाते। गूगल के इस दावे में कितनी सच्चाई थी, यह अभी तक नहीं पता चल पाया है। लेकिन साधारण क्वांटम कंप्यूटर भी आज के सुपर कंप्यूटरों से लाखों गुना तेज होंगे, इस बात में कोई संदेह नहीं है।

क्वांटम तकनीक के विशेषज्ञों के अनुसार यह सूचनाओं के विश्लेषण में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता रखती है। सभी सूचनाएं शून्य और एक में कूट रूप से दर्ज होती हैं। लेकिन साठ के दशक में पता चला कि जहां ये सूचनाएं रखी जाती हैं वह जगह इनके इस्तेमाल को प्रभावित कर सकती है। इसका मतलब ये है कि हम सूचनाओं को कंप्यूटर चिप पर स्टोर कर सकते हैं, जैसा कि हम आजकल कर रहे हैं, लेकिन हम शून्य और एक को अन्य बेहद सूक्ष्म स्थान पर जमा कर सकते हैं जैसे कि एक अकेले परमाणु में या फिर छोटे-छोटे अणुओं में। चीनी वैज्ञानिक एलेखांद्रो पोजास के अनुसार ये परमाणु और अणु इतने छोटे होते हैं कि इनके व्यवहार को अन्य नियम भी निर्धारित करते हैं। जो नियम परमाणु और अणु के व्यवहार को तय करते हैं वही क्वांटम दुनिया के नियम हैं। कुछ वर्ष पहले तक क्वांटम कंप्यूटिंग वैज्ञानिकों के लिए एक सैद्धांतिक कल्पना से ज्यादा कुछ नहीं थी। लेकिन पिछले दो वर्षों में पूरा परिदृश्य ही बदल गया। इस दिशा में हो रही प्रगति की रफ्तार का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पूरा क्वांटम कंप्यूटर तो नहीं, पर उसके प्रोसेसर या सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (सीपीयू) को बाजार में पेश किया जा चुका है। हाल में एक डच कंपनी क्वांटवेयर ने दुनिया की पहली क्वांटम प्रोसेसिंग यूनिट (क्यूपीयू) को पेश किया है। इस सुपरकंडक्टिंग प्रोसेसर का नाम है-सोप्रानो। क्वांटम कंप्यूटिंग के चालीस साल के इतिहास में यह किसी चमत्कारिक उपलब्धि से कम नहीं है।

बहरहाल, इस क्षेत्र में अभी तक जितना कुछ हुआ है, उसके आधार पर कहा जा सकता है कि चीन ने इस दौड़ में अपनी बढ़त बना ली है। 2016 में चीन ने दुनिया का पहला क्वांटम संचार उपग्रह छोड़ने की घोषणा की थी और दावा किया था कि वह इसके जरिए कूट संकेतों में संचार स्थापित कर सकता है जिसे दूसरा कोई देश नहीं पढ़ सकता। इन प्रयोगों के जरिए चीन ने क्वांटम तकनीक की अवधारणा को ही साबित नहीं किया, बल्कि उसने यह भी दिखा दिया कि उसके पास ऐसा करने की क्षमता है। क्वांटम तकनीक के उपयोग से स्वास्थ्य एवं विज्ञान, सुरक्षा, औषधि निर्माण और औद्योगिक निर्माण जैसे क्षेत्रों में हजारों नई संभावनाएं पैदा होंगी। आने वाले वक्त में इस दिशा में तीव्र प्रतिस्पर्धा देखने को मिल सकती है। भविष्य में क्वांटम कंप्यूटिंग डिजिटल दुनिया का नक्शा बदल कर रख देगी। हम नई चीजें कर पाने में सक्षम होंगे। जैसे दवाइयां बनाना या प्रोटोटाइप करना या फिर ईंधन का कम इस्तेमाल सुनिश्चित करने के लिए रास्ते निर्धारित करना।

क्वांटम कंप्यूटर की मदद से जटिल से जटिल समस्याओं को हल करने का रास्ता निकल सकेगा। लेकिन सरकारों की सबसे ज्यादा दिलचस्पी रक्षा क्षेत्र में इनका इस्तेमाल करने में है। जैसे कि बेहद सुरक्षित संवाद स्थापित करना या दुश्मन के विमानों का पता लगाना। क्वांटम कंप्यूटर को लेकर बड़ी चिंता इसके गोपनीय कूट संकेत को हल करने को लेकर है। क्वांटम कंप्यूटर से यह आसान हो जाएगा।

## विचार

# स्पेस में भारत की बढ़ेगी भूमिका

भारत को इनोवेशन का नया सेंटर बनाने के मकसद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को इंडियन स्पेस एसोसिएशन का उद्घाटन किया। यह एसोसिएशन स्पेस के क्षेत्र में भारत को और कितनी मजबूती से स्थापित किया जाए, इस पर काम करेगा।



पीएम नरेंद्र मोदी ने इंडियन स्पेस एसोसिएशन का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को इनोवेशन का नया सेंटर बनाना है। उन्होंने कहा कि भारत उन गिने-चुने देशों में है, जिसके पास एन्ड टु एन्ड टेक्नोलॉजी है। हमने एफिशिएंसी को ब्रांड का अहम हिस्सा बनाया है। स्पेस एक्सप्लोरेशन की प्रोसेस हो या स्पेस की टेक्नोलॉजी हो... इसे हमें निरंतर एक्सप्लोर करना है। एक पार्टनर के तौर पर इंडस्ट्रीज को युवा इन्वेंटर को सपोर्ट कर रही है और करती रहेगी। हमने देखा है कि 20वीं सदी में स्पेस और स्पेस पर राज करने की प्रवृत्ति ने दुनिया के देशों को किस तरह विभाजित किया। अब 21वीं सदी में स्पेस दुनिया को जोड़ने में अहम भूमिका निभाए, ये भारत को सुनिश्चित करना होगा। देश ने पिछले कुछ सालों में अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में काफी प्रगति की है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने भी कई लॉन्च सफल रहे हैं।

हालांकि, कोरोना की वजह से इनमें से कुछ अंतरिक्ष मिशनों के कार्यक्रम में देरी आई है। देश के पहले सौर मिशन के 2022 की तीसरी तिमाही में लॉन्च होने की संभावना है। अगले साल भारत की दूसरी अंतरिक्ष वेधशाला एक्सपोसैट लॉन्च होगी। वहीं, गगनयान मिशन भी 2022 के अंत तक या 2023 की शुरुआत में शुरू होने की संभावना है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) साल दर साल नए-नए इतिहास रच रहा है। अब स्वदेशी ही नहीं विदेशी उपग्रहों का प्रक्षेपण इसरो करने लगा है। दुनिया भर में इसरो की साख बढ़ी है। आज दुनिया में जिस तरह के हालात बनते जा रहे हैं, अमेरिका, रूस, चीन जैसे दुनिया के कुछ ताकतवर देश जिस प्रकार पिछले कुछ दशकों में मजबूत अंतरिक्ष शक्ति के रूप में उभरे हैं और अंतरिक्ष में अपने हथियारों की तैनाती कर रहे हैं, उससे भविष्य में अंतरिक्ष युद्ध की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

ऐसे में भारत के लिए भी इसी दिशा में कदमताल करते हुए अंतरिक्ष में अपनी स्थिति मजबूत करना समय की मांग है और ऐसे में भारत के लिए इसरो की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। इसरो जिस जोश और उन्नत तकनीक के साथ सफल अभियानों को अंजाम दे रहा है, उसका लोहा आज पूरी दुनिया मान रही है। इसरो के बुलंद हौसलों और उसके अभियानों की बड़ी सफलता दर के कारण ही 'नासा' भी अब अपने उपग्रह पृथ्वी की कक्षा में स्थापित कराने के लिए इसरो की मदद ले रहा है। उरी हमले का बदला लेने के लिए भारतीय सेना ने पाकिस्तान में जो सर्जिकल स्ट्राइक की थी, उसमें इसरो के उपग्रहों की मदद से ही आतंकियों के ठिकानों का पता लगाया गया था और सजीव तस्वीरें मंगाई गई थीं। ठीक उसी प्रकार बालाकोट हमले के बाद किए गए हवाई हमलों में भी इसरो ने अंतरिक्ष में स्थापित उपग्रहों से तस्वीरें ली थीं। इसरो की तीन उपग्रह श्रृंखलाओं (रीसैट, काटोर्सैट तथा जीसैट) इस कार्य में मददगार साबित हुई थीं।

# भारत में विलुप्त होतीं वनस्पतियां



भारत में पिछले 50 वर्षों में सबसे ज्यादा जंगली वनस्पतियों का विलोपन हुआ। इसकी एक बड़ी वजह पेड़-पौधों की अंधाधुंध कटाई रही है। लेकिन दूसरे भी कई कारण हैं। जैसे वनस्पतियों के संरक्षण के प्रति लोगों की घटती दिलचस्पी, सूखा या बाढ़ और वनस्पतियों को जीवन का हिस्सा मानने की प्रवृति का कम होते जाना भी है।

**आने** वाले दशकों में वनस्पतियों की प्रजातियों के लुप्त होने का बड़ा कारण कटिबंधी वनों का विनाश होगा। यह चेतावनी वाशिंगटन के विश्व संसाधन संस्थान के अध्ययन में दी गई है। गौरतलब है कटिबंधीय वनों में ही संपूर्ण वनस्पतियों की 50 फीसद वनस्पतियां पाई जाती हैं। ये प्रकृति के संतुलन को बनाए रखती हैं। धरती के प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने में मानव से भी ज्यादा भूमिका वन्य प्राणियों और वनस्पतियों की है। इसलिए इनके विलुप्त होने से प्रकृति पर गहरा असर पड़ेगा। इस खतरे को देखते हुए ही पिछले तीन दशकों में ज्यादातर देशों ने जीवों और वनस्पतियों के संरक्षण के लिए गंभीर प्रयास शुरू तो किए हैं, लेकिन ये अभी तक ठोस नतीजे नहीं आए हैं।

आंकड़े बताते हैं कि धरती पर 19 हजार से ज्यादा पेड़-पौधे विलुप्त होने के कगार पर आ गए हैं। विलुप्त हो रहे ये पेड़-पौधे जैव विविधता विलोपन के अंतर्गत आते हैं। इसके मुताबिक यदि किसी वन्य जीव के प्राकृतिक वास को सत्तर फीसद कम कर दिया जाए तो वहां निवास करने वाली 50 फीसद प्रजातियां लुप्त होने की स्थिति में पहुंच जाएंगी। इससे पता चलता है कि वन्य जीवों व वनस्पतियों में सहजीवन की पूरकता है। इसलिए जितना वनस्पतियों को विलुप्त होने से बचाना जरूरी है, उतना ही वन्य जीवों को भी। शोध बताते हैं कि विश्व में जंगली पेड़ों की आधी प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर आ गई हैं। इससे वैश्विक स्तर पर जंगलों के पारिस्थितिकी तंत्र का चरमराने का खतरा बढ़ गया है।

इस संबंध में पिछले दिनों 'स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स ट्रीज रिपोर्ट' भी जारी की गई। इसमें पांच साल पहले तक चले अंतरराष्ट्रीय अध्ययन में जंगली पेड़ों की 17 हजार 510 प्रजातियों का अस्तित्व गंभीर खतरे में पाया गया है। गौरतलब है यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर पेड़ों की कुल ज्ञात 58 हजार 497 प्रजातियों का 29.9 फीसद है। अध्ययन में 7.1 फीसद अन्य प्रजातियों का अस्तित्व भी खतरे में होने की बात सामने आई है। अध्ययन में बताया गया है कि 21.6 फीसद प्रजातियों की मौजूदा स्थिति का विस्तृत विश्लेषण नहीं किया जा सका है, जबकि 41.5 फीसद प्रजातियों का अस्तित्व शोधकर्ताओं को सुरक्षित मिला। अध्ययन में ब्राजील में विलुप्तप्राय प्रजातियों की संख्या सबसे अधिक एक हजार 788 दर्ज की गई है। इसमें महोगनी, शीशम आदि प्रमुख हैं।

वहीं पर वनस्पति विविधता के लिहाज से कम संपन्न माने जाने वाले यूरोप और उत्तर अमेरिका में भी पेड़ों की कई प्रजातियां खतरे में मिली हैं। कीटों का आतंक और कीटनाशकों का ज्यादा इस्तेमाल इसकी मुख्य वजह बताई गई है। स्टेट ऑफ द वर्ल्डस ट्रीज रिपोर्ट के मुताबिक ब्राजील में सबसे ज्यादा जंगली वनस्पतियों के विलुप्त होने का खतरा है। ब्राजील में पाई जाने वालीं आठ हजार 857 प्रजातियों में से एक हजार 788 यानी बीस फीसद जंगली वनस्पतियों के विलुप्त होने का खतरा बढ़ गया है। कोलंबिया में पाई जाने वाली पांच हजार 868 जंगली वनस्पतियों में से 834 यानी चौदह फीसद वनस्पतियां, इंडोनेशिया में पाई जाने वाली पांच हजार 716 वनस्पतियों में से एक हजार 306 यानी 23 फीसद वनस्पतियों पर विलुप्ति का खतरा मंडरा रहा है।

हरे-भरे मलेशिया की हालत भी लगभग ऐसी ही है। आंकड़े बताते हैं कि मलेशिया में पाई जाने वाली पांच हजार 422 जंगली वनस्पतियों में से एक हजार 295 यानी 24 फीसद इसी संकट से गुजर रही हैं। गौरतलब है कि मलेशिया ऐसा देश है जहां लोग वन व वनस्पतियों को लेकर काफी जागरूक हैं। छोटे से देश वेनेजुएला में चार हजार 812 जंगली वनस्पतियां पाई जाती है जिसमें छह सौ चौदह यानी 13 फीसद समाप्ति की ओर हैं। और दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश चीन में पाई जाने वाली चार हजार 608 वनस्पतियों में से 890 यानी 19 फीसद वनस्पतियों पर विलुप्त होने का खतरा मंडरा रहा है। इन आंकड़ों से एक बात तो साफ है कि वनस्पतियों की सुरक्षा और संरक्षण के प्रति तकरीबन सभी देशों में उदासीनता और लापरवाही की स्थिति है। गौरतलब है वन्य जीवों के प्रति भी लोगों की कमोवेश ऐसी ही असंवेदनशीलता देखने को मिल रही है।

भारत में पिछले पचास वर्षों में सबसे ज्यादा जंगली वनस्पतियों का विलोपन हुआ। इसकी एक बड़ी वजह पेड़-पौधों की अंधाधुंध कटाई रही है। लेकिन दूसरे भी कई कारण हैं। जैसे वनस्पतियों के संरक्षण के प्रति लोगों की घटती दिलचस्पी, सूखा या बाढ़ और वनस्पतियों को जीवन का हिस्सा मानने की प्रवृति का कम होते जाना भी है। कंपनियों के फैलाव, उनके द्वारा उस इलाके की वनस्पतियों को उजाड़ने और पानी का अंधाधुंध दोहन की वजह से भी तमाम उपयोगी वनस्पतियां देखते ही देखते हमेशा के लिए विलुप्त हो गईं। सरकारी और गैर सरकारी प्रयास उन क्षेत्रों तक ही सीमित रहे जहां वनस्पतियों की सुरक्षा का दायित्व वन विभाग को सौंपा गया। वन्य जीवों के संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 194 देश लुप्त प्राय व अन्य जोखिम वाली प्रजातियों के संरक्षण के लिए जैव विविधता कार्ययोजना तैयार करने के लिए सहमति जताने वाले समझौते पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। दरअसल, पुरानी पीढ़ी के लोग पेड़-पौधों को 'मित्र' के रूप में देखते थे। वनस्पति विज्ञान की समझ वैज्ञानिक रूप से न होने के बावजूद लोग यह मानते थे कि जीव-जंतु और वनस्पतियां उनकी जिंदगी के अहम हिस्से हैं। इनके बगैर खुशहाल जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इसलिए लोगों में जागरूकता थी।

यही कारण है कि पेड़-पौधों के अंधाधुंध कटाई को रोकने के लिए भारत और दूसरे देशों में जमीनी स्तर पर आंदोलन चलाए गए। भारत में कर्नाटक में आपिको आंदोलन चलाया गया। इसी तरह चिपको आंदोलन चला। झारखंड के वनवासियों ने जंगल बचाओ आंदोलन चलाया। इसका असर यह हुआ कि 2006 में तत्कालीन केंद्र सरकार ने जंगल अधिकार कानून पास किया। लेकिन भारत में इसके बावजूद पेड़-पौधों की कटाई और छोटी वनस्पतियों की नुचाई बेतहाशा होती रही। इसका परिणाम यह हुआ कि तमाम बहुमूल्य वनस्पतियां हमेशा के लिए विलुप्त हो गईं। पिछले पचास-पाठ सालों में इंसान प्रकृति से लगातार दूर होता चला गया है। बल्कि यह कहना ज्यादा सटीक होगा कि उसने अपने स्वार्थ में वनों को उजाड़ डाला है। यह उन देशों में भी हो रहा है जहां वन्य जीवों और वनस्पतियों के विनाश के खिलाफ कानून बनाए गए हैं और लोगों में कई मामलों में जागरूकता है।

यदि हम देखें तो कानून का डर लोगों में वैसा नहीं है, जैसा होना चाहिए। दूसरी बात, मानव ने धरती की हर वस्तु या तत्व पर अपना एकाधिकार मान लिया है। उसे अपना जीवन, सुख और स्वार्थ ही सबसे महत्वपूर्ण लगता है। सहचर और मैत्री की पूरकता की भावना समाप्त हो चुकी है। इसलिए लोगों में धरती के अकूत दोहन को रोकने के साथ सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने की जरूरत है।



नया एसोसिएशन नीति की वकालत करेगा और सरकार और उसकी एजेंसियों सभी हितधारकों के साथ जुड़ेगा। यह अंतरिक्ष उद्योग की आवाज बनेगा।

**जितेंद्र सिंह, केंद्रीय मंत्री**




भारत ने पिछले कुछ वर्षों में अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में काफी प्रगति की है। इसरो ने भी कई प्रक्षेपण किए हैं। हम लगातार स्पेस में धाक जमा रहे हैं।

**के सिवन, इसरो प्रमुख**

## सत्यार्थ

# बुरी संगत में बुरा ही होगा



अयोध्या के राजमहल में श्रीराम का राजतिलक होने वाला था। सारी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। कैकेयी राजा दशरथ से हमेशा कहा करती थीं कि राम का राजतिलक कर देना चाहिए। कैकेयी के सगे बेटे भरत थे, लेकिन वह राम को बहुत प्रेम करती थीं। अयोध्या में मंथरा नाम की एक सेविका थी। वह कैकेयी के साथ उनके मायके से दहेज में आई थी। मंथरा की बुद्धि देवी सरस्वती ने फेर दी थी। मंथरा थी भी कुटिल। मंथरा कैकेयी के पास जाती है और कहती है, राम का राजतिलक होने वाला है। कैकेयी उससे प्रसन्न होकर कहती हैं, तू बोल तुझे क्या इनाम चाहिए, तूने आज मुझे मेरे मन की बात सुनाई है। मैं आज बहुत प्रसन्न हूं कि राम राजा बन रहा है। मंथरा तो कैकेयी की मति बिगाड़ने आई थी, यहां कैकेयी राम की प्रशंसा कर रही हैं, लेकिन मंथरा जैसे लोग कभी थकते नहीं हैं। मंथरा ने सबसे पहले कुछ तर्क दिए तो कैकेयी ने सारी बातें खारिज कर दीं। मंथरा जानती थी कि कैकेयी जेल जाने से बहुत डरती हैं, कारागृह उनका आंतरिक भय है। मंथरा ने इस बात का फायदा उठाया। मंथरा जैसे लोग दूसरों की कमजोरी का फायदा उठाना बहुत अच्छी तरह जानते हैं। मंथरा ने कहा, अगर राम राजा बने तो राम और कौशल्या तुमको कारागृह में भेज देंगे। ये सुनकर कैकेयी डर गईं और पूछने लगीं, बताओ मैं क्या करूं? मंथरा कहती है, राजा कोई भी बने, मुझे इससे क्या मतलब? राजा अपने आप को निष्पक्ष और अच्छा बताते हैं। थोड़ी देर पहले जो कैकेयी मंथरा को थप्पड़ मार चुकी थीं, इस बात के लिए कि वह राम की आलोचना कर रही है, वही कैकेयी अब पूछती हैं, तू बता अब मुझे क्या करना चाहिए? मंथरा ने कहा, राम को वनवास और भरत को राज। मंथरा एक वृत्ति का नाम है। मंथरा जैसी वृत्ति जब हमारे अंदर आ जाती है तो हम अपने ही घर को तोड़ने का काम करते हैं।

# अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया



संवाददाता/राष्ट्रीय प्रसार

**उत्तर प्रदेश/मिर्जापुर!**अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष में तिवारीपुर विंध्याचल मिर्जापुर के मल्लाह बस्ती में महिला कल्याण विभाग के तत्वाधान में उत्सव कार्यक्रम एवं स्वावलंबन कैंप का आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम में बस्ती की बालिकाओं द्वारा केक काटकर उत्सव मनाया गया साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं आदि को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना बाल सेवा योजना निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि के बारे में महिला कल्याण अधिकारी डॉ मंजू यादव द्वारा जानकारी दी गई एवं उपस्थित लोगों से लड़के एवं लड़की में भेद न करते हुए समान भाव से उनके पालन पोषण शिक्षा आदि की व्यवस्था के लिए अनुरोध किया गया केंद्र प्रबंधक वन स्टॉप सेंटर द्वारा वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली को विस्तार से समझाया गया जिला बाल संरक्षण इकाई से सामाजिक कार्यकर्ता शालिनी देवी जिला समन्वय महिला शक्ति केंद्र द्वारा महिला शक्ति केंद्र की कार्यप्रणाली को विस्तार से समझाया दिव्या जयसवाल द्वारा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090,1098,181, आदि के बारे में बताया गया

इसके साथ ही योजना से संबंधित लाभार्थियों का आवेदन करने हैं विभागीय कर्मियों के साथ एवं जन सेवा केंद्र से अजय यादव की टीम द्वारा कैंप का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 21 निराश्रित पेंशन योजना 9 कन्या सुमंगला 2 बाल सेवा योजना के लाभार्थियों का चिन्हकांत किया गया कार्यक्रम का संचालन अनिल साहनी द्वारा किया गया उक्त कार्यक्रम में भाजपा से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की सहसंयोजक संगीता मिश्रा न्यू वे पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल साथी मल्लाह बस्ती की बालक बालिकाएं महिला पुरुष आदि उपस्थित रहे

## ख़ास ख़बर

### उत्तर प्रदेश-माँ दुर्गा का भव्य पंडाल सजाया गया



ब्रम्हप्रताप सिंह/मीरजापुर/राष्ट्रीय प्रसार !जिगना छानबे के गौरा गांव में श्री कृष्ण कुन्ज सुपर मार्केट के तरफ से ग्राम सभा गौरा इंडियन बैंक के पास में हुआ भव्य माँ दुर्गा का पंडाल सजाया गया है जिसमे ग्राम वाशियों का बहुत ही सहयोग रहा है लोगो का कहना है कि हर वर्ष की भान्ति इस वर्ष भी माँ दुर्गा की प्रतिमा लायें है और नवरात्र के नव दिन माँ की पूजा होगी ग्रमीणों में हर्ष उल्लास का माहौल है

### उत्तर प्रदेश-विकासखंड 96 नियुक्त ग्राम विकास अधिकारी ने सर्वसम्मति से शशिकांत यादव को चुना अपना नेता



**ब्रम्हप्रताप सिंह/मिरजापुर/राष्ट्रीय प्रसार ।** जिगना,विकास खंड 96 ग्राम विकास अधिकारी व एडीओ पंचायत रवि कांत ओझा के चेंबर में और उनकी देखरेख में आज ग्राम विकास अधिकारी की बैठक में वरिष्ठ ग्राम विकास अधिकारी शशीकांत यादव को ग्राम विकास अधिकारी द्वारा निर्विरोध रूप से अध्यक्ष चुना गया जिस पर उन्होंने बताया कि मेरे ग्राम विकास अधिकारी भाइयों द्वारा जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है मैं उसे कर्तव्यनिष्ठा से निभाने का प्रयास करूंगा किसी भी ग्राम विकास अधिकारी को कहीं भी कोई भी प्रताड़ित करने का काम अगर करता है तो मैं उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलूंगा और न्याय दिला कर रहूंगा इस बात पर सभी ग्राम पंचायत अधिकारी ने में मेज पाया कर अध्यक्ष का स्वागत किया इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी हरीश चंद्र बिंद अखिलेंद्र राज सिंह गौरव श्रीवास्तव सौम्या सिंह दिलीप विश्वकर्मा दिलीप यादव सहित सभी ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे

### आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मनाया अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस

**नारनौल /(अमित कुमार यादव)/ राष्ट्रीय प्रसार ।** आजाद के अमृत महोत्सव के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आज अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नारनौल में आयोजित जागरूकता शिविर अधिवक्ता अजय कुमार पांडेय ने बताया कि हर साल 11 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों और उनके अधिकारों के संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस 2021 का मुख्य उद्देश्य डिजिटल भारत की दिशा में महिला शशक्तिकरण है। भारत सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर व समाज में बराबरी का दर्जा दिलाने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृधि योजना व आपकी बेटी हमारी बेटी योजनाओं के बारे में कानूनी जानकारी देते हुए कहा कि पीड़ित महिलाएं किसी भी थाने में एफआईआर दर्ज करा सकती हैं।

## गुरुग्राम में अब एक ही व्यक्ति को बेच पाएंगे इंडिपेंडेंट फ्लोर

**गुरुग्राम, जी एस अग्रवाल।** गुरुग्राम में इंडिपेंडेंट फ्लोर खरीदकर अपना आशियाना बनाने वालों के लिए अहम खबर है। अब फ्लोर की रजिस्ट्री के लिए ओसी लेना अनिवार्य होगा। एक फ्लोर पर बने एक से अधिक फ्लैट अलग अलग व्यक्ति नहीं खरीद सकेंगे। एक बार में एक ही सेल डीड को एग्जीक्यूट किया जाएगा। डीसी ने इस संबंध में डीटीपी समेत जिले के सभी तहसीलदारों के साथ बैठक कर निर्देश जारी कर दिए हैं।

दरअसल, जिले में संपत्ति के दाम दिल्ली एनसीआर में सबसे अधिक हैं। ऐसे में ज्यादातर लोग इंडिपेंडेंट फ्लोर खरीद रहे है। क्लोनाइज़र एक फ्लोर पर एक से ज्यादा फ्लैट बनाकर उनकी एंट्री अलग अलग दिखा देते हैं और इसे इंडिपेंडेंट फ्लोर बताकर लोगों को बेच देते हैं। डीटीपी आर एस बाठ ने बताया कि पालम विहार क्षेत्र से इस तरह के कई मामले सामने आ चुके है। मामला डीसी के संज्ञान में लाया गया है। जिसके बाद डीसी ने जिले के सभी तहसीलदारों के साथ बैठक की और निर्देश जारी किया है। उन्होंने बताया की अब इंडिपेंडेंट फ्लोर की रजिस्ट्री के लिए ओसी अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि ओसी में स्पष्ट होता है कि कितने फ्लोर बने हुए है। एक फ्लोर पर कितने फ्लैट या रूम बने हुए हैं। ओसी मिलने के बाद संपत्ति में कोई भी बदलाव नहीं किया जा सकता। यदि विभाग की अनुमति के बिना कोई बदलाव किया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही जा सकती है। यदि किसी क्लोनाइज़र ने एक फ्लोर पर एक से अधिक फ्लैट बनाए हुए है

## बिहार-दुर्गा पूजा को लेकर विधि व्यवस्था हेतु अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में की गई बैठक



- इसका उल्लंघन करने वालों पर सख्त विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी

**रक्सौल/पूर्वी चंपारण/ राष्ट्रीय प्रसार ।** स्थानीय अनुमण्डल कार्यालय सभागार में सोमवार को एसडीएम आरती कुमारी के द्वारा दुर्गा पूजा को लेकर अधिकारियों कर्मियों व समितियों के साथ बैठक कर कई निर्देश दी सबसे पहले उन्होंने यह निर्देश दिया कि पूजा पंडाल में डीजे व जागरण कार्यक्रम का आयोजन नही करना है।वहीं पूजा पंडाल में मेले का आयोजन व झूला नही लगाया जाएगा। इसका उल्लंघन करने वालों पर सख्त विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी वहीं उन्होंने पूजा समिति को कोविड-19 के सभी मानकों का प्रयोग करने की सख्त हिदायत दी और इसके साथ सुरक्षा के सभी विधि-व्यवस्था को अपनाने का भी निर्देश दी एसडीएम सुश्री आरती कुमारी ने कहा कि लाइसेंस लेने से पूर्व सभी पूजा समिति अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष समेत 10 सदस्यीय टीम की सूची हेतु फ़ोटो देना है जिनकी जिम्मेवारी होगी कि वे पूजा पंडाल में सुरक्षा व्यवस्था का काम करेंगे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी हुई तो सबसे पहले वह जिम्मेवार होंगे मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी संतोष कुमार सिंह व बीडीओ संदीप सौरभ सहित अन्य मौजूद थे।

## महिलाओ से सोने की चेन झपटने वाले कुख्यात झपटमार को उत्तरी ज़िले की एटीएस पुलिस ने किया गिरफ्तार




**नई दिल्ली ( सुनील कुमार ) / राष्ट्रीय प्रसार ।** उत्तरी ज़िले की एटीएस पुलिस ने एक कुख्यात झपटमार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गए झपटमार का नाम शिवम् है जो दिल्ली के पहाड़गंज का रहने वाला है। पुलिस ने इसके पास से लूटी गई एक सोने की चेन और वारदात में प्रयुक्त एक बाइक को बरामद किया है। इसके ऊपर पहले से ही चोरी और झपटमारी के 8 मामले दर्ज़ है। यह सबसे ज्यादा सुबह के समय सैर कर रही महिलाओ को निशाना बनाता था। उत्तरी ज़िले के डीसीपी सागर सिंह कलसी ने आज जानकारी देते हुए बताया की पुलिस को इस बदमाश की तिमारपुर में होने की सुचना मिली थी। इसे दबोचने के लिए ऑपरेशन सेल के एसीपी जयपाल सिंह और इंस्पेक्टर संजीव कुमार की देखरेख में एसआई विकासदीप ,हेडकांस्टेबल बालकिशन ,राकेश ,कांस्टेबल दीपक और अनिल की टीम बनाई गयी। पुलिस टीम ने तिमारपुर में ट्रैप लगाकर इस बदमाश को दबोच लिया। तलाशी के दौरान इसके पास से एक सोने की चेन बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया की वह अपने एक साथी रुपेश उर्फ़ फरमान के साथ मिलकर झपटमारी की वारदातों को अंजाम देता है। फिलहाल पुलिस इससे पूछताछ कर इसके साथी रुपेश की तलाश कर रही है।

## प्रसाद के विवाद में दिल्ली पुलिस की महिला सब इंस्पेक्टर से मारपीट

**गुरुग्राम, जी एस अग्रवाल/राष्ट्रीय प्रसार ।** कार खड़ी करने व प्रसाद खरीदने के विवाद में दिल्ली पुलिस की सब इंस्पेक्टर ने दुकानदारों पर मारपीट करने का मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि दुकानदार शीतला माता मंदिर के पास बनी पार्किंग में फ्री गाड़ी खड़ी करने को लेकर प्रसाद खरीदने का दबाव बना रहे थे। दिल्ली पुलिस की महिला सब इंस्पेक्टर ऋतु ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ शीतला माता मंदिर में आई थी। यहां गाड़ी को मंदिर के पास बनी पार्किंग में खड़ा किया। आरोप है कि यहां दुकानदार उन्हें प्रसाद खरीदने का दबाव बनाने लगे। मना करने पर गाड़ियों को पार्किंग से बाहर निकालने की धमकी देने लगे। आरोप है कि इस विवाद में दुकानदारों ने न केवल उनके बल्कि परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। इसके साथ ही उनके व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अभद्रता की। इस दौरान उनकी देवरानी के कानों के झुमके भी गिर गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों का मेडिकल कराया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दुकानदार नवीन सैनी समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। नवीन सैनी ने आरोप लगाया कि महिला ने उनकी पार्किंग में तीन गाड़ियां लगा दी थी।

## प्राइवेट अस्पताल का सामने आया फर्जीवाड़ा

**गुरुग्राम, जी एस अग्रवाल/राष्ट्रीय प्रसार ।** साइबर सिटी के प्राइवेट अस्पताल द्वारा फर्जीवाड़ा कर मरीज के परिजनों से मनमाने दाम वसूलने का मामला सामने आया हैं। मामला उस वक्त उजागर हुआ जब अस्पताल प्रबंधन ने मरीज के परिजनों से बिल जमा कराया। परिजनों ने पाया कि जिस दिन मरीज को अस्पताल में भर्ती किया था उससे एक दिन पहले का दवा का बिल परिजनों को दिया गया। इसके अलावा कोविड नियमों को दरकिनार कर अस्पताल का बिल बनाया गया।

सतपाल यादव ने बताया कि उनके साले गौरव कुमार की तबीयत खराब होने पर उन्हें 5 मई को डीएलएफ फेज-3 के आरबीएस अस्पताल में भर्ती किया गया था। यहां उसे कोविड आईसीयू में बिना वेंटीलेटर के भर्ती किया गया था। सरकार के निर्देशानुसार आईसीयू का बिल 8 हजार रुपए प्रतिदिन के अनुसार ऑक्सीजन समेत बनाया जाना था, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने इसमें मनमानी की। आरोप है कि अस्पताल ने उन्हें जब बिल दिया तो उसमें 6 हजार रुपए प्रतिदिन ऑक्सीजन के अलग से चार्ज किए गए। गौरव को 5 से 10 मई तक भर्ती किया गया था, लेकिन बिल में उन्हें एक दवाइयों का बिल मिला जो 4 मई का था। पूछताछ करने पर उन्हें कोई संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं मिला।

उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल ने गौरव को दवाइयों की ओवरडोज दी। उसकी एक साइड से नाक बंद हो गई थी जिसके कारण सांस लेने में दिक्कत आ रही थी। दवा देने के बाद भी उसकी नाक में सूजन आ रही थी। हालत में सुधार न होने पर वह गौरव को 10 मई की शाम को पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां जांच में उसे ब्लैक फंगस से ग्रस्त पाया गया। उन्होंने बताया कि अस्पताल द्वारा इलाज में भी काफी लापरवाही बरती गई है। मरीज को दूसरे अस्पताल भेजते वक्त आरबीएस अस्पताल ने उन्हें डिफाल्टर बना दिया। इसके साथ ही निर्धारित से अधिक चार्ज वसूले गए। इस पर उन्होंने पुलिस को शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस पर उन्होंने अदालत में केस दायर कर न्याय की गुहार लगाई। अदालत के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## द्वारका एसटीएफ पुलिस ने चोरी की स्कूटी और पिस्टल के साथ दो कुख्यात झपटमारों को किया गिरफ्तार




**नई दिल्ली ( सुनील कुमार ) /राष्ट्रीय प्रसार ।** द्वारका ज़िले की स्पेशल टास्क फॉर्स पुलिस टीम ने दो कुख्यात झपटमारों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गए झपटमारों के नाम जितेंदर उर्फ़ विक्की और मनीष उर्फ़ चव्वनी है। आरोपी जितेंदर शादीपुर जबकि मनीष हरफूल विहार का रहने वाला है। पुलिस ने इनके पास से चोरी की दो स्कूटी ,एक पिस्टल ,दो ज़िंदा कारतूस और एक टॉय गन बरामद की है। ये दोनों पहले से ही वाहनचोरी और झपटमारी के 8 मामलो में शामिल रहे है। द्वारका ज़िले के एडिशनल डीसीपी सतीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की पुलिस को सुचंना मिली थी की मनीष नाम का कुख्यात झपटमार द्वारका सेक्टर 20 में वारदात को अंजाम देने आने वाला है। इस बदमाश को दबोचने के लिए एसीपी सुनील कुमार और इंस्पेक्टर पवन तोमर की देखरेख में एएसआई विनोद ,अशोक ,धर्मेन्दर ,हेड कांस्टेबल गंगाधर ,कांस्टेबल अनिल ,आज़ाद और शम्भू की टीम बनाई गई। पुलिस टीम ने द्वारका सेक्टर 20 के पास ट्रैप लगाया। तभी पुलिस को संदिगथ परिस्थिति में स्कूटी पर एक युवक आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की तो उसकी पहचान मनीष उर्फ़ चव्वनी के तौर पर हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक पिस्टल और दो ज़िंदा कारतूस बरामद हुए। इसकी निशानदेही पर पुलिस ने इसके साथी जितेंदर को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में पता चला की मनीष अपने साथी जितेंदर के साथ इलाके में वाहनचोरी और झपटमारी की वारदातों को अंजाम देता है। फिलहाल पुलिस इनसे पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

## गर्लफ्रेंड को गोवा घुमाने के लिए करते थे वाहनचोरी ,द्वारका एटीएस पुलिस ने 2 बदमाशों को किया गिरफ्तार




**नई दिल्ली ( सुनील कुमार ) ।** द्वारका ज़िले की एटीएस पुलिस टीम ने वाहनचोरी और झपटमारी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गए बदमाशों के नाम दीपक उर्फ़ नोनी और करन है। ये दोनों दिल्ली के डाबड़ी इलाके के रहने वाले है। पुलिस ने इनके पास से चोरी की चार स्कूटी ,1 बाइक ,1 मोबाइल और 9500 रुपए नकद बरामद किये है। आरोपी दीपक के ऊपर पहले से ही चोरी का एक मामला दर्ज़ है। ये दोनों अपनी गर्लफ्रेंड के साथ गोवा में मौजमस्ती करने के लिए वाहनचोरी कर पैसे का इंतज़ाम कर रहे थे। द्वारका ज़िले के एडिशनल डीसीपी सतीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की पुलिस को इन बदमाशों की डाबडी के छठ पूजा पार्क के पास आने की सूचना मिली थी। इन्हे दबोचने के लिए ऑपरेशन सेल के एसीपी विजय सिंह यादव और इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की देखरेख में एसआई विकास यादव ,हेड कांस्टेबल विजय ,रामराय ,कांस्टेबल संदीप ,अरविन्द और राजेश की टीम बनाई गई। पुलिस टीम ने डाबड़ी के छठ पूजा पार्क के पास ट्रैप लगाया और जैसे ही ये बदमाश वहाँ पहुंचे पुलिस ने इन्हे दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में इन्होने बताया की वे अपनी अपनी गर्लफ्रेंड के साथ गोवा में जाकर मौजमस्ती करना चाहते थे जिसके लिए उनके पास पैसे नहीं थे। पैसो का इंतज़ाम करने के लिए वह इलाके में चोरी और वाहनचोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। फिलहाल पुलिस इनसे पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

## बाल भवन एक ऐसी संस्था है जो बच्चों को विविध कलाओं के प्रर्दशन के लिए मंच उपलब्ध करवाती हैं- विपिन शर्मा



**नारनौल/(अमित कुमार यादव)/ राष्ट्रीय प्रसार ।**हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के महासचिव प्रवीण अत्री के नेतृत्व में आज बाल भवन नारनौल में सरकारी व गैर सरकारी स्कूली बच्चों के लिए 11 दिवसीय जिला स्तरीय बाल महोत्सव प्रतियोगिताएं-2021 का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन कुमार शर्मा मौजूद थे। मुख्यातिथि ने सरस्वती माता के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित करके किया। पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि बाल भवन एक ऐसी संस्था है जो बच्चों को उनकी आयु, रूचि एवं योग्यता के अनुसार उनको विविध कलाओं के प्रदर्शन के लिए मंच उपलब्ध करवाती है। उन्होंने बच्चों द्वारा अपने अध्यापकों व अभिभावकों द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने बच्चों को संकल्प लेने को कहा कि कोई बच्चा अपराध की तरफ न बढ़े। बच्चों को अपनी असफलताओं से निराश नहीं होना चाहिए बल्कि असफलता से सिख लेते हुए निरन्तर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे इस प्रकार के कार्यक्रमों में अधिक से अधिक हिस्सेदारी करके अपना हुनर का प्रदर्शन करते रहें तथा जीवन में कामयाबी प्राप्त करते रहें। उन्होंने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी कि वे जीवन में सफलता प्राप्त करते रहे और एक दिन कामयाब होकर स्वयं बच्चों को पुरुस्कार देने योग्य बनें।

इस मौके पर जिला बाल कल्याण अधिकारी राजेन्द्र सिंह ने उपस्थित छात्र छात्राओं व अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए इससे उन्हें आगे बढने् की प्रेरणा व अवसर मिलते हैं। उन्होंने बताया कि पोस्टर मेंकिंग, स्कैचिंग ऑन द स्पोट, कार्ड मेकिंग व दीया/कैंडल डैकोरेशन प्रतियोगिता के प्रथम व द्धितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चें सीधा आगे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगें। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन की तिथि व स्थान की जानकारी बाद में दे दी जाएगी। सभी प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को जिला स्तरीय बाल दिवस समारोह 14 नवंबर को उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद के प्रधान अजय कुमार द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

जिला बाल कल्याण अधिकारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि आज की प्रतियोगिताओं के तहत पोस्टर मेकिंग (द्धितीय, तृतीय व चतुर्थ ग्रुप), स्केचिंग ऑन द स्पोट (द्धितीय, तृतीय व चतुर्थ ग्रुप), कार्ड मेकिंग (प्रथम ग्रुप), दीया डैकोरेशन (द्धितीय ग्रुप) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें जिले भर के सरकारी व गैर-सरकारी 35 स्कूलों के 350 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। आज की पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने बेटी पढाओ बेटी बचाओ, भ्रूण हत्या, पर्यावरण एवं जल बचाओ, वाईल्ड लाईफ, कोविड-19 के दौरान साफ-सफाई का महत्व आदि विषयों पर सुन्दर पोस्टर बनाए तथा स्केचिंग ऑन द स्पोट में भी अपनी चित्रकारी के माध्यम से अपने भावो को कनवास पर उतारा व रंग बिरंगे रंगो से दिए गए भारतीय प्रसिद्ध नेताओं, खिलाडियों व किसी भी गणमान्य व्यक्तित्व आदि विषयों पर सुन्दर चित्रकारी प्रस्तुत की। इसी कड़ी में कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने जन्मदिन, त्यौहार, फैमिली ट्री, पेस्ट ऑफ फैमिली फोटो आदि विषयों बड़े ही सुन्दर कार्ड बनाए तथा दीया/कैण्डल डैकोरेशन प्रतियोगिता में भी बड़े ही सुन्दर दीप सजावट बच्चों द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि 12 अक्टूबर को स्कूली बच्चों के लिए रगोंली (तृतीय व चतुर्थ ग्रुप), क्ले मोडलिंग (प्रथम व द्वितीय ग्रुप), हैण्ड राईटिंग हिन्दी व अंग्रेजी (प्रथम व द्धितीय ग्रुप) व थाली पूजन/कलश सजावट (तृतीय व चतुर्थ ग्रुप) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि आज की प्रतियोगिताओं में निर्णायकों की भूमिका रतन लाल रिटायर्ड प्राध्यापक कला व देवेन्द्र सैनी रिटायर्ड प्राध्यापक कला ने निभाई।

खास ख़बर

## प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा को राज्य दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड के सदस्य के रूप में नामित किया है

**नारनौल/(अमित कुमार यादव)/राष्ट्रीय प्रसार** । इस आशय की घोषणा आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने रविवार को एक प्रेस वार्ता में की द्य उन्होंने बताया कि संजय शर्मा दिव्यांगजन सहायता क्षेत्र में प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के माध्यम से उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं द्य उनके सेवा कार्यो के दृष्टिगत सरकार ने उन्हें बतौर राज्य सदस्य नामित करने का निर्णय लिया है द्य आयुक्त ने कहा कि राज्य में दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड का गठन दिव्यांगजनों की बेहतरी के लिए किया है द्य इसका मुख्य उदेश्य दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में लाकर सशक्त बनाने, उन्हें पहचान कार्ड उपलब्ध कराने, पी एच सी स्तर पर दिव्यांगजन प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने की व्यवस्था, सरकारी योजनाओं के लाभ पहुंचाने, रोजगार के साधन उपलब्ध कराने, कौशल विकास, मानसिक और शारीरिक सक्षमता को प्रबल बनाना है द्य बोर्ड के माध्यम से सरकार दिव्यांगजन से सीधे जुड़ उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेगी द्य



संजय शर्मा की नियुक्ति पर प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की कार्यकारिणी ने आयुक्त राजकुमार मक्कड़ का आभार जताया है द्य इंटेलिजेंस मीडिया एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अमित कुमार यादव एवं भारत विकास परिषद के प्रान्त अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष हितेंद्र बोहरा, शाखा अध्यक्ष डॉ जितेन्द्र भारद्वाज, सचिव नरोत्तम सोनी, भीमसेन शर्मा, सुभाष सिंगला, राकेश शर्मा ने संजय शर्मा को शुभकामनाएं दी और श्री मक्कड़ का आभार व्यक्त किया

इस अवसर पर अमित कुमार यादव (जिला अध्यक्ष-आई.एम.ए), महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट के अध्यक्ष नितिन चौधरी, उपाध्यक्ष शुभम कंछल , टेक चंद तायल, किशन चौधरी, अधिवक्ता कृष्ण कुमार शर्मा, गोविंद शर्मा, बनवारी लाल एडवोकेट ने भी बधाई दी

## अघोषित बिजली कटौती को लेकर भाजपा वालों ने दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन



**पारस पुरोहित/ तंवरी/राष्ट्रीय प्रसार** । समीपवर्ती कालन्द्री में आज भाजपा की ओर से सिरोही जिला प्रमुख अर्जुन पुरोहित सिरोही प्रधान हसमुख मेघवाल भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष लुम्बाराम चौधरी वरिष्ठ नेता गंगा सिंह राठौड़ कालन्द्री मण्डल अध्यक्ष हिदाराम माली फुंगणी सरपंच व भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री नैनसिंह राजपुरोहित

मोहब्बत नगर पर्व सरपंच विक्रम सिह देवड़ा, पूर्व सरपंच तंवरीपन्नाराम चौधरी जयपाल पुरोहित सहित, ईश्वर रायगुर, गणेश पुरोहित तंवरी सहित सेकड़ो की संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता व किसान संघ के सभी पदाधिकारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे

**रहेजा अर्थवा सोसाइटी निवासी अंजन देवेश्वर ने बताया कि इस बार जो उन्हें बिजली के बिल दिए गए हैं**

# बिल्डरों की मनमानी से रेसिडेंट्स पर बिजली निगम की गाज



**गुरुग्राम, जी एस अग्रवाल/राष्ट्रीय प्रसार** । बिल्डर की मनमानी का कहर अब सोसाइटी में रहने वाले रेसिडेंट्स पर पड़ने लगा है। बिल्डर द्वारा नए सब स्टेशन तैयार न करने व डोमेस्टिक कनेक्शन न लेने का खामियाजा अब रेसिडेंट्स की जेब पर पड़ रहा है। बिजली निगम ने सोसाइटी में अब कमर्शियल रेट से बिजली के बिल भेजने शुरू कर दिए हैं। इसके साथ ही बिजली निगम ने उन सोसाइटी में नए टेम्परेरी व परमानेंट कनेक्शन देने पर रोक लगा दी है जिनकी बिजली अब तक टेम्परेरी कनेक्शन पर चल रही है।

रहेजा अर्थवा सोसाइटी निवासी अंजन देवेश्वर ने बताया कि इस बार जो उन्हें बिजली के बिल दिए गए हैं वह कमर्शियल रेट औसतन करीब साढ़े 11 रुपए प्रति यूनिट हैं जबकि पिछली बार तक यह बिल औसतन साढ़े 7 रुपए यूनिट थे। उन्होंने बताया कि जिले में करीब 150 सोसाइटी ऐसी हैं जिनमें बिजली निगम ने अपनी दरों को डोमेस्टिक से बदलकर कमर्शियल कर दिया है। इसका असर 20 हजार से अधिक परिवारों पर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि बिल्डर ने सोसाइटी निर्माण के दौरान बिजली के टेम्परेरी कनेक्शन लिए थे। सोसाइटी पूरी होने के बाद बिल्डर ने इन कनेक्शन को परमानेंट डोमेस्टिक में तब्दील नहीं कराया।

कई सोसाइटी ऐसी हैं जिन्होंने इसी टेम्परेरी कनेक्शन के आधार पर ही डीटीपी से ओसी प्राप्त कर ली है। पहले भी बिजली निगम ने बिल्डर सोसाइटी में रहने वालों को कमर्शियल रेट के आधार पर बिजली के बिल भेजे थे, लेकिन लोगों के आग्रह पर बिल्डर को समय दिया गया था ताकि वह डोमेस्टिक कनेक्शन के लिए आवेदन करने के साथ ही नियमानुसार बिजली निगम को सब स्टेशन बनाने के लिए जमीन व निर्माण खर्च देगा, लेकिन बिल्डर ने ऐसा कुछ नहीं किया।

उन्होंने बताया कि बिल्डर ने सोसाइटी के फ्लैट बेचते वक्तरेसिडेंट्स से डेढ़ से तीन लाख रुपए वसूल किए थे ताकि सब स्टेशन का निर्माण कराया जा सके, लेकिन आज तक कुछ नहीं किया गया है। इसका खामियाजा आज लोगों को बिजली बिल का दबाव व अत्याधिक कट के रूप में भुगतना पड़ रहा है। एनबीसीसी ग्रीन व्यू सोसाइटी निवासी यादवेंद्र यादव ने बताया कि उनकी सोसाइटी में कई बार बिजली का फाल्ट आ जाता है जिसे ठीक करने के लिए बिजली निगम उन्हें कई दिनों तक परेशान करता है।

वहीं, बिजली निगम के अधिकारियों ने बताया कि उन बिल्डरों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया गया है, जिन्होंने टेम्परेरी कनेक्शन पर ही सोसाइटी रेसिडेंट्स को बिजली कनेक्शन दे दिए। नए इंफ्रास्ट्रक्र को विकसित करने के नाम पररेसिडेंट्स से रुपए तो ले लिए गए, लेकिन यह राशि विभाग में जमा नहीं कराई। कई बिल्डर सोसाइटी में टेम्परेरी व परमानेंट कनेक्शन देने पर रोक लगा दी गई है। उधर, मामले में जिला नगर योजनाकार आर एस बाठ का कहना है कि बिल्डरों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जा रहा है।

## रात के समय किरयाणा स्टोर का शटर उखाड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला आरोपित काबू

पानीपत (जगदीश बीका) थाना किला प्रभारी इंस्पेक्टर महिपाल ने बताया रविवार को थाना किला पुलिस की एक टीम को गुप्त सुचना मिली कि एक संदिग्ध किस्म का युवक किसी अपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक मे पावर हाउस के पास घुम रहा है। पुलिस टीम द्वारा तुरंत मौके पर दंबिश दे युवक को काबू कर पुछताछ की तो युवक ने अपनी पहचान पवन पुत्र संजय निवासी अशोक विहार कालोनी पानीपत के रुप मे बताई । गहनता से पुछताछ करने पर आरोपित युवक ने गत अप्रैल में कुटानी रोड़ पर एक किरयाणा स्टोर का शटर उखाड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। चोरी की उक्त वारदाता बारे थाना किला मे उमेश निवासी कुटानी रोड़ पानीपत की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है । उमेश ने थाना किला पुलिस को दी शिकायत मे बताया था कि कुटानी रोड़ पर उसने उमेश किरयाणा स्टोर के नाम से दूकान की हुई है। 6 अप्रैल को सायं दूकान को बंद करके घर चला गया था। उसकी माता बिमार होने के कारण वह हस्पताल मे था। 8 मई को जब उसने दूकान मे आकर देखा तो उसकी दूकान का स्टर टूटा हुआ मिली।



जब उसने अन्दर जाकर चैक किया तो दूकान से काफी मात्रा मे सिगरेट व नगदी गायब मिली। इंस्पेक्टर महिपाल ने बताया गिरफ्तार आरोपित पवन से की गई पुछताछ मे खुलासा हुआ कि आरोपित ने चोरी की हुई नगदी को खाने-पीने मे खर्च कर दिया। आरोपित के कब्जे से बची हुई 500 रुपये की नगदी बरामद कर गिरफ्तार आरोपित पवन को आज माननीय न्यायालय मे पेश कर न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया ।

## साइबर अपराध व फर्जी कस्टमर केयर नंबरों से रहें सतर्क - शशांक कुमार सावन



**पानीपत(जगदीश बीका) /राष्ट्रीय प्रसार** । पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया तकनीक के इस युग में लगभग हर व्यक्ति कंप्यूटर अथवा मोबाइल से जुड़ा हुआ है। ऐसे में साइबर अपराधी भी अपराध करन के नये-नये तरीके अपना रहे हैं। जिसमें एक तरीका फर्जी कस्टमर केयर के माध्यम से लोगों के रूपये ठगना है। आम लोग किसी भी कंपनी के कस्टमर केयर का नंबर पाने के लिये सर्च इंजन का सहारा लेते हैं। ऐसा करते समय कुछ सावधानियां बरतने की अत्यंत जरूरत है, क्योंकि साइबर अपराधी किसी भी तरह की एक चूक की ताक में रहते हैं। इंटरनेट मीडिया के माध्यम फेसबुक और ट्विटर से लेकर गूगल तक ये अपराधी फेक कस्टमर केयर नम्बर डालकर अपना जाल फैकते हैं। किसी भी व्यक्ति द्वारा की गई जरा सी गलती पर वह साइबर अपराधियों के जाल में फंस जाता है। साइबर अपराधी किसी बैंक, कंपनी या संस्था की वेबसाइट से मिलती जुलती वेबसाइट बनाने से लेकर सोशल साइटों व गूगल मैप आदि पर गलत नंबर डालकर देते हैं।

## बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपित काबू, चोरीशुदा दो बाईक बरामद

**पानीपत(जगदीश बीका) /राष्ट्रीय प्रसार** ।सीआईए-टू प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र ने बताया रविवार को सीआईए-टू पुलिस की एक टीम गस्त के दौरान गोहाना रोड़ पर मौजूद थी । पुलिस टीम को गुप्त सुचना मिली कि संदिग्ध किस्म के दो युवक संजय कालोनी नजदीक एफसीआई गोदाम के पास किसी अपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक मे घुम रहे है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दंबिश दे दोनो आरोपितों को काबू कर प्रारंभिक पुछताछ की तो युवकों ने अपनी पहचान आकाश पुत्र विष्णु निवासी किशनपुरा व सन्नी पुत्र अशोक निवासी पुरेवाल कालोनी पानीपत के रुप मे बताई। गहनता से पुछताछ करने पर आरोपितों ने करीब 10 दिन पहले सनोली रोड़ पर स्थित ओम साई फैक्टरी के बाहर से एक स्प्लेंडर बाईक चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना किला मे रिजवान निवासी हाली कालोनी पानीपत की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है।



इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह ने बताया आरोपितों ने उक्त वारदात के अतिरिक्त एक अन्य बाईक चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। उक्त बाईक को आरोपितों ने नशे की हालत मे चोरप किया था । बाइक के मालिक की पहचान न होने पर उक्त बाइक को 102 सीआरपीसी के तहत कब्जा पुलिस मे लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर चोरीशुदा दो बाईक बरामद कर दोनों आरोपितों को आज माननीय न्यायालय मे पेश कर न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया । इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह ने बताया आरोपितों से की गई पुछताछ मे खुलासा हुआ की दोनों आरोपितो नशा करने के आदि है । नशे की लत पुरी करने के लिए पैसो की जरुरत पड़ी तो दोनो ने मिलकर वाइक चोरी की वारदातो को अंजाम देना शुरु कर दिया। आरोपित चोरीशुदा बाइक को बेचने की फिराक मे ग्राहक की तलाश मे घुम रहे थे। परंतु पुलिस टीम द्वारा आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया ।

## पानीपत में तिआरा द क्राउन व स्प्लेंडर ग्रैंड द्वारा मिस और मिसेज इंडिया ग्रैंड फिनाले का आयोजित



**पानीपत (जगदीश बीका)/राष्ट्रीय प्रसार** । पानीपत में अंसल होटल में तिआरा द क्राउन व स्प्लेंडर ग्रैंड की तरफ से मिस और मिसेज इंडिया तीन दिवसीय ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया गया। आयोजन में तीन कैटेगोरी में मिस इण्डिया, मिसेज इण्डिया, मिसेज क्लासिक इण्डिया के प्रतिभागी अपने प्रतिद्वंदियों के साथ मुकाबला किया। आयोजन के लिए पुरे भारत से चुनी गयी टॉप 23 महिलाओं ने पानीपत में अपनी कला का प्रदर्शन किया।

मिस इण्डिया केटेगरी में करनाल की भव्या को विनर, रिया चोपड़ा को फर्स्ट रनरउप, मतलोडा से सृष्टि को सेकंड रनरउप का ख़िताब अपने नाम किया मिसेज इण्डिया केटेगरी में पानीपत की हिमानी को विनर, करनाल की वाणिका को फर्स्ट रनरउप, पंजाब की गुँजन को सेकंड रनरउप का ख़िताब अपने नाम किया द्य मिसेज इण्डिया क्लासिक केटेगरी में मुम्बई की सोनी संधु को विनर, पानीपत की सरिता गुप्ता को फर्स्ट रनरउप, पानीपत की प्रियंका सक्सेना को सेकंड रनरउप का ख़िताब अपने नाम किया। मिस नार्थ इंडिया नेहा, मिसेज नोर्थ इंडिया रुबीना, मिसेज क्लासिक सुरेंदर कौर ने जीता। मिस हरियाणा वर्तिका, मिसेज हरियाणा स्वाति, मिसेज क्लासिक हरियाणा नीतू जैन, मिसेज क्लासिक दिल्ली नीतू अरोड़ा , मिस यु.पी दिव्या नायर, मिस पानीपत संजना, मिसेज पानीपत रेखा, मिसेज क्लासिक पानीपत रजनी, मॉडल ऑफ ईयर संचिता और मोस्ट एलिगेंट ब्यूटी विभा आर्य के नाम रहा द्य प्रियंका गाबा को मिसेज इंडिया ग्लोबल क्वीन, सपना सेतिया मिसेज इंडिया एलिगेंट, मिसेज रजनित कौर मिसेज इंडिया गॉर्जियस क्वीन, कीर्ति ढींगरा मिसेज इंडिया क्वीन ऑफ हार्ट से सम्मानित किया गया।

शो के प्रबंधन कार्य हेतु संदीप शर्मा का विशेष योगदान रहा द्य शो के प्रयोजक स्प्लेंडर ग्रैंड सेक्टर 19 लक्ज़री रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट, एलिगेंट होम्स, रेणु सिंगला मेकओवर रहे। आयोजन का शुभ आरम्भ नारी तू नारायणी उत्थान समिति अध्यक्ष सविता आर्य के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि स्प्लेंडर ग्रेंड से तेजेन्द्र सिंह, विकास बुक्कल ने महिलाओ का होंसला बढ़ाया। चहुर्मुखी विकास हेतु आयोजित इस शो ने सभी पानीपत शहर वालो का मन मोह लिया निर्णायक मंडल की भूमिका पूनम यादव ने बखुभी निभाई, गरुमर नीरू बंसल, जसलीन सेठी के द्वारा रेम्प वाक ट्रेंनिंग दी गयी। रेणु सिंगला, नेहा चुघ, रेखा ,सुजाता सिंह कि टीम के द्वारा प्रतिभागियो का मेकअप किया गयाद्व एप्पल वेडिंग बाजार के द्वारा फैशन ड्रेस उप प्रस्तुत किए गए।

## प्रदेश में उर्दू भाषा पढ़ाने के लिए जल्द बनेगी योजना: मनोहर लाल

**पानीपत(जगदीश बीका)/राष्ट्रीय प्रसार** । हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जिन क्षेत्रों में जो भाषा बहुलता में प्रयोग की जा रही है, उस भाषा को भविष्य में पढ़ाए जाने को लेकर योजना बनाई जाएगी। इससे उस क्षेत्रों के लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। यह घोषणा मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के साथ सीधे संवाद के दौरान उर्दू भाषा के संदर्भ में की। इस दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जाकिर हुसैन, हरियाणा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष नसीम अहमद, मुख्यमंत्री के ओएसडी भूपेश्वर दयाल . अल्पसंख्यक मोर्चा पानीपत जिला अध्यक्ष रफाकत हसन मौजूद रहे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा एक-हरियाणवी एक के नारे पर जोर देते हुए कहा कि प्रदेश में हमें अमन-चैन और भाईचारे के साथ मिलकर रहना है। एक-दूसरे की मदद और उनके रीति-रिवाजों का सम्मान करेंगे, तभी सभ्य समाज की परिकल्पना साकार होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इसी उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ रही है। बहुत से लोग अल्पसंख्यक समाज को वोटबैंक की राजनीति के चलते जात-पात के नाम पर बहकाने की कोशिश करते हैं, ऐसे लोगों के बहकावे में न आकर, समाज और देशहित में कार्य करना चाहिए। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की अति पिछड़े क्षेत्रों पर विशेष नजर है। ऐसे क्षेत्रों में विकास के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर किया जाएगा।



**तत्काल 5 कम्युनिटी सेंटर को दी मंजूरी**

अल्पसंख्यक मोर्चा की मांग पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में 5 कम्युनिटी सेंटर बनाने की घोषणा की। इसके लिए उन्होंने मोर्चा के पदाधिकारियों को 5 स्थानों का चयन कर सूची देने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी गांव में विकास संबंधी समस्या के लिए ग्राम दर्शन पोर्टल बनाया गया है। इस पोर्टल पर अपने गांव की गली, नाली व अन्य समस्याओं को सीधे जिला प्रशासन तक पहुंचाया जा सकता है।

## अथवा अन्य किसी प्रकार की कटौती करता है तो उसकी शिकायत जिला प्रशासन को की जा सकती है

**पानीपत(जगदीश बीका) /राष्ट्रीय प्रसार** । हरियाणा कृषि प्रधान प्रदेश है। हरियाणा की अनाज मंडियों में अनेक प्रकार की सुविधाएं किसानों को उपलब्ध करवाई जा रही हैं, यदि कोई व्यक्ति उनकी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर खरीदता है अथवा अन्य किसी प्रकार की कटौती करता है तो उसकी शिकायत जिला प्रशासन को की जा सकती है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि जिला में किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। राज्य सरकार ने बहुत ही बेहतरीन व्यवस्था किसानों के लिए की है ताकि मंडी में वे अपने शेड्यूल के अनुसार अपनी फसल लेकर आ सके। इस तरह की व्यवस्था करने वाला हरियाणा प्रदेश देश का पहला राज्य है जहां इस प्रकार से शेड्यूल के अनुसार किसानों की फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही है। उन्होंने किसानों से भी आग्रह किया कि वे अपनी फसल को अच्छी तरह सुखाकर लाएं ताकि फसल का लाभदायक मूल्य प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि अधिकारी भी मण्डियों में आने वाले किसानों को सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाएं। उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में 10 अक्तूबर तक कुल 31411 मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें से 6644 मीट्रिक टन धान ग्रेड-ए तथा 2857 मीट्रिक टन धान कोमन व 1509 किस्म की 21927 मीट्रिक टन धान, बासमती/1121 किस्म की 13 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है।

उन्होंने बताया कि बाबरपुर मंडी में कुल 3319 मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें ग्रेड-ए 2699 मीट्रिक टन , कोमन किस्म की 12 मीट्रिक टन धान,1509 किस्म की 608 मीट्रिक धान की आवक की गई। इसी प्रकार बापौली मंडी में कुल 2062 मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें ग्रेड-ए 317 मीट्रिक टन,कोमन 617 मीट्रिक टन तथा 1509 किस्म की 1125 मीट्रिक टन धान व बासमती/1121 किस्म की 3 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। इसराना मंडी में कुल 247 मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें ग्रेड-ए 220 मीट्रिक टन धान,कोमन 27 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। मडलौडा मंडी में कुल 2862 मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें ग्रेड-ए 1169 मीट्रिक टन, कोमन किस्म 498 मीट्रिक टन तथा 1509 किस्म की 1195 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है।

## उप सरपंच संघ का बैनर तले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन सम्पन्न

**पारस पुरोहित /राष्ट्रीय प्रसार** । रेवदर- समीपवर्ती सिरोही जिला कलेक्टर परिसर के बाहर सोमवार को उप सरपंच संघ का बैनर तले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के रेवदर, सिरोही, शिवगंज, आबुरोड व पिंडवाडा ग्राम पंचायतों के पांच तहसील से महिला एवं पुरूष उप सरपंचों ने भाग लिया। धरने में सभी उप सरपंचों द्वारा ज्ञापन में रखी मांगो को लेकर चर्चा की गई। साथ ही पंचायतीराज में जारी होने वाले बजट के बारे में सभी को अवगत करवाया गया ओर संगठन को ज्यादा से ज्यादा मजबूत बनाने का आव्हान किया गया ओर सभी जिलों में कार्यकारिणी विस्तार को लेकर चर्चा हुई। उसके बाद राजस्थान उप सरपंच संघ प्रदेश संयोजक सुजान सिंह वडवज के नेतृत्व में उप सरपंचों द्वारा रेली के माध्यम से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन? देकर विभिन्न मांगो पर चर्चा की।



**ये रखी उप सरपंच संघ ने ज्ञापन में मांगे**

जिला स्तर पर आयोजित धरना प्रदर्शन में उप सरपंचों ने सरपंचों की तरह उपसरपंच का भी मानदेय तय करने , सभी सरकारी काम-काज में व सरकारी दस्तावेजों पर सरपंच की तरह उप सरपंच के हस्ताक्षर अनिवार्य करें, पंचायत समिति की बैठक में सरपंच की उपस्थिति की तरह उप सरपंच की भी उपस्थिति सुनिश्चित करने, पंचायत के विकास कार्यों में टेंडर की कमेटी में सरपंच की तरह उपसरपंच को भी शामिल करने, पंचायत के विकास कार्यों का ठेकेदार को भुगतान के चेक पर व विकास कार्यों के एम.बी पर सरपंच की तरह उप सरपंच के भी हस्ताक्षर करना अनिवार्य करने, राज्य सरकार के द्वारा हर माह की 5 व 20 तारीख को ग्राम पंचायत में बैठक रखना अनिवार्य है। लेकिन सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी अपनी मनमर्जी बैठक आयोजित करवाते है। लेकिन यही सरपंच उपस्थित नही होता है तो भी राज्य सरकार के आदेशानुसार उपसरपंच कि अध्यक्षता में बैठक आयोजित करने, ग्राम पंचायत मुख्यालय पर उप सरपंच के भी बैठने की व्यवस्था करने व ग्राम पंचायत कार्यालय के ताले कि चाबी गार्ड को देने सहित अन्य मांगे रखी, सरपंचों की तरह 50 हजार से 1 लाख तक की वित्तीय स्वीकृति का अधिकारी देने, ग्राम सभा या वार्ड सभा के दिन के प्रस्ताव की स्केन प्रतिलिपि कलेक्टर कार्यालय में भेजने सहित मांगे की।

**ये रहे उप सरपंच उपस्थित**

इस दौरान सुजान सिंह वडवज रायपुर, सोमाराम दादारिया गिरवर, बलवंत सिह देवडा हरणी अमरापुरा, मनोरसिंह राव आमथला, रतन चौधरी बरलुट, आशा कुंवर गुलाब सिंह मकावल, भारतशंकर रावल रोहीडा, भटीदेवी देवासी पादर, महंत रमेश भारती वराडा, तरूण सिंह परमार ओरीया, कैलाश चोधरी पिथापरा, रमीलादेवी पुरोहित बांट, प्रकाश घांची रेवदर , गणपत सिंह नागपुरा, महावीर सिंह मोब्बनगर , प्रवीण माली कालन्द्री, श्रवण सिंह रूखाडा, नरेन्द्र सिंह वाण, चितरंजन सिंह सिन्दरथ, भीखीदेवी मीनतलेटी, नैया रावल सारणेशवरजी, उम्मेद सिंह जैला, सुरताराम क्यारिया, सनताराम चनार, प्यारी देवी घरट, कसनाराम कोली दोलपुरा, शांताराम छीबागाव, शैलेन्द्र कुंवर खाम्बल, सुजाराम सुथार नादिया, विक्रम सिंह कैलाशनगर, मुकेश कुमार तरतोली, मनीष कुमार रावल अजारी, मोकाराम सिवेरा, कालाराम मुदरला, पीराराम माण्डवाडा खालसा, अरविंद कुमार काछोली, श्रवण कुमार मोरस, चन्द्रप्रकाश मोरथला, परबत सिंह झाडोली, गणपत पुरोहीत खडाल, लक्ष्मण सिंह लुणोल, कानाराम लीला देवी, कन्यालाल बिलाराम, भोमाराम, सानताराम , गलबाराम, लीलादेवी, चीनाराम, साहेनाराम, रताराम, कानाराम, सकाराम सहीत रेवदर, शिवगज, आबूरोड, पिण्डवाडा, सिरोही ब्लॉक सहीत जिले भर के उपसरपंच मोजुद थे।

खास खबर

## राजकुमार चार्ल्स ने जलवायु परिवर्तन पर अधिक प्रयास करने का आग्रह किया

**लंदन।** ब्रिटिश सिंहासन के उत्तराधिकारी राजकुमार चार्ल्स ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में हर कोई अपना योगदान दे सकता है। उन्होंने नेताओं से इस मुद्दे पर सिर्फ बात करने के बजाय अधिक प्रयास करने का आग्रह किया। चार्ल्स ने सोमवार को प्रसारित एक साक्षात्कार में बीबीसी रेडियो को बताया कि विश्व नेताओं को इस महीने के अंत से संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन कॉप 26 के लिए स्कॉटलैंड के सबसे बड़े शहर ग्लासगो में इकट्ठा होने पर सिर्फ बात करने से ज्यादा कुछ प्रयास करने की जरूरत है।
यह शिखर सम्मेलन 31 अक्टूबर से 12 नवंबर तक के लिए निर्धारित है। कई पर्यावरणविदों द्वारा इस सम्मेलन को जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई को एक नया मोड़ देने का दुनिया के लिए एक आखिरी मौका बताया

## लेबनानः तेल सुविधा में लगी भीषण आग पर काबू पाया गया

**लेबनान।** तेल सुविधा में लगी भीषण आग पर काबू पाया गया बेरूत, 11 अक्टूबर (एपी) लेबनान की एक प्रमुख तेल सुविधा के भंडारण टैंक में लगी भीषण आग पर अग्निशमन कर्मियों ने सोमवार को पूरी तरह से काबू पा लिया। लेबनान के ऊर्जा मंत्री वलीद फय्याज ने कहा कि तटीय शहर ज़हरानी में आग तब लगी जब श्रमिक एक भंडारण टैंक से दूसरे टैंक में गैसोलीन स्थानांतरित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आग के कारण लगभग 2,50,000 लीटर गैसोलीन जलकर नष्ट हो गया। आग करीब तीन घंटे से अधिक समय तक जलती रही। इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। लेबनान में तेल सुविधा में आग लगने की यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब देश गंभीर ऊर्जा संकट का सामना कर रहा है। फय्याज ने संवाददाताओं से कहा, स्थिति अब लगभग पूर्ण रूप से नियंत्रण में है।
लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी के मुताबिक आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। दक्षिणी लेबनान से जोड़ने वाले राजमार्ग को बंद कर दिया था जो ज़हरानी से होकर

# मोदी और जॉनसन ने टीका प्रमाणन, व्यापार, जलवायु सम्मेलन पर चर्चा की

**एजेंसी ■ लंदन**





ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और उनके भारतीय समकक्ष नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने भारत-ब्रिटेन व्यापार और रक्षा वार्ता, दोनों देशों के बीच अंतरराष्ट्रीय यात्रा को खोलना और कॉप26 के संदर्भ में जलवायु कार्वाई लक्ष्यों पर चर्चा की। डाउनिंग स्ट्रीट ने यह जानकारी दी। ब्रिटेन ने चार दिन पहले घोषणा की थी कि उन भारतीय यात्रियों, जिन्होंने कोविशील्ड की दोनों खुराक या इसके द्वारा अनुमोदित किसी अन्य टीके की सभी खुराक लगवाई होंगी, उन्हें 11 अक्टूबर से आगमन पर दस दिन के पृथक-वास में रहने की आवश्यकता नहीं होगी। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय डाउनिंग स्ट्रीट ने बताया कि ब्रिटेन के भारतीय टीके को प्रमाणित करने के कदम का दोनों पक्षों ने स्वागत किया। डाउनिंग स्ट्रीट के एक प्रवक्ता ने कहा, प्रधानमंत्री (जॉनसन) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई और अंतरराष्ट्रीय यात्रा को सतर्कतापूर्ण तरीके से शुरू करने के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि वे इस बात पर सहमत हुए कि ब्रिटेन का भारतीय टीके को प्रमाणित करना, इस दिशा में एक स्वागत योग्य कदम है।द्विपक्षीय संबंधों के संदर्भ में, दोनों नेताओं ने एक व्यापार समझौते की दिशा में प्रगति का स्वागत किया और एचएमएस क्वीन एलिजाबेथ के नेतृत्व में यूके कैरियर स्ट्राइक ग्रुप की यात्रा को दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के संकेत के रूप में भी रेखांकित किया। प्रधानमंत्रियों ने 2030 रोडमैप पर हुई प्रगति का स्वागत किया। इस पर मई में जॉनसन और मोदी द्वारा सहमति व्यक्त की गई थी। प्रवक्ता ने कहा, उन्होंने ब्रिटेन-भारत संबंधों की मजबूती पर चर्चा की और 2030 रोडमैप पर हुई प्रगति का स्वागत किया क्योंकि मई मेंनमंत्री जॉनसन और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस पर सहमति व्यक्त की गई थी। इसमें व्यापार और रक्षा जैसे क्षेत्रों में शामिल हैं। जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर जॉनसन ने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की उपलब्धि की सराहना की और भारत से अधिक महत्वाकांक्षी कार्यवाही का आह्वान किया।
डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा, प्रधानमंत्री (जॉनसन) ने ग्लासगो में होने वाले आगामी कॉफ्रेंस ऑफ दी पार्टीज (कॉप) 26 शिखर सम्मेलन से पहले जलवायु परिवर्तन पर ठोस प्रगति करने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत पहले से ही अक्षय प्रौद्योगिकी में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है और उम्मीद जताई की कि वे एक अधिक महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान और शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। इसके अलावा, जॉनसन और मोदी के बीच सोमवार की बातचीत के दौरान अफगानिस्तान और तालिबान शासन से संबंधित क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की गई। डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा, नेताओं ने अफगानिस्तान में मौजूदा स्थिति के बारे में भी बात की। वे तालिबान के साथ एक समन्वित अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण की आवश्यकता पर सहमत हुए और उन्होंने देश में मानवाधिकारों को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। गौरतलब है कि तालिबान ने अगस्त के मध्य में अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा कर लिया था।

## ट्यूनीशिया में नई सरकार
# रिकॉर्ड संख्या में महिलाओं की जीत



**एजेंसी ■ ट्यूनिस**

ट्यूनीशिया को दो महीने से भी अधिक समय बाद सोमवार को नई सरकार मिली और प्रधानमंत्री ने अपने मंत्रिमंडल में रिकॉर्ड संख्या में महिलाओं को जगह दी। प्रधानमंत्री नजला बौदेन ने मंत्री पदों पर नियुक्तियों की घोषणा की। ए पद राष्ट्रपति कैस सईद के अचानक बौदेन के पूर्व मंत्रिमंडल को खारिज करने और 11 हफ्ते पहले संसद निलंबित करने के बाद से खाली थे। उनके आलोचकों और संवैधानिक वकीलों ने इस कदम की तुलना तख्तापलट से की थी। सईद ने 29 सितंबर को ट्यूनीशिया की पहली महिला प्रधानमंत्री के तौर पर बौदेन को नामित किया था।
उस समय बौदेन ने शपथ ग्रहण समारोह के दौरान अपने नए मंत्रियों से कहा था कि उनकी मुख्य प्राथमिकता भ्रष्टाचार से लड़ने की होगी। ट्यूनीशिया के नए मंत्रिमंडल में अभूतपूर्व रूप से प्रधानमंत्री समेत 10 महिलाएं हैं।

# दुबई एक्सपो में भारतीय मंडप में नवरात्रि उत्सव







**एजेंसी ■ दुबई**

दुबई एक्सपो-2020 में भारतीय मंडप ने नौ दिवसीय नवरात्रि उत्सव की शुरुआत करते हुए संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया। एक्सपो में 192 देशों ने हिस्सा लिया है और पहले 10 दिनों में 4,10,000 लोग यहां आए। गायक और लोकप्रिय भारतीय संगीत रियलिटी शो सा रे गा मा के विजेता सुधांशु राज ने रविवार को इंडिया पवेलियन में अपनी शानदार प्रस्तुति से समां बांध दिया। नवरात्रि का त्योहार नौ रातों तक चलता है और इसे बुराई पर अच्छाई की जीत के उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। इंडिया पवेलियन के निदेशक गुनीवा चड्ढा ने कहा कि वह व्यापक पैमाने पर दर्शकों के बीच त्योहार की भावना को साझा करना चाहते थे। एक्सपो 2020 दुबई प्राधिकारियों की ओर से जारी बयान में चड्ढा को यह कहते हुए उद्धत किया गया, भारत में त्योहार की धूम है और यहां के आंगतुकों का परिचय भी उस संस्कृति से कराते हुए हम यहां उसका उत्सव मना रहे हैं। भारत का चार मंजिला पंडाल यहां आयुर्वेद, योग, अंतरिक्ष कार्यक्रम और तेजी से बढ़ती 2.5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के मिश्रण के साथ आगंतुकों को लुभाने का वादा करता है। एक्सपो 2020 दुबई छह महीने तक चलने वाला कार्यक्रम है और इसकी शुरुआत एक अक्टूबर को हुई। यह पहले दस दिनों में 411,768 टिकट धारक आगंतुकों का स्वागत कर चुका है। एक्सपो 2020 दुबई, 31 मार्च 2022 तक चलता है, जिसमें आगंतुकों के लिए 200 मंडप हैं। प्रत्एक स्थान पर आकर्षण के अलावा, पैनल चर्चा और सांस्कृतिक प्रदर्शन के साथ कई दैनिक कार्यक्रम होते हैं।

## पाकिस्तान में सिख हकीम की हत्या,4000 मोबाइल डेटा खंगाले

**एजेंसी ■ पेशावर**

पाकिस्तान में सिख हकीम के हत्यारों का पता लगाने के लिए पुलिस ने 4,000 लोगों की पहचान की है और उनके मोबाइल डेटा की जांच शुरू कर दी है। हकीम की हत्या पिछले महीने कर दी गई थी। सरदार सतनाम सिंह (खालसा) यूनानी हकीम थे। वह गत 30 सितंबर को अपने क्लीनिक में थे, जब हमलावरों ने उनके केबिन में घुस कर गोलियां चलाईं, जिसमें 45 मौके पर ही उनकी मौत हो गई।अधिकारियों ने कहा कि इस मामले में 15 अधिकारियों वाली चार विशेष जांच टीमें काम कर रही हैं। तीन टीमें खुफिया जानकारी साझा कर रही हैं, मोबाइल डेटा एकत्र कर रही हैं, संदिग्धों की जांच कर रही हैं, जबकि चौथी टीम को पेशावर और आसपास के अन्य क्षेत्रों से संदिग्धों को गिरफ्तार करने का काम सौंपा गया है।आतंकी समूह इस्लामिक स्टेट से संबद्ध इस्लामिक स्टेट खुरासान (आईएसआईएस-के) ने सिख की हत्या की जिम्मेदारी ली थी।प्रारंभिक जांच के आधार पर, पुलिस ने लक्षित हत्या की धारणा को नकार दिया है और इस मामले की विभिन्न कोणों से जांच कर रही है। पुलिस ने सिंह के क्लीनिक में काम करने वाले एक व्यक्ति से पूछताछ की है।

## पत्रकार को नोबेल शांति पुरस्कार मिलना दुतेर्ते के लिए झटका नहीं: अधिकारी

**एजेंसी ■ मनीला**



पत्रकार मारिया रेसा

फिलीपिन के राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते के प्रशासन ने देर से ही सही लेकिन शांति के लिए नोबेल पुरस्कार जीतने वाली पत्रकार मारिया रेसा को सोमवार बधाई दे दी। रेसा को रूस के दिमित्री मुरातोव के साथ शांति के लिए नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया है। उन्हें यह पुरस्कार गंभीर खतरों के बावजूद अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए उनकी लड़ाई के लिए दिया गया है। बहरहाल, प्रशासन ने इस आलोचना को खारिज किया है कि रेसा को यह पुरस्कार मिलना दुतेर्ते के नेतृत्व के लिए तमाचा है। हालांकि रेसा राष्ट्रपति के नेतृत्व की आलोचक रही हैं। राष्ट्रपति के प्रवक्ता हैरी रॉक ने कहा कि रेसा झूठ के सहारे बदनाम करने के लिए दोषी ठहराई जा चुकी हैं और अन्य आपराधिक आरोपों का सामना कर रही हैं जिनके बारे में अदालतें स्वतंत्र रूप से फैसला करेंगी। उन्होंने कहा कि फिलीपीन में पत्रकारों की आवाज़ को नहीं दबाया जाता है।
रेसा को शुक्रवार को शांति के नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया था जिसके बाद पहली बार दुतेर्ते के प्रशासन ने सार्वजनिक तौर पर टिप्पणी की है। रैपलर समाचार वेबसाइट की सह संस्थापक 58 वर्षीय रेसा को दुतेर्ते की मादक पदार्थों के खिलाफ खूनी कार्वाई की खोजी रिपोर्टताज के लिए जाना जाता हैं।

## इराक में इस्लामिक स्टेट का शीर्ष कमांडर गिरफ्तार

**बगदाद।** इराक ने सोमवार को कहा कि उसने सीमा पार चलाए गए अभियान में इस्लामिक स्टेट के एक शीर्ष कमांडर और अल-कायदा के एक सदस्य को हिरासत में लिया है। पीएम कदीमी ने ट्वीट कर जानकारी दी। गिरफ्तार किए गए आईएस कमांडर की पहचान सामी जसीम के रूप में की गई है। सामी मारे गए आईएस प्रमुख अबू बकर अल-बगदादी के अंतर्गत काम करता था और आतंकवादी संगठन के वित्तीय कार्यों एवं लेन-देन की जिम्मेदारी संभालता था।

## नेपाल में ट्रेकिंग स्पॉट से जीप गिरी ,8 व्यक्तियों की मौत

**एजेंसी ■ काठमांडू**

नेपाल के कास्की जिले में ऊंचाई वाले ट्रेकिंग स्थल से एक जीप के 100 मीटर नीचे गिर जाने से उसमें सवार आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।
अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना उस वक्त हुई जब वाहन राजधानी काठमांडू से 200 किलोमीटर पश्चिम में स्थित पोखरा शहर से घांड्रुक तक अपनी 40 किलोमीटर लंबी यात्रा पूरी करने वाला था, तभी चालक कालाभीर इलाके में नियंत्रण खो बैठा और वाहन पहाड़ी से 100 मीटर नीचे गिर गया।इस दुर्घटना में चालक सहित आठ सवारियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति मामूली रूप से जख्मी हो गया, जिसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
अधिकारियों ने बताया कि करीब 2012 मीटर की ऊंचाई पर स्थित घंड्रुक एक प्रसिद्ध ट्रेकिंग स्पॉट है।कार में सवार सभी युवक एक ट्रेकिंग अभियान पर थे, जो घंड्रुक से शुरू होने वाला था।ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मलबे से एकमात्र जीवित व्यक्ति को बचा लिया गया है।

**अफगानिस्तान** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यहां एक सकारात्मक बैठक के बाद संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान यह टिप्पणी की।

# घटनाक्रम में करीब से नजर रख रहा है भारत: जयशंकर

**एजेंसी ■ बिश्केक**



भारत ने सोमवार को कहा कि वह अफगानिस्तान के घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहा है। उसने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक प्रस्ताव में उल्लेखित अंतरराष्ट्रीय समुदाय की अपेक्षाओं को तालिबान शासन द्वारा पूरा किए जाने के महत्व को भी रेखांकित किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यहां किर्गिस्तान के विदेश मंत्री रूस्लान कजाकबाएव के साथ एक सकारात्मक बैठक के बाद संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान यह टिप्पणी की।
जयशंकर ने कहा कि कजाकबाएव के साथ उनकी बैठक में कुछ देर तक अफगानिस्तान के घटनाक्रम पर और क्षेत्र की शांति एवं सुरक्षा पर इसके प्रभाव पर बातचीत हुई।उन्होंने कहा, हम अफगानिस्तान के घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहे हैं। हम सभी इसे लेकर चिंतित हैं। अफगानिस्तान में किसी भी अस्थिरता का प्रभाव क्षेत्र पर भी पड़ेगा। अंतरराष्ट्रीय समुदाय की अफगानिस्तान में मौजूदा शासन से अपेक्षाएं हैं, जिनके बारे में यूएनएससीआर 2593 में काफी विस्तार से बताया गया है। जयशंकर ने ट्वीट किया, अफगानिस्तान में हालिया घटनाक्रम को लेकर भारत और किर्गिस्तान का साझा दृष्टिकोण है। उन्होंने कहा कि भारत और किर्गिस्तान के पारंपरिक रूप से निकट और सद्भावनापूर्ण संबंध है, जिन्हें दोनों देशों के ऐतिहासिक और सभ्यता पर आधारित संबंध और मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच समय-समय पर उच्च स्तरीय वार्ताएं द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने तथा और विस्तार देने में मददगार रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया था कि कोई देश अफगानिस्तान के हालात का फायदा लेने का कोशिश नहीं करे और अपने स्वार्थ सिद्ध हितों के लिए इनका इस्तेमाल नहीं करे। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76वें सत्र को संबोधित करते हुए।

## द्वीप भेजे गए रोहिंग्या शरणार्थियों की सहायता के लिए संरा और बांग्लादेश ने समझौते पर किए हस्ताक्षर

**एजेंसी ■ ढाका**

संयुक्त राष्ट्र और बांग्लादेश सरकार ने बंगाल की खाड़ी में एक द्वीप पर रोहिंग्या शरणार्थियों के संरक्षण तथा अन्य प्रबंधन के लिए मिलकर काम करने के वास्ते एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।हजारों शरणार्थियों को म्यांमा से लगी सीमा के पास स्थित शिविरों से हटाकर इस द्वीप पर लाया गया है। संयुक्त राष्ट्र ने एक बयान में कहा कि दक्षिणी बांग्लादेश के 11 लाख रोहिंग्या शरणार्थियों में से 19,000 से अधिक को सरकार ने भसन चार द्वीप पहुंचा दिया है। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने का मुख्य कारण इस आबादी की मदद करना है। सरकार ने पहले कहा था कि उसकी कॉक्स बाजार जिले के शिविरों से।,00,000 शरणार्थियों को चरणबद्ध तरीके से द्वीप पहुंचाने की योजना है। नया समझौता एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र तथा अन्य मानवीय सहायता समूहों ने इस पुनर्वास की आलोचना करते हुए कहा था कि देश के नोआखली जिले में 30 वर्ष पुराना द्वीप निवास के लिए उपयुक्त नहीं है, लेकिन बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार ने कहा था कि द्वीप को विकसित करने के लिए 11.2 करोड़ डॉलर से अधिक की राशि खर्च की गई है और यह अब एक संवेदनशील क्षेत्र नहीं रहा, जो बार-बार मानसून की बारिश के कारण डूब जाता था। द्वीप में अब समुद्र के आस-पास दीवारें, अस्पताल, स्कूल और मस्जिदें हैं।
अधिकारियों ने शनिवार को हुए समझौते के बाद कहा कि अन्य 81,000 शरणार्थियों को अगले तीन महीने में द्वीप पर पहुंचाया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र के जोरदार विरोध के बावजूद अंतरराष्ट्रीय निकाय की एक टीम ने मार्च में द्वीप का दौरा किया था,

# बढ़ती उम्र में फैशन का क्रेज

**फिफ्टी प्लस हो चुकी ये महिलाएं आमतौर पर हाफ स्लीव या स्लीवलेस पहनना अवॉइड करना पसंद करती हैं। ये इंडीपेंडेंट और कॉन्फिडेंट महिलाएं इन्डियन ही नहीं इंटरनेशनल फैशन की भी बढ़िया समझ रखती हैं। अपनी वेस्ट और नेक लाइन के साथ एक्सपेरिमेंट करने वाले इस एज ग्रुप को ब्रॉड और बोल्ड नेक लाइन सबसे ज़्यादा पसंद आती है।**

नीना की इन्स्टा प्रोफाइल पर रीसेंट अपलोड की गई पिक्चर में फ्रेश फील देती अपीलिंग ड्रेस में उन्हें देख कर कौन यह कह सकता है कि उनकी उम्र साठ का आंकड़ा पार कर चुकी हैं? यही नहीं, सिक्सटी प्लस की हेमामालिनी अपनी साड़ी च्वॉइस और कलर्स की मदद से उम्र को चैलेन्ज करती नजर आती हैं। पहले की तरह अब उम्र सोबर लाईट रंग पहनने का प्रेशर नहीं लाता है

यह बात सही है कि पिछले कुछ दशकों में महिलाएं अपनी हेल्थ और फिगर को लेकर पहले से कहीं ज्यादा कॉन्शियस हुई हैं। फैशन की दुनिया में इस ट्रेंड के पॉपुलर होने की वजह है महिलाओं का बढ़ती उम्र को न छिपाना, उम्र के साथ फिट रहना और खुल कर जीना है। एजेइज़्म के इस दौर में ये महिलाएं पुराने फैशन मापदंडों को ठेंगा दिखाते हुए पहले से कहीं ज्यादा वाइब्रेंटऔर क्लासी स्टाइल फॉलो करने लगी हैं। इनका ड्रेस और कलर सेन्स फैशन च्वॉइस को लेकर एक्सपेरिमेंट करना और उम्र के किसी भी दबाव में न आना, अपनी निजता को बनाए रखना उन्हें फिफ्टी प्लस प्लस प्लस महसूस कराता है। महिलाओं के इस नए कॉन्फिडेंस में

फैशन डिजाइनर्स का बड़ा हाथ है जिन्होंने ना सिर्फ एज फ्लेक्सिबल कपड़े बनाए बल्कि उन कपड़ों को इतना कंफर्टेबल के साथ क्लासी बनाया कि बढ़ती उम्र की महिलाओं को उम्र का एहसास ही न हो और वो ट्रेंडी और फैशनेबल बनी रहें। फैशन डिजाइनर्स की इन बातों का ध्यान रख कर फिफ्टीज में भी यंग और लाइवली लगा जा सकता है।

कॉन्फिडेंस और ड्रेस सेंस

एज और एक्सपीरियंस से आता कॉन्फिडेंस उनके ड्रेस सेन्स का हिस्सा बन जाता है। बोल्ड प्रिंट्स के साथ ब्राइट और डार्क कलर्स इन क्लासी महिलाओं की पहली पसंद हैं। बॉडी स्ट्रक्चर को ध्यान रख कर लेंथ के साथ किसी भी एज ग्रुप के लिए कपड़े बनाए जा सकते हैं और अब इस एज ग्रुप के लिए अलग से कपड़े बनाने की ज़रुरत भी नहीं आती है। जो एक बड़ी सहूलियत है।







फिफ्टी प्लस हो चुकी ये महिलाएं आमतौर पर हाफ स्लीव या स्लीवलेस पहनना अवॉइड करना पसंद करती हैं। ये इंडीपेंडेंट और कॉन्फिडेंट महिलाएं इन्डियन ही नहीं इंटरनेशनल फैशन की भी बढ़िया समझ रखती हैं। अपनी वेस्ट और नेक लाइन के साथ एक्सपेरिमेंट करने वाले इस एज ग्रुप को ब्रॉड और बोल्ड नेक लाइन सबसे ज़्यादा पसंद आती है। महिलाओं में स्मार्ट और ट्रेंडी ड्रेसिंग का कॉन्फिडेंस लाने के लिए डिजाइनर्स बहुत मेहनत कर रहे हैं क्योंकि उन्हें यहां एक बहुत बड़ा मार्केट दिखाई पड़ता है। डिजाइनर्स की मेहनत का असर इस बात से समझा जा सकता है कि महिलाएं इन ड्रेसेस को लेकर अब इतनी कॉन्फिडेंट हो गई हैं कि अनारकली के बाद वो अपने लिए इवनिंग गाउन तक चुनने लगी हैं।



**लेक्मे फैशन वीक के दौरान डेविड अब्राहम एवं राकेश ठाकोर की ड्रेस को प्रस्तुत करतीं मॉडल**

## स्मार्ट शॉपिंग के खास तरीके



फेस्टिव सीजन में शॉपिंग बढ़ जाता है। इन दिनों जब शॉपिंग में जाएं, तो आपको पता होना चाहिए कि ताजा ट्रेंड क्या है। तो आपको हम बता दें कि आजकल जैकेट, ज्वेल्ड बेल्ट और हैवी ज्वेलरी फैशन में हैं, आप इन पर खर्च करके अलग-अलग स्टाइलिंग ट्राई कर सकती हैं। अपने पुराने लहंगे के साथ जैकेट और ज्वेल्ड बेल्ट पहन लें, इससे आपके लहंगे का इस्तेमाल हो जाएगा और आपको फ्यूजन लुक मिलेगा। इस लुक के साथ आप चोकर पहन सकती हैं।

पुराने लहंगे के साथ प्लेन शर्ट पहनकर उसके साथ हैवी नेकपीस पहनें, ये लुक आजकल फैशन में है। माधुरी दीक्षित ने हाल में डांस दीवाने 3 के सेट पर ये लुक ट्राई किया था और उनका ये आउटफिट काफी पसंद किया गया।

प्लेन शर्ट के साथ जामेवार पैंट पहनें और हैवी ज्वेलरी से लुक कम्प्लीट करें, आपका ये लुक सबसे अलग होगा और आपके पैसे भी बचाएगा।

फेस्टिव सीजन में ऐसे बचाएं पैसे

लोकल मार्केट में शॉपिंग कर रही हैं तो बार्गेनिंग जरूर करें। अगर किसी ड्रेस को खरीदने का मन बना लिया है तो बार्गेनिंग से शुरू करें, पैसा वसूल बार्गेनिंग करें। ड्रेस की अदला बदली करें यानी जो ड्रेस और एक्सेसरीज पहनने का मन न करें, उसे फ्रेंड्स से एक्सचेंज करें। क्रेडिट कार्ड शॉपिंग से बचें, इससे आप बजट से ज्यादा शॉपिंग कर सकती हैं।

# एक्सरसाइज के बाद स्किन की खास केयर

रोजाना एक्सरसाइज करने से आपको हेल्दी लाइफ जीने में आसानी होती है। कई हेल्थ बेनिफिट्स होने के साथ ही ये स्किन के लिए भी अच्छी होती है क्योंकि ये ब्लड सर्कुलेशन को बूस्ट करता है, जो पूरे शरीर में आसानी से ऑक्सीजन पहुंचाता है। हालांकि स्किन को हेल्दी रखने के लिए कुछ बातों का ध्यान में रखना जरूरी है। आइए जानते हैं।

**स्किन को न छूएं**

एक्सरसाइज के दौरान और बाद में स्किन को नहीं छूना चाहिए क्योंकि आप जिम इक्विपमेंट का इस्तेमाल कर रहे हैं जो सभी के द्वारा इस्तेमाल किए जाते हैं और ये बहुत आसानी से बैक्टिरिया फैला सकते हैं। ऐसे में त्वचा से अपने हाथों को दूर रखें। अगर आप अपनी स्किन को साफ करना चाहते हैं तो स्किन को वाइप या तौलिया से साफ करें।

**क्लिंजिंग**

एक्सरसाइज के बाद ये पूरे चांस होते हैं कि आपकी स्किन कई तरह के इंप्यूरिटी, डर्ट, डस्ट, डेड स्किन सेल्स और बैक्टिरिया से मिली हो, जिसकी वजह से स्किन प्रोबल्म हो सकते हैं, जैसे एक्ने, मुंहासे और स्किन इंफेक्शन। अगर आप स्किन को इन परेशानियों से बचाना चाहते हैं तो अपने बॉडी को पूरी तरह से क्लीन करें और फिर नहाएं या फिर अपने चेहरे को धोएं। वर्कआउट के बाद चेहरे को साफ करने का सबसे अच्छा तरीका है गुनगुने पानी और जेल बेस्ड क्लिंजर या ऑयल बेस्ड क्लिंजर का इस्तेमाल करें।



**मॉइश्चराइजर**

स्किन को शांत और ताजा रखने के लिए मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें। रोजाना मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करने से स्किन पर होने वाली खुजली और लालपन से बचा जा सकता है। पोस्ट वर्कआउट सेशन के लिए लाइट वॉटर बेस्ड मॉइश्चराइजर सबसे अच्छा है क्योंकि मॉइस्चराइजर में एंटी इंफ्लेमेटरी प्रॉपर्टी होती है जो त्वचा को सूदिंग बनाती हैं।

**हाइड्रेट**

ग्लोइंग स्किन के लिए हाइड्रेशन एसेंशियल एस्पेक्ट है। वैसे तो ये बहुत सिंपल स्टेप है, लेकिन आपकी स्किन पर कमाल कर सकता है। एक ग्लास पानी कई हेल्थ बेनिफिट्स देता है। न सिर्फ बॉडी बल्कि स्किन को भी पानी पीने के कई फायदे मिलते हैं। वर्कआउट के बाद एक ग्लास पानी पीना बहुत जरूरी है ।

## घर पर ही करें फेशियल



त्योहारों का सीजन शुरू हो चुका है। ऐसे में हर कोई खूबसूरत-निखरी त्वचा के लिए पार्लर जाता है। लेकिन कई लोगों को ये काफी महंगा लगता है तो कुछ लोगों को ये सूट ही नहीं होता। बाजार के महंगे प्रोडक्ट में केमिकल्स की मात्रा ज्यादा होती है। जिसकी वजह से कई बार महिलाओं को एक्ने और पिंपल जैसी समस्या हो जाती है। ऐसे में आप 4 स्टेप्स में ग्लोइंग त्वचा पा सकती हैं, वो भी घर में बने नेचुरल प्रोडक्ट की मदद से। आइए, जानते हैं-

स्टेप 1

इसमें आपको दो बार क्लीनिंग करनी होगी। इसमें सबसे पहले मेकअप क्लींजर से अपना मेकअप हटाएं। अगर मेकअप न भी हो तो भी इस स्टेप को एक बार जरूर करें। इसके लिए आप कॉटन पैड पर बेबी ऑयल या कोकोनट ऑयल की मदद ले सकते हैं। सैकेंड स्टेप में वॉटर बेस फेस वॉश से चेहरे को साफ करें। अगर आपके पास कोई अच्छा फेसवॉश न हो तो आप जौ के आटे में कच्चा दूध मिलाकर इस्तेमाल कर सकती हैं।

स्टेप 2

कोरियन स्किन पाने के लिए आपको टोनर लगाने के लिए सात स्किन मैथेड का इस्तेमाल करना होगा। ये थोड़ी थकावट भरा हो सकता है लेकिन इसके काफी अच्छे रिजल्ट मिलते हैं। कोरियन ब्यूटी टोनर फ्रेश नमी बढ़ाने वाली चीजों के बने होते हैं, जो बेस हाईड्रेशन देते हैं। आपको टोनर को अपनी स्किन पर लगाना है और थपथपाने के बाद सूखने दें। अगली लेयर लगाएं और ऐसा 7 बार करें। क्लिंजिंग करने से पोर्स खुल जाते हैं और ऐसे में अगर आप टोनर का इस्तेमाल नहीं करते तो यह खुले रह जाते हैं। ऐसे में ये टोनर पोर्स बंद करने में मदद करता है। इसके लिए आप किसी अल्कोहल फ्री टोनर का इस्तेमाल करें। ध्यान रखें कि इसे स्किन पर जोर से नहीं रगड़ना। इसे आप अपनी स्किन टोन के हिसाब से घर में भी बना सकते हैं।

स्टेप 3

हर किसी जैसे बॉडी थकती है ठीक वैसे ही स्किन भी थक जाती है। ऐसे में स्किन को शांत करने और नमी को बंद करने के लिए मास्क लगाना जरूरी है। मास्क लगाने से डेड स्किन हटाने में मदद मिलती है, इनहें हटाना बेहद जरूरी होता है ताकि नई त्वचा कोशिकाएं ठीक से सांस ले सकें। आप घर के बने मास्क का इस्तोमल कर सकते हैं। बस अपनी स्किन के हिसाब से मास्क को चुनें।

स्टेप 4

स्किन केयर रूटीन को फॉलो करने के बाद त्वचा को लंबे समय तक हाइड्रेट रखने के लिए मॉइश्चराइजर की जरूरत होती है। कोरियन स्किन पाने के लिए स्किन को मॉइश्चराइर करना जरूरी है।

# लॉन्ग स्कर्ट के साथ ट्रेडिशनल लुक

फे स्टि व

सीजन में आप ट्रेडिशनल लुक कैरी कर सकते हैं। घर हो या फिर ऑफिस लुक चेंज करने से पॉजिटिविटी भी आती है। आज हम आपको लॉन्ग स्कर्ट के साथ स्टाइलिंग टिप्स बता रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके आप यूनिक लुक क्रिएट कर सकते हैं।



### लॉन्ग स्कर्ट विद सैटिन शर्ट

आपके पास किसी भी कलर की लॉन्ग स्कर्ट है, तो आप इसे सैटिन शर्ट के साथ कैरी कर सकते हैं।

स्कर्ट और शर्ट को टीमअप करते वक्त आपको कलर कॉम्बिनेशन का ध्यान रखना है। लाइट के साथ डार्क शेड टीमअप करके पहनें। कलर कॉम्बिनेशन का यह बेसिक फंडा है।

### लॉन्ग स्कर्ट के साथ क्रॉप टॉप

लॉन्ग स्कर्ट के साथ क्रॉप टॉप भी बेस्ट ऑप्शन है। आप इस लुक को डांडिया नाइट के लिए भी क्रिएट कर सकते हैं। आपको चाहें, तो मैचिंग जूलरी और दुपट्टे से इस लुक को ट्रेडिशनल टच भी दे सकते हैं।

### लॉन्ग स्कर्ट के साथ श्रग


लॉन्ग स्कर्ट के साथ टॉप और श्रग भी आपको डिफरेंट लुक देने के लिए अच्छे ऑप्शन है। आप कैजुअल की बजाय एथनिक श्रग कैरी करके अपने लुक को फ्यूजन टच दे सकते हैं।

### लॉन्ग स्कर्ट के साथ कुर्ती

कुछ गर्ल्स को लहंगा-चोली काफी हैवी लगता है। उनके लिए स्कर्ट के साथ कुर्ती सबसे अच्छा ऑप्शन है।

इस लुक के साथ आप मैचिंग जूलरी कैरी करके जलवे बिखेर सकते हैं। साथ ही लाइट मेकअप भी फेस्टिव वाइब्स के साथ मैच करेगा।

# बालों की खूबसूरती निखारेगा जीरे का पानी



क्या आपने सोचा है कि जीरे के पानी के भी ब्यूटी बेनिफिट्स हो सकते हैं। जीरे का पानी सेहत और स्किन दोनों को कई तरह के लाभ प्रदान करता है। स्किन के साथ ही ये बालों की शाइन और बालों से जुड़ी कई समस्या खत्म करने में मदद करता है।

### फायदे

जीरा पानी में एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी ऑक्सीडेंट गुण होते हैं। जब स्किन की खूबसूरती की बात आती है तो रोजाना इसे पीने से शरीर के टॉक्सीन बाहर निकलते हैं और चेहरे में चमक आती है। चेहरे के दाग धब्बों के अलावा बालों की चमक के लिए जीरा पानी बेहद फायदेमंद है।

### बालों पर कैसे बनाएं जीरा पानी

इसे बनाने के लिए एक पैन में पानी को अच्छे से उबालें और इसमें जीरा डालकर अच्छे से पकाएं। पानी जब आधा रह जाए तब गैस को बंद करें और पानी छान लें। बालों पर इस्तेमाल से पहले इसे अच्छी तरह ठंडा करें और जैसे ही पानी ठंडा हो जाए तो इस पानी से स्कैल्प की अच्छी तरह मसाज करें।

# जीत के साथ क्वॉलिफायर 2 में पहुंचा कोलकाता

**शारजाह।** कैरेबियाई आलराउंडर सुनील नरेन (21 रन पर चार विकेट और 26 रन ) के दमदार हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत कोलकाता नाईट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को चार विकेट से हराकर आईपीएल के दूसरे क्वॉलीफायर में जगह बना ली जहां उसका मुकाबला बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स से होगा। इस हार के साथ विराट का बेंगलुरु को एक बार अपनी कप्तानी में चैंपियन बनाने का सपना टूट गया। विराट की कप्तानी में बेंगलुरु कभी खिताब नहीं जिता पाए। विराट इस टूर्नामेंट के बाद आईपीएल टीम की कप्तानी छोड़ देंगे। कोलकाता ने आरसीबी को सात विकेट पर 138 रन के स्कोर पर रोक दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए कोलकाता की शुरुआत अच्छी रही। पांच ओपनर शुभमन गिल (29) और वेंकटेश अय्यर (26) ने 41 रन की साझेदारी की। चहल ने त्रिपाठी (6) को आउट कर टीम को दूसरी सफलता दिलाई। नितीश राणा (23) की विकेट चहल के खाते में आई। सुनील नरेन भी 26 रन बनाकर सिराज का शिकार बने। दिनेश कार्तिक भी अपने रंग में नहीं दिखे और 10 रन बनाकर आउट हो गए। कोलकाता को अंतिम ओवर में सात रनों की जरूरत थी। कप्तान मोर्गन ने नाबाद पांच और शाकिब अल हसन ने नाबाद नौ रन बनाकर कोलकाता को दो गेंद शेष रहते जीत दिला दी।

## स्कोर बोर्ड

| आरसीबी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पडिक्कल बो. फर्ग्युसन | 21 | 18 | 2 | 0 |
| विराट कोहली बो. नरेन | 39 | 33 | 5 | 0 |
| श्रीकर भरत कै. बेंकटेश बो. नरेन | 09 | 16 | 0 | 0 |
| मैक्सवैल कै. फर्ग्युसन बो. नरेन | 15 | 18 | 1 | 0 |
| एबी डीविलियर्स बो. नरेन | 11 | 09 | 1 | 0 |
| शाहबाज अहमद कै. मावी बो. फर्ग्युसन | 13 | 14 | 1 | 0 |
| क्रिस्टियन रन आउट | 09 | 08 | 1 | 0 |
| हर्षल पटेल नाबाद | 08 | 06 | 1 | 0 |
| जॉर्ज गार्टन नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त**: 13, **कुल**: 20 ओवर में सात विकेट पर 138 रन **विकेट पतन**: 1-49, 2-69, 3-88, 4-102, 5-112, 6-126, 7-134 **गेंदबाजी**: शाकिब अल हसन 4-0-24-0, शिवम मावी 4-0-36-0, वरुण चक्रवर्ती 4-0-20-0, लॉकी फर्ग्युसन 4-0-30-2, सुनील नरेन 4-0-21-4,

| केकेआर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| शुभमन गिल कै. डीविलियर्स बो. हर्षल | 29 | 18 | 4 | 0 |
| वेंकटेश अय्यर कै. भरत बो. हर्षल | 26 | 30 | 0 | 1 |
| राहुल त्रिपाठी पगबाधा चहल | 06 | 05 | 1 | 0 |
| नितीश राणा कै. डीविलियर्स बो. चहल | 23 | 25 | 1 | 1 |
| सुनील नरेन बो. सिराज | 26 | 15 | 0 | 3 |
| कार्तिक कै. श्रीकर भरत बो. सिराज | 10 | 12 | 1 | 0 |
| ईयान मोर्गन नाबाद | 05 | 07 | 0 | 0 |
| शाकिब अल हसन नाबाद | 09 | 06 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त**: 5, **कुल**: 19.4 ओवर में छह विकेट पर 139 रन **विकेट पतन**: 1- 41, 2-53, 3-79 4-110, 5-125, 6-126, **गेंदबाजी**: मोहम्मद सिराज 4-0-19-2, जॉर्ज गार्टन 3-0-29-0, हर्षल पटेल 4-0-19-2, चहल 4-0-16-2, मैक्सवैल 3-0-25-0, क्रिस्टियन 1.4 -0-29-0,

### आरसीबी को चार विकेट से हराया, दिल्ली से होगी भिड़ंत



### नरेन के कहर से कोलकाता ने बेंगलुरु को 138 रन पर रोका

कोलकाता नाईट राइडर्स के अबूझ स्पिनर सुनील नरेन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 21 रन पर चार विकेट लेकर बेंगलुरु को 20 ओवर में सात विकेट पर 138 रन के सामान्य स्कोर पर रोक दिया। बेंगलुरु के कप्तान विराट कोहली ने 33 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से सर्वाधिक 39 रन बनाए। विराट को नरेन ने टीम के 88 के स्कोर पर तीसरे बल्लेबाज के रूप में बोल्ड आउट किया। विराट ने देवदत्त पडिकल के साथ ओपनिंग साझेदारी में 49 रन जोड़े। पडिकल 18 गेंदों में दो चौकों के सहारे 21 रन बनाकर लौकी फर्ग्युसन की गेंद पर बोल्ड हुए। श्रीकर भरत 16 गेंदों में नौ रन बनाकर नरेन की गेंद पर आउट हुए। ग्लेन मैक्सवेल 18 गेंदों में एक चौके के सहारे 15 रन बनाकर नरेन का चौथा शिकार बने। नरेन ने इससे पहले एबी डिविलियर्स को भी बोल्ड कर पवेलियन भेजा था। डिविलियर्स ने नौ गेंदों पर एक चौके के सहारे 11 रन बनाए। शाहबाज अहमद 14 गेंदों में एक चौके की मदद से 13 रन बनाकर फर्ग्युसन का दूसरा शिकार बने। डेनियल क्रिस्टियन आठ गेंदों में नौ रन बनाकर पारी के आखिरी ओवर में रन आउट हुए। हर्षल पटेल छह गेंदों में आठ रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता की तरफ से नरेन ने चार ओवर में 21 रन पर चार विकेट और फर्ग्युसन ने चार ओवर में 30 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

### टी-20 में 900 चौके जड़ने वाले दूसरे भारतीय बने विराट कोहली

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के कप्तान विराट कोहली ने कोलकाता खिलाफ 39 रन बनाकर आउट हुए। विराट ने इस दौरान अपने नाम एक बड़ी उपलब्धि दर्ज कर ली। विराट कोहली के टी20 क्रिकेट में 900 चौके हो गए हैं। वह क्रिकेट के इस छोटे फॉर्मेट में 900 या इससे अधिक चौके जड़ने वाले शिखर धवन के बाद दूसरे भारतीय बन गए हैं। इस लिस्ट में टॉप पर वेस्टइंडीज के धुरंधर ओपनर क्रिस गेल हैं जिनके नाम टी20 क्रिकेट में 1105 चौके दर्ज हैं जबकि टीम इंडिया के ओपनर शिखर धवन 986 चौकों के साथ दूसरे वहीं ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक ओपनर डेविड वॉर्नर 973 चौकों के साथ तीसरे नंबर पर हैं। आईपीएल में दिल्ली के बल्लेबाज शिखर धवन के नाम सबसे ज्यादा चौके जड़ने का रिकॉर्ड है। धवन ने 191 मैचों में कुल 653 चौके उड़ाए हैं जबकि दूसरे नंबर पर आरसीबी के कप्तान विराट कोहली हैं। कोहली ने 207 मैचों में 546 बार गेंद को बाउंड्री के बाहर चार रन के लिए दर्शन कराए हैं।

# एंडी मरे, फर्नांडिस और स्वियातेक ने तीसरे दौर में बनाई जगह

### पारिबास ओपनः मरे ने अलकारेज को 5-7, 6-3, 6-2 से हराया



**इंडियन (एजेंसी)।** विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी एंडी मरे ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करके बीएनपी पारिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। तीन बार के ग्रैंडस्लैम विजेता मरे ने 18 वर्षीय कार्लोस अलकारेज को 5-7, 6-3, 6-2 से हराया। स्कॉटलैंड के इस खिलाड़ी को टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है।

महिलाओं के वर्ग में यूएस ओपन की उप विजेता लीलाह फर्नांडिस ने नौवीं वरीयता प्राप्त एनस्तेसिया पावलिचेनकोवा को 5-7, 6-3, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। फर्नांडिस ने कोको गॉफ के साथ मिलकर महिला युगल के भी क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनायी। इगा स्वियातेक ने 25वीं वरीय वेरोनिका कुदेरमेतोवा को आसानी से 6-1, 6-0 से पराजित करके तीसरे दौर में जगह बनायी। स्वियातेक ने इस एटीपी-डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट के दो मैचों में अब तक केवल पांच गेम गंवाये हैं। अलियाक्सांद्रा सासनोविच ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए 11वीं वरीय और 2015 की चैंपियन सिमोना हालेप को सीधे सेटों में 7-5, 6-4 से पराजित किया। चौथी वरीयता प्राप्त इलिना स्वितोलिना भी 32वीं वरीय सोराना क्रिस्टीया को 4-6, 6-4 7-6 (3) से हराकर आगे बढ़ने में सफल रही। अमेरिका की शेल्बी रोजर्स और जेसिका पेगुला भी सीधे सेटों में जीत दर्ज करके प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी। पुरुष वर्ग में पांचवीं वरीयता प्राप्त मैटियो बेरेटिनी ने अलेक्सांद्रो टैबिल्बो को 7-5, 7-5 से हराया। उनका अगला मुकाबला टेलर फ्रिट्ज से होगा जिन्होंने ब्रैंडन नकाशिमा को 6-3, 6-4 से शिकस्त दी। अन्य मैचों में अल्बर्ट रामोस विनोलस ने सातवें वरीय फेलिक्स आगुर अलियासामी को 6-4, 6-2, पिछले सप्ताह सोफिया में खिताब जीतने वाले दसवें वरीय यानिक सिनर ने जॉन मिलमैन को 6-2, 6-2 से, 14वें वरीय गेल मोनफिल्स ने जियानलुका मागर को 6-4, 6-2 से और केविन एंडरसन ने 17वें वरीय लॉरेंजो सोनेगो को 7-6 (7), 7-6 (3) से हराया।

# विराट कोहली ने बताई टी-20 अंतरराष्ट्रीय और आरसीबी की कप्तानी छोड़ने की वजह

### कहा, मैं अपनी जिम्मेदारियों के प्रति बेईमानी नहीं करना चाहता



**नई दिल्ली।** विराट कोहली ने हाल ही में भारतीय टी20 टीम और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की कप्तानी से हटने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि टी20 वर्ल्ड कप के बाद वह भारतीय टीम की कप्तानी छोड़ देंगे और आईपीएल के इस सीजन के बाद बैंगलोर की कप्तानी से हट जाएंगे।

कोहली के इस फैसले ने उनके फैंस को काफी निराश किया। कोहली ने आखिर इस पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि इस फैसले के पीछे सबसे बड़ी वजह वर्कलोड मैनेजमेंट ही रही। भारतीय कप्तान ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह चाहते हैं कि किसी भी काम को 120 प्रतिशत जज्बे के साथ करें। कोहली ने कहा, सबसे पहले वर्कलोड इसकी मुख्य वजह रही। मैं नहीं चाहता कि अपनी जिम्मेदारियों के प्रति बेईमानी नहीं करना चाहता। अगर मैं किसी काम में 120 प्रतिशत नहीं दे सकता तो मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो उन्हें पकड़े रखूंगा। मैं किसी भी चीज से इस तरह नहीं जुड़ा हूं और यह बात हमेशा से मेरे दिमाग में स्पष्ट रही है।

#### कोहली ने 2013 से संभाली थी आरसीबी की कप्तानी

कोहली ने 2013 के आईपीएल सीजन में बैंगलोर की कप्तानी संभाली थी। उनसे पहले डेनियल विटोरी इस भूमिका को निभा रहे थे। इस बीच बैंगलोर की टीम चार बार प्लेऑफ में पहुंची है व साल 2016 में उसने फाइनल तक का सफर तय किया। 32 साल के कोहली ने साफ कर दिया है कि वह इस सीजन के बाद बैंगलोर की कप्तानी छोड़ देंगे।

### धोनी ने भावुक बच्ची को गिफ्ट की ऑटोग्राफ की हुई गेंद


**दुबई।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने दिज्जी कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में शानदार पारी खेल टीम को फाइनल में पहुंचाया। उनके विजयी शॉट ने चेन्नई की युवा प्रशंसक को स्टेडियम में भावुक कर दिया। मैच के बाद धोनी ने मैच गेंद पर साइन कर बच्ची को गिफ्ट दिया और उसके लिए इसे और विशेष बना दिया। धोनी ने छह गेंदों पर नाबाद 18 रन बनाए और चेन्नई को नौवीं बार फाइनल में पहुंचाया। चेन्नई को 11 गेंदों पर 24 रन चाहिए थे लेकिन धोनी ने आवेश खान की गेंद पर छक्का और टॉम करेन की गेंद पर अंतिम ओवर में तीन चौके जड़े और चेन्नई को फाइनल में प्रवेश कराया।

### वनडे में शतक लगाने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बनी एमी हंटर

**हरारे।** आयरलैंड की एमी हंटर अपनी 16वें जन्मदिन पर जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 121 रन की पारी खेलकर सोमवार को एकदिवसीय मैच शतक बनाने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गयी। उन्होंने भारत की मिताली राज के रिकॉर्ड को तोड़ा। मिताली ने जून 1999 में आयरलैंड के खिलाफ 16 साल और 205 दिन की उम्र में शतकीय पारी खेली थी। वह 38 साल की उम्र में अब भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रही है और टेस्ट तथा एकदिवसीय में भारत की सर्वोच्च स्कोरर है। बेलफास्ट के एक स्कूल में पढ़ने वाली हंटर का यह चौथा एकदिवसीय मैच है। उनकी 127 गेंद की इस पारी से आयरलैंड ने जिम्बाब्वे पर 85 रन की जीत दर्ज की। हंटर ने मई में स्कॉटलैंड के खिलाफ पदार्पण किया था। वह एकदिवसीय में शतक लगाने वाली आयरलैंड की सिर्फ चौथी जबकि साल 2000 के बाद पहली महिला खिलाड़ी है।

# मूडी ने जताई भारतीय टीम के कोच बनने की इच्छा

### टी20 विश्वकप के बाद समाप्त हो जाएगा रवि शास्त्री का कार्यकाल



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व आलराउंडर टॉम मूडी चौथी बार भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच पद के लिये आवेदन कर सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार ऐसा समझा जाता है पूर्व विश्वकप विजेता और अब नामी कोच की निगाह भारतीय टीम के कोच पद पर टिकी हैं जो कि टी20 विश्वकप के बाद रवि शास्त्री का कार्यकाल समाप्त होने पर खाली हो रहा है। आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ क्रिकेट निदेशक के रूप में काम कर रहे 56 वर्षीय मूडी पूर्व में भारतीय टीम का कोच बनने में दिलचस्पी दिखा चुके हैं। उन्होंने इससे पहले 2017 और 2019 सहित तीन बार भारतीय कोच पद के लिए आवेदन किया था लेकिन कभी उनके नाम पर विचार नहीं किया गया। शास्त्री का भारतीय मुख्य कोच के रूप में कार्यकाल टी20 विश्वकप तक ही है तथा यह 59 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि वह सेवा विस्तार के लिए नहीं कहेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अब नए कोच की तलाश में है। मूडी 2013 से 2019 तक सनराइजर्स के मुख्य कोच रहे। और इस बीच फ्रेंचाइजी ने 2016 में अपना एकमात्र खिताब भी जीता।

# महादजी अकादमी को श्रेष्ठ क्लब मप्र अवॉर्ड



**भोपाल ।** देश और प्रदेश के लिए हॉकी की नई पौध तैयार करने वाली महादजी सिंधिया हॉकी अकादमी को भोपाल में हुए समारोह में राष्ट्रीय खेल पत्रिका द्वारा हॉकी के श्रेष्ठ क्लब मध्य प्रदेश अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के मानस भवन में आयोजित हुए खेल अवॉर्ड समारोह में महादजी सिंधिया हॉकी अकादमी ग्वालियर जोकि पिछले 20 वर्षों से लगातार हॉकी के उत्थान के लिए कार्य कर रही है जिसमें हॉकी के नवोदित खिलाड़ियों के लिए हॉकी प्रशिक्षण शिविर, हॉकी टूर्नामेंट सहित वर्ष 2002 में देश का सबसे बड़ा खेल आयोजन खेल एकता रैली के रूप में आयोजित किया। जिसमें अशोक ध्यानचंद ओलंपियन, क्लाउडियस ओलंपियन, समीर दाद ओलंपियन, तत्कालीन भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान कुमारी ममता खरब, शंघाई चानू, अल्ताफ उर रहमान, हसरत कुरेशी सहित 15 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने भाग लिया था एवं ग्वालियर के विभिन्न खेल संगठनों के 10,000 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर उक्त रैली को ऐतिहासिक बनाया था, महादजी सिंधिया हॉकी अकादमी के अध्यक्ष डॉ केशव पांडे में जानकारी देते हुए बताया कि यह सम्मान ग्वालियर के खिलाड़ियों को समर्पित है महादजी सिंधिया की अकादमी जो कि पिछले 20 वर्षों से लगातार हॉकी के पुनरुत्थान एवं स्वर्णिम युग की वापसी हेतु प्रयासरत है उक्त अवॉर्ड से हमारा हौसला बढ़ा है और हम आगे भी हॉकी के लिए बेहतर करने का प्रयास करेंगे।

### खेल पत्रिका द्वारा सम्मानित खेल सितारे

**मप्र खेल रत्न**: रुबिना फ्रांसिस (पैरा शूटिंग) म.प्र. अकादमी, **स्पोर्ट्स मैन ऑफ द ईयर**: पुनीत दाते (क्रिकेट) भोपाल, **श्रेष्ठ खिलाड़ी अवॉर्ड**: दीपक सिंह नरवरिया (कराते) म.प्र. अकादमी, श्रेया अग्रवाल (शूटिंग) जबलपुर, अभिशेष सिंह बघेल (बॉडी विल्डिंग) रीवा, परम पदम बिरथरे (तैराकी) इंदौर, योगेश चौधरी (साफ्ट टेनिस) देवास, दिग्विजय पटेल (थ्रो बॉल) भोपाल, **श्रेष्ठ प्रतिभा खेल खिलाड़ी अवॉर्ड**: बुसरा खान (एथलेटिक्स) मप्र अकादमी, अमनसिंह बिष्ट (बॉक्सिंग) भोपाल, कृष्णा मिश्रा (स्क्वॉश) इंदौर, शिवानी पवार (कुश्ती) छिंदवाड़ा, माधवेन्द्र प्रताप शर्मा (शतरंज) भोपाल, शांतनु पांडे (ड्राप रोवॉल) औबेदुल्लागंज। **लाइफ टाइम अवॉर्ड**: मुमताज खान (एथलेटिक्स) भोपाल, **स्पेशल अवॉर्ड**: चिन्तामन कश्यप (बॉक्सिंग) जबलपुर, फेथ क्रिकेट क्लब भोपाल, **श्रेष्ठ कोच अवॉर्ड**: विजुश बरोई (कया-केनो) मप्र अकादमी, जयवर्धन सिंह चौहान (शूटिंग पिस्टल) मप्र अकादमी, अमित गौतम (एथलेटिक्स) मप्र अकादमी, अमीन अहमद शेख (टेनिस) खंडवा, देवेन्द्र सिंह (फुटबॉल) भोपाल, मप्र अकादमी। **खेल प्रमोटर अवॉर्ड**: स्व. डॉ. एम.जी. नाडकर्णी (टेबल टेनिस, मरणोपरांत), संदीप सिंह डोंगर (क्रिकेट) विदिशा, विष्णुकांत सहाय (सीबीएसी अवॉर्ड) भोपाल। **खेल पत्रकार अवॉर्ड**: चरनपाल सिंह सोबती (क्रिकेट सम्राट) दिल्ली। मनीष चांदे (दैनिक भास्कर) जबलपुर। **खेल संस्थान अवॉर्ड**: धार लिटिल शटलर वेलफेयर सोसायटी धार।

### मिकेलसन ने तीसरी बार पीजीए टूर चैंपियन्स का खिताब जीता

**जैकसनविले।** फिल मिकेलसन ने अंतिम दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेलकर कान्स्टलेशन फ्यूरीक एंड फ्रेंड्स इनविटेशनल गोल्फ टूर्नामेंट में दो शॉट से जीत दर्ज की जो पीजीए टूर चैंपियन्स में उनका तीसरा खिताब है। इस 51 वर्षीय अनुभवी गोल्फर का मई में कियावाह आइलैंड में जीत के बाद यह पहला खिताब है। इसके बाद पीजीए टूर में वह लय हासिल करने के लिये जूझते रहे। ब्रेन ट्रॉमा, याददाश्त गई पर हौसला वही, डकार रैली में एक्सीडेंट के बाद रेसर सीएस संतोष एक्सिलेटर दबाने को तैयारमिगुएल एंजेल जिमनेज ने टिमुक्काना कंट्री क्लब में हवादार परिस्थितियों में पूरे दिन मिकेलसन को चुनौती पेश की।

### सब जूनियर बालक हॉकी चैम्पियनशिप सेमीफाइल मुकाबले आज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में खेली जा रही प्रथम सब जूनियर बालक अकादमी नेशनल हॉकी चौंपियनिशप-2021 में मंगलवार को दोनों सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। मध्यप्रदेश राज्य हॉकी अकादमी, राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी, एसजीपीसी हॉकी अकादमी और ओडिशा नवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर की टीमें फाइनल में प्रवेश के लिए जोर आजमाइश करेगी। साई सेंटर ग्राम गोरा के टर्फ मैदान पर खेली जा रही चौंपियनशिप में मंगलवार को पहला मुकाबला ओडिशा टाटा नवल हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर और राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी के बीच खेला जाएगा। दोनों ही टीमों ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। ओडिशा नवल टाटा ने अपने दोनों ही मुकाबले बड़े अंतर से जीते है। वहीं, राउंडग्लास पंजाब ने अपने प्रदर्शन से प्रभाव छोड़ा है। दोनों टीमों के बीच एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। मप्र हॉकी अकादमी और एसजीपीसी हॉकी अकादमी के बीच चैंपियनशिप का दूसरा सेमीफाइनल खेला जाएगा। दोनों ही टीमों ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है। मप्र हॉकी अकादमी ने क्वार्टर फाइनल में जिस तरह से ओलंपियन विवेक सिंह हॉकी अकादमी को चित किया, उससे टीम के हौसले बुलंद है। ओलंपियन कोच समीर दाद के मार्गदर्शन में टीम ने सभी मैचों में विरोधियों को छकाने में सफलता हासिल की है। वहीं, एसजीपीसी अकादमी अपने क्वार्टर फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में जीतकर यहां पहुंची है।

### श्रीलंका की 15 सदस्यीय टी-20 विश्व कप टीम में शामिल लहिरू, धनंजय और बिनुरु

**दुबई।** लहिरू कुमार, बिनुरु फर्नांडो और अकिला धनंजय को श्रीलंका की 15 सदस्यीय टी-20 विश्व कप टीम में शामिल किया गया है। इससे पहले तीनों को रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर टीम में रखा गया था। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने रविवार को अपनी अंतिम टीम की घोषणा की, जिसमें कमिंदु मेंडिस, नुवान प्रदीप, प्रवीण जयविक्रमा, मिनोद भनुका, एशन बंडारा, लक्षण संदाकन और रमेश मेंडिस को जगह नहीं मिल पाई, जो पहले 19 सदस्यीय टीम में रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर चुने गए थे। इस बार श्रीलंका ने कोई भी रिजर्व खिलाड़ी नहीं रखा है।

राजधानी (न्यू बॉम्बे)

| दिन | रात |
|---|---|
| 369 = 8 | 149 = 4 |
| 990 = 8 | 459 = 8 |

शुभांक

| दिन | रात |
|---|---|
| 129 = 2 | 466 = 6 |
| 680 = 4 | 370 = 0 |

भाग्यांक
1 2 3 5
www.kalyangame.com

# फ्रांस ने जीता नेशन्स लीग का खिताब




**मिलान (एजेंसी)।** काइलिन एमबापे के निर्णायक गोल की मदद से फ्रांस ने फाइनल में स्पेन को 2-1 से हराकर नेशन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। एमबापे ने 80 वें मिनट में गोल किया जबकि खेल में केवल 10 मिनट का समय बचा था।

इस तरह से फ्रांस ने फिर से पिछड़ने के बाद वापसी करके जीत दर्ज की। उसने सेमीफाइनल में भी बेल्जियम के खिलाफ शुरू में पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी की थी। ओयारजाबेल ने 64वें मिनट में स्पेन को बढ़त दिला दी जो केवल दो मिनट तक ही कायम रही। 66वें मिनट में करीम बेंजेमा ने जवाबी हमले में खूबसूरत गोल करके फ्रांस को बराबरी दिलायी। बेंजेमा की पांच साल बाद हाल में फ्रांस की टीम में वापसी हुई है। यूरोपीय चैंपियन इटली ने तीसरे स्थान के मैच में बेल्जियम को 2-1 से हराया। इटली सेमीफाइनल में स्पेन से हार गया था।

### अर्जेंटीना ने उरूग्वे को 3-0 से हराया, ब्राजील ने ड्रॉ खेला

**साओ पाउलो।** लियोनेल मेसी के शुरू में किए गए गोल से बढ़त बनाने वाले अर्जेंटीना ने दक्षिण अमेरिकी विश्वकप फुटबॉल क्वॉलीफाईंग मुकाबले में उरूग्वे को 3-0 से हराया जबकि ब्राजील ने कोलंबिया से गोलरहित ड्रॉ खेला जिससे उसका लगातार नौ जीत का अभियान भी थम गया। ब्राजील क्वॉलीफिकेशन प्रतियोगिता में नौ जीत और एक ड्रॉ से 28 अंक लेकर शीर्ष पर है। वह अब भी दूसरे नंबर पर काबिज अर्जेंटीना से छह अंक आगे है। ब्राजील और अर्जेंटीना का मैच केवल सात मिनट के खेल के बाद कोविड-19 प्रोटोकॉल के कारण स्थगित कर दिया गया था। फीफा को अभी इस मैच के बारे में फैसला करना है। इक्वेडोर 16 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। उरूग्वे के भी इतने ही अंक हैं लेकिन कम जीत के कारण वह चौथे स्थान पर है। कोलंबिया 15 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है। इन तीनों टीमों ने 11 मैच खेल लिए हैं। शीर्ष पर रहने वाली चार टीमें अगले साल कतर में होने वाले विश्वकप में सीधा प्रवेश करेंगी। पांचवें स्थान की टीम अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ के जरिये क्वॉलीफाई कर सकती है। उरूग्वे के खिलाफ मैच में मेसी ने रक्षापंक्ति की गलती का फायदा उठाकर 38वें मिनट में अर्जेंटीना की तरफ से पहला गोल किया। अर्जेंटीना का 44वें मिनट में भी भाग्य ने साथ दिया। दोनों टीमों की पासिंग में कई गलतियों के बाद लॉटैरो मार्टिनेज को बॉक्स के पास में गेंद मिली। लॉटैरो इस पर सही तरह से शॉट नहीं जमा पाये लेकिन गेंद रोड्रिगो डि पॉल के पास चली गयी जिन्होंने उस पर गोल दाग दिया। उरूग्वे ने दूसरे हाफ में स्थानापन्न एडिसन कवानी और डार्विन नुनेज को अग्रिम पंक्ति में रखा लेकिन वह अर्जेंटीना था जिसने गोल किया।

# बीच मैच में इस बात पर गर्म हुआ मामला

आईपीएल 2021 में सोमवार को खेले गए एलिमिनेटर मुकाबले में विराट कोहली की कप्तानी वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही विराट का बतौर कप्तान आरसीबी को चैंपियन बनाने का सपना भी टूट गया। इस मैच में एक ऐसा मौका भी आया, जब विराट को अंपायर के साथ भिड़ते देखा गया। यह वाकया केकेआर की पारी के सातवें ओवर का है। यहां लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने अपनी आखिरी बॉल डाली तब गेंद सीधे केकेआर के बल्लेबाज राहुल त्रिपाठी के पैड पर जाकर लगी, जिससे अंपायर ने नकार दिया। इसके बाद विराट ने तुरंत डीआरएस लिया। इसके बाद मैदानी अंपायर वीरेंद्र शर्मा को अपना फैसला बदलना पड़ा, जिससे विराट की डीआरएस लेना सही साबित हुआ। इसके बाद अंपायर और विराट के बीच बहस होते देखी गई। अच्छी बात ये हुई कि अंपायर और विराट के बीच बातचीत का अंत एक स्माइल के साथ हुआ।

# करण गूगल

## करके देख लेना कुंद्रा के करियर में सर्च इंजन टूल बन पाएगा बिग बॉस 15?

मेरा नाम पता है ना क्या है? करण कुंद्रा गूगल करके देख लेना, बिग बॉस 15 के घर में करण कुंद्रा ने भले ही ये लाइन मजाक में बोली हो, लेकिन टीवी में उनके स्टारडम के आगे अच्छे अच्छे फेल नजर आते हैं। चॉकलेटी बॉय करण कुंद्रा ने जब डेब्यू (कितनी मोहब्बत है) किया था तो उनकी एक्टिंग और लुक्स से न जाने कितने लोगों को दीवाना बनाया था। पहले ही शो ने उन्हें टीवी इंडस्ट्री का हीरो बना दिया था। एक हद तक फैंस इस बात से



कंविंस हो गए थे कि करण इंडस्ट्री में लंबी रेस के घोड़े हैं। उन्हें कोई इतनी आसानी से रिप्लेस ही नहीं कर पाएगा। और हो भी क्यों ने उन्होंने अपने टैलेंट के दम पर ये हासिल किया था। करण को टीवी में अच्छी स्टार्ट मिली, ऐसा लगा कि ये सितारा आगे जाएगा। पर करण का सीरियल वाला मोमेंटम आगे नजर नहीं आया। वे टीवी में ही फंस कर रह गए। सीरियल से लेकर रियलिटी शो, कुछ गाने और कुछ फिल्में...पर वो फंटलाइनर नहीं बन पाए। सुशांत सिंह राजपूत जैसा स्टारडम हासिल नहीं कर पाए। मगर अब ऐसा लग रहा है कि करण के करियर का ग्राफ नीचे सरकने लगा है। और ये इसलिए भी कहा जा सकता है क्योंकि जो एक्टर सिर्फ लीड हीरो वाली कैटेगरी को बिलॉन्ग करता हो वो आज एक पॉपुलर शो (ये रिश्ता क्या कहलाता है) में, एक पॉपुलर एक्टर की परछाई के नीचे एक सपोर्टिंग रोल तक करने के लिए तैयार हो गया। शो में सेकंड लीड का किरदार निभाया, ये जानते हुए भी कि उनका रोल शो में बहुत छोटा होने वाला है। कोई लीड हीरो वाली कैटेगरी का एक्टर जब किसी शो में सेकंड लीड (और वो भी कैमियो रोल) निभाने के लिए तैयार हो जाए तो ये कहना गलत नहीं होगा कि उसे (करण को) अपने गिरते करियर का इशारा मिल गया है और वो उसे बनाए रखने के लिए कुछ भी करने को तैयार है।

### बिग बॉस लगाए नैया पार?

तभी तो जो करण कुंद्रा रियलिटी शोज जज करते थे, जिन कंटेस्टेंट्स को लाइन में लगाकर जज की कुर्सी पर बैठ जजमेंट पास करते थे आज वो उनके साथ एक ही प्लेटफॉर्म शेयर कर रहे हैं। उनके साथ कंम्पीट कर रहे हैं। (यहां हम बात प्रतीक सहजपाल और करण कुंद्रा की कर कर रहे हैं।) बिग बॉस के घर में वैसे भी स्टार्स अपनी किस्मत आजमाने के लिए आते हैं। करण कुंद्रा को देखकर भी ऐसा ही लग रहा है कि वो भी एक बार फिर अपनी किस्मत को मौका दे रहे हैं। शो में वो माइंड गेम खेलते नजर आ रहे हैं। फैंस उनके गेम को काफी पसंद भी कर रहे हैं। करण के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्होंने टीवी के अलावा फिल्मों में भी काम किया है। हालांकि, फिल्मों में उन्हें वो सक्सेस नहीं मिली जो टीवी पर पाई थी। वो प्योर पंजाबी, हॉरर स्टोरी, मुबारकां, 1921, डॉली किट्टी और वो चमकते सितारे जैसी फिल्मों में दिखें। यहां भी वो सपोर्टिंग रोल में ही सिमटक रह गए। अब ऐसे में ये देखना होगा कि क्या करण बिग बॉस की ट्रॉफी जीत पाएंगे? बिग बॉस करण के करियर में कितना अहम रोल निभाएगा। और ये शो करण कुंद्रा को अपने आने वाले करियर में कितना फायदे का सौदा साबित होता है।

# रकुल प्रीत सिंह

## का लव लाइफ पर बड़ा खुलासा



रकुल प्रीत सिंह अपना 31वां जन्मदिन सेलीब्रेट कर रही हैं। उन्हें सोशल मीडिया पर चारों तरफ से बर्थडे विशेज मिल रही हैं। वहीं, इस खास मौके पर रकुल प्रीत ने खुद ही अपने फैंस को एक बड़ा सरप्राइज दे डाला है। उन्होंने अपनी लव लाइफ को लेकर खुलासा करते हुए एक पोस्ट शेयर कर सभी को चौंका दिया है। उन्होंने फोटो शेयर कर एक्टर-प्रोड्यूसर जैकी भगनानी को डेट करने की खबरों पर मुहर लगा दी है। यही नहीं जैकी ने भी रकुल के लिए एक बेहद रोमांटिक पोस्ट शेयर करते हुए उन्हें बर्थडे विश किया है। जैकी ने रकुल के बर्थडे पर विश करते हुए रोमांटिक फोटो शेयर की और कैप्शन में लिखा- तुम्हारे बिना दिन, दिन की तरह नहीं लगता। तुम्हारे बिना, सबसे स्वादिष्ट खाने में भी मजा नहीं है। मेरे लिए दुनिया की सबसे खूबसूरत इंसान को बर्थडे विशेज भेर रहा हूं!!! तुम्हारा दिन तुम्हारी मुस्कान की तरह उजाले भरा हो और तुम्हारे जितनी ही खूबसूरत हो। हैप्पी बर्थडे माय लव। इस पोस्ट के साथ ही दोनों ने ही अपने रिलेशनशिप को लेकर फैल रही अफवाहों की पुष्टि कर दी है। शुक्रिया माय लव! इस साल तुम मेरा सबसे बड़ा गिफ्ट हो! मेरी जिंदगी में रंग लाने के लिए शुक्रिया, मुझे बिना रुके हंसाने के लिए शुक्रिया और तुम जो हो वो बने रहने के लिए शुक्रिया!! हम साथ में और भी यादें बनाएंगे जैकी भगनानी। दोनों के ही इस पोस्ट पर फैंस के साथ-साथ सेलेब्रिटीज की भी ताबड़तोड़ प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं।

ड्रग्स केस



# अभी जेल में ही रहेंगे आर्यन खान

ड्रग्स केस मामले में शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को बड़ा झटका लगा है। आर्यन खान को अभी जेल में ही रहना होगा। किला कोर्ट ने आर्यन खान की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अभी अर्थर रोड जेल में आर्यन खान को रखा गया है। कोर्ट ने कहा कि आर्यन खान की जमानत याचिका सुनवाई लायक नहीं है। आर्यन खान के साथ अन्य आरोपी को भी बेल नहीं मिली है। इससे पहले मुंबई तट के पास एक क्रूज जहाज से कथित तौर पर मादक पदार्थ जब्त होने से संबंधित मामले में यहां की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान और सात अन्य आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस दौरान न्यायाधीश ने एनसीबी की हिरासत अवधि बढ़ाए जाने की अर्जी खारिज करते हुए कहा कि अस्पष्ट आधार पर हिरासत प्रदान नहीं की जा सकती।

बॉलीवुड

# मलाइका अरोड़ा का बोल्ड शूट हुआ वायरल

बॉलीवुड हिरोइनों में वैसे तो सभी अभिनेत्री अपने लुक्स को लेकर काफी अलर्ट रहती हैं और अपने को बेहतर दिखाने की कोशिश में हर दिन कुछ न कुछ नया करती रहती हैं। लेकिन इनमें कुछ एक्ट्रेस अपनी बोल्ड अदाओं से फैंस का दिल जीतने में सबसे आगे रहती हैं, ऐसे ही नाम की बात की जाए तो कुछ चेहरे शोहरत के मोहताज़ नहीं हैं, उनमें से एक आती हैं जिनका नाम ग्लेमरस एक्ट्रेसेज़ में आगे लिया जाता है। मलाइका अरोड़ा इन दिनों सोशल मीडिया पर अपनी बॉल्ड तस्वीरों के साथ फैंस का दिल जीत रही हैं।

### मटेलिक ड्रेस ने किया जादू

अपको बता दें मलाइका अरोड़ा की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब चर्चा बटोर रही हैं। उन पिक्चर्स में मलाइका का अंदाज लोगों को भा रहा है। दरअसल उन्होंने हाल ही में एक आउटफिट फोटो शूट कराया है जिसमें वे एक मटैलिक सिलवर बॉडीकॉन ड्रेस में कतिलाना पोज़ देती हुई दिखाई दे रही हैं। मलाइका इस फोटोशूट में काफी स्टनिंग लुक देती नज़र आ रही हैं। आपको बता चलें कि, इस आउटफिट को मनैका हरिसिंगानी ने तैयार किया है। वे काफी प्रसिद्ध डिज़ाइनर्स में से एक हैं। जिनके डिज़ाइन किए आउटफिट में मलाइका बेहद खूबसूरत नज़र आ रही हैं। मलाइका के फैंस जिस ड्रैस में उन्हें खूब पसंद कर रहे हैं अगर उस आउटफिट की बात की जाए तो मिड लेंथ ड्रेस को प्लंजिंग नैकलाइन, पैपलम स्टाइल, रफल फीचर और भी ट्रेंडी बना रहा है। स्टाइलिश टॉप और फ्रंट स्लिट ड्रेस में मलाइका लुक गजब ही फ्लॉट कर रहा है। उनकी बॉडीशेमिंग ड्रेस के हिसाब से परफेक्ट लुक दे रही है। इसमें मलाइका ने सिल्वर कलर का आईलाइनर और बीच वेबी हेयर, लाइट बाउन कलर की लिपिस्टि के साथ कमाल का मैच किया है। यही कारण है कि मलाइका को फैशन आइकॉन माना जाता है। उनके फॉलोवर्स इस फैशन आइकॉन की वजह से उनको बेहद पसंद करते हैं और उनको फॉलो भी करते हैं। आपको बता दें मलाइका अरोड़ा इससे पहले भी मैटेलिक ड्रेस में जलवे बिखेर चुकी हैं वे अपनी अदाओं से लोगों के दिलों पर छाई रहती हैं।



# जब कर्ज में डूब गए थे अमिताभ बच्चन

## मोहब्बतें और 'केबीसी' ने ऐसे बदली थी किस्मत

बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने फिल्मी जगत में एक लंबा सफर तय किया है। 11 अक्तूबर को अमिताभ बच्चन का 79वां जन्मदिन है। इस उम्र में भी वह फिल्मी दुनिया में सक्रिय हैं। उन्होंने साल 1969 में रिलीज हुई फिल्म 'सात हिंदुस्तानी' में बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद अमिताभ बच्चन ने एक से एक हिट फिल्में दीं, जिसमें 'शोले', 'अमर अकबर एंथोनी', 'आनंद', 'जंजीर', 'अभिमान', 'दीवार', 'मुकद्दर का सिकंदर', 'शक्ति' समेत कई फिल्में शामिल हैं। इन फिल्मों की वजह से आज उन्हें बॉलीवुड का 'शहंशाह' कहा जाता है। अमिताभ बच्चन ने बॉलीवुड में अपने शानदार काम की वजह से नाम के साथ-साथ दौलत भी खूब कमाई है। लेकिन हर आम इंसान की तरह अमिताभ बच्चन ने भी अपने करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। अमिताभ बच्चन की जिंदगी में एक समय ऐसा आया था, जब लाखों-करोड़ों की प्रोपर्टी के मालिक बिग बी ने खुद को दीवालिया घोषित कर दिया था। इतना ही नहीं, कर्जदार अमिताभ बच्चन के दरवाजे तक पहुंच गए थे। 90 के दशक में अमिताभ बच्चन का करियर पीक पर था। ऐसे में उसी दौर में बिग बॉस ने अपना एक प्रोडक्शन हाउस खोला था, जिसका नाम ABCL था। लेकिन इस प्रोडक्शन हाउस में अमिताभ को भारी नुकसान झेलना पड़ा था।



# बेटी के 21वें बर्थडे पर बोल्ड अवतार में दिखीं श्वेता तिवारी

एक्ट्रेस श्वेता तिवारी सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस के बीच चर्चा में बनी रहने के लिए आए दिन दिलचस्प पोस्ट शेयर करती दिखाई दे जाती हैं। वहीं, हाल ही में श्वेता ऐसे ही कारणों से सुर्खियों में आ गई हैं। उन्होंने अपनी बेटी पलक तिवारी के 21वें जन्मदिन पर एक बेहद खास पोस्ट शेयर किया है, जो सोशल मीडिया पर चर्चा में आ गया है। इस वीडियो में श्वेता और उनकी बेटी को देखकर लोग हैरान रह गए और मां-बेटी को बहनें बताते नजर आए। दरअसल, आज श्वेता तिवारी की बेटी पलक अपना 21वां जन्मदिन सेलीब्रेट कर रही है। इस मौके पर श्वेता ने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर एक बेहद मजेदार पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में श्वेता और पलक का एक वीडियो भी है, जिसमें दोनों जमकर फनी अंदाज में डांस करती दिखाई दे रही हैं। जहां एक तरफ पलक फ्लोई बीच ड्रेस में नजर आ रही हैं। वहीं, श्वेता ग्रीन टॉप और हॉट पैंट पहने दिखाई दे रही हैं। वीडियो में श्वेता का बेटा भी नजर आ रहा है। इस वीडियो को शेयर करते हुए श्वेता ने कैप्शन में लिखा- मेरी प्रिंसेस पलक तिवारी के साथ बर्थडे डांस। ये वीडियो सोशल मीडिया पर ताबड़तोड़ वायरल हो रहा है। हर कोई दोनों की बॉन्डिंग की तारीफें करता नजर आ रहा है।



# द लास्ट ड्यूएल- रेड कार्पेट पर नजर आए बेन एफ्लेक

## जेनिफर लोपेज और मैट डेमन समेत कई सितारे

रिडले स्कॉट के निर्देशन में बनी फिल्म द लास्ट ड्यूएल भारत में 22 अक्तूबर को रिलीज होने वाली है। 20वीं सेंचुरी स्टूडियोज की चर्चित मैग्नम ओपस द लास्ट ड्यूएल का न्यूयॉर्क में कल रात एक प्रीमियर इवेंट रखा गया जिसमें हॉलीवुड के कई नामचीन सितारे नजर आए। इस दौरान मशहूर स्टार कपल बेन एफ्लेक और जेनिफर लोपेज रेड कार्पेट पर बेहद शानदार अंदाज में नजर आए। उनके साथ मैट डेमन, जोडी कॉमर की उपस्थिति ने इस शाम को और भी खास बना दिया।




प्रीमियर इवेंट में जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक ना सिर्फ सबसे खूबसूरत कपल लग रहे थे बल्कि उनके कपड़े भी बेहद शानदार थे। बेन ने काले रंग का वेलवेट सूट पहना हुआ था वहीं जेनिफर ने एब्स बारिंग आउटफिट पहना हुआ था जिसमें कॉपर रंग के क्रॉप टॉप के साथ मैचिंग स्कर्ट शामिल थी। दोनों ने एक दूसरे को गले लगाया और किस किया जिसके बाद से इस प्यारे से कपल को देखकर कई फैंस काफी भावुक हो गए। बेन और जेनिफर पहली बार वेनिस फिल्म फेस्टिवल में साथ नजर आए थे जहां दोनों ने उसी फिल्म के प्रीमियर में भाग लिया। द लास्ट ड्यूएल न्यूयॉर्क प्रीमियर के दौरान दोनों दूसरी बार साथ नजर आए जहां दोनों को एक दूसरे के लिए काफी प्यार जताते देखा गया। हाल ही में जेनिफर लोपेज ने ग्लोबल सिटिजन लाइव इवेंट में नजर आई थीं जहां एफ्लेक भी उनके साथ शामिल हुए थे। इसके बाद से ही फैंस दोनों की जोड़ी पर खूब प्यार लुटा रहे हैं। दूरदर्शी फिल्म निर्माता कहे जाने वाले रिडले स्कॉट की फिल्म द लास्ट ड्यूएल 14वीं सदी के फ्रांस की क्रूरता के खिलाफ विश्वासघात और प्रतिशोध की एक मनोरंजक कहानी है। वास्तविक घटनाओं पर आधारित ये फिल्म जीन डे कारुगेस और जैक्स ले ग्रिस के बीच फ्रांस की अंतिम स्वीकृत युद्ध के बारे में चली आ रही धारणाओं को सामने लाने का काम करती है। फिल्म में ऑस्कर विजेता मैट डेमन, दो बार अकादमी पुरस्कार के लिए नामांकित एडम ड्राइवर, एमी विजेता जोडी कॉमर और दो बारे ऑस्कर विजेता बेन एफ्लेक अहम भूमिका में नजर आएंगे। ि

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक पवन यादव ने मूलनिवासी प्रिंटिंग प्रेस, मकान नंबर 21 एंड 22, ब्लॉक आर-3/ए-3, मोहन गार्डन, नई दिल्ली -110059 से मुद्रित कर कार्यालय राष्ट्रीय प्रसार, मकान नंबर 21 एंड 22, ब्लॉक आर-3/ए-3, मोहन गार्डन, नई दिल्ली -110059 से प्रकाशित। Title Code : DELHIN28238